धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## दस करोड़ लोग मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान करने उमड़े

# महाकुंभ में भगदड़, 30 की मौत, कई घायल

### भारी भीड़ बेकाबू बेरीकेडिंग टूटने से हुआ हादसा

एजेंसी

**महाकुंभ नगर।** बुधवार को मौनी अमावस्या पर मंगलवार की देर रात से ही अप्रत्याशित भीड़ उमड़ पड़ी थी। बेरीकेडिंग टूटने की घटना के बाद मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि 60 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। हादसे के 17 घंटे बाद सरकार ने 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मरने वालों में 25 की शिनाख्त कर ली गयी है। कुछ घायलों के परिजन अपने मरीज को लेकर चले गये है जबकि 36 का इलाज स्थानीय मेडिकल कालेज में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमृत स्नान को लेकर कोई वीवीआइपी अथवा वीआइपी प्रोटोकाल नहीं था। आगामी अमृत स्नान पर्व में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं होगी। उन्होंने बताया अनुमान के अनुसार बुधवार को करीब 10 करोड़ से अधिक लोगों ने पवित्र स्नान किया। अब स्थिति नियंत्रण में है।



(शेष पेज 11 पर)

### हादसे में पलामू की एक महिला की भी मौत

**प्रयागराज** में कुंभ में हुई भगदड़ में पलामू की एक महिला की भी मौत हो गयी है। उसकी पहचान गायत्री देवी के रूप में हुई है जो पलामू के नावा बाजार थाना क्षेत्र के राजहरा गांव की रहने वाली थी। राजहरा के मुखिया चंदन कुमार ने बताया कि गायत्री देवी का बेटा सेना में प्रयागराज में ही सुरक्षाकर्मी के रूप में तैनात है। गायत्री देवी अपने पति के साथ कुंभ स्नान करने गयी थीं। मंगलवार देर रात मची भगदड़ में उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है। गायत्री देवी का शव लेकर उनके परिजन देर रात पलामू पहुंचे। पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार होगा।

### सीएम योगी ने दिया न्यायिक जांच का आदेश

**मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख**

महाकुंभ भगदड़ में मारे गये लोगों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया है। इसके साथ ही घटना की न्यायिक जांच का भी आदेश दिया है। इसके लिए समित बनेगी। यह जांच पुलिस की पड़ताल से अलग होगी। सीएम ने कहा कि पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन कर दिया गया है। पूर्व डीजी वीके गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस बीके सिंह कमेटी में शामिल हैं। मुख्य सचिव और डीजीपी को भी गुरुवार को प्रयागराज जाने का आदेश सीएम योगी ने दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम और गृह मंत्री लगातार नजर बनाये हुए हैं।

### योगी ने बताया कैसे हुआ हादसा

मुख्यमंत्री ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि बुधवार को मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान करने मंगलवार रात से ही काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गये थे। अखाड़ा मार्ग पर भारी भीड़ के कारण बैरिकेडिंग को तोड़ने और उसे तोड़कर जाने के कारण हुआ है। घटना दुखद और मर्माहत करने वाली है। उन सभी लोगों के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भी अन्य जितने भी व्यवस्थाएं हो सकती थीं, सभी को तैनात किया गया है। उसी का परिणाम है कि हादसे के कुछ देर बाद ही ग्रीन कॉरिडोर बनाकर शासन और पुलिस ने घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया। दुर्भाग्य से इस दौरान यह मौतें हुई हैं।

**चीख-पुकार मचती रही :** भगदड़ मचने के बाद हर ओर चीख पुकार मच गयी। भीड़ में लोग अपनों को तलाशते रहे। पीएम मोदी ने सीएम योगी से कई बार बात कर घटना की जानकारी ली। गृह मंत्री अमित शाह ने भी घटना की जानकारी ली और हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

## न्यूज डायरी

### कुंभ हादसे पर सीएम दुखी, कहा मन व्यथित

**रांची।** प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ लोगों की मौत पर सीएम हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि इस दुखद हादसे की खबर सुनकर मन व्यथित है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकसंतप्त तीर्थयात्री परिवारों के साथ हैं। आशा है केंद्र सरकार इस घटना की पूरी तरह से जांच करेगी।

### घरेलू कामगारों के लिए कानून बनाने का निर्देश

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को घरेलू कामगारों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए एक व्यापक कानून बनाने का बुधवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने श्रम और रोजगार मंत्रालय को संबंधित मंत्रालयों के सहयोग से ऐसे कानून की व्यवहार्यता का आकलन करने और छह महीने के भीतर अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने के लिए समिति गठित करने को कहा।

### एक अफसर की बर्खास्तगी समेत छह प्रस्तावों को मंजूरी

## उच्च शिक्षा में बेहतर करने वालों को मिलेगा सम्मान

### कैबिनेट का फैसला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 6 प्रस्ताव पारित किये गये। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन विशेष भी नियम पदाधिकारी मतियस विजय तोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गयी। साथ ही झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना की मंजूरी दी गयी। इसके तहत राज्य में उच्च शिक्षा में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों व संस्थानों को सम्मानित किया जायेगा।

**मतियस टोप्पो की बर्खास्तगी को मंजूरी :** मतियस विजय तोप्पो के खिलाफ आरोप था कि उन्होंने छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट की धारा 71 ए का उल्लंघन करते हुए 1969 के पहले की भूमि को बिना जांचे नियमित किया। 30 वर्ष के टाइम के नियम का भी उन्होंने उल्लंघन किया। श्री टोप्पो अभी निदेशक डीआरडीए हजारीबाग के पद पर कार्यरत हैं। अपर सचिव राजीव रंजन ने बताया कि हाई कोर्ट के पारित आदेश के आलोक में वाणिज्यकर विभाग के सेवानिवृत कर्मी राजकुमार की सेवा नियमित करने और अन्य वित्तीय लाभ देने का स्वीकृति दी गयी। वहीं, विजय कुमार ठाकुर की भी सेवा नियमित करने की मंजूरी दी गयी।

**शिक्षकों-छात्रों को दो लाख तक पुरस्कार :** कैबिनेट की बैठक में झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना की मंजूरी दी गयी। राज्य में उच्च शिक्षा में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों व संस्थानों को सम्मानित किया जायेगा। सरकार का मानना है की इनसे उन्हें बेहतर पहचान मिलेगी और शोध इत्यादि के लिए वे प्रोत्साहित होंगे। इसके अंतर्गत नौ प्रकार के पुरस्कार दिये जायेंगे। झारखंड राज्य शोध रत्न में छात्र वर्ग में पुरस्कार दिया जायेगा। प्रत्येक विषय में पुरस्कार देने के लिए प्रथम स्थान पाने वाले को स्वर्ण पदक व दो लाख रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाले को रजत पदक व 1,50,000 रुपये व तृतीय स्थान को कांस्य पदक व एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)

स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान एवं
द्वितीय चरण कुष्ठ रोग खोज अभियान
30 जनवरी से 14 फरवरी 2025
"एक साथ आइए हम जागरुकता बढ़ायें, गलत धारणाओं को दूर करें और सुनिश्चित करें कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति पीछे ना छुटे"
हाथ मिलाएँ, कुष्ठ मिटाएँ
कुष्ठ रोग छुआछूत का रोग नहीं है



कुष्ठ
न अभिशाप न पुश्तैनी रोग
जल्द करवायें मुफ्त
जाँच और ईलाज
PRNO 345412 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 24-25
NLEP
अधिक जानकारी हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, जिला कुष्ठ अधिकारी एवं सहिया दीदी से संपर्क करें अथवा टोल फ्री नम्बर 104 पर पर कॉल करें।
आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर- 18003456540
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24x7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

### सीएम ने सलीमा व निक्की को किया सम्मानित

## जमीन के पेपर सौंपे, घर बनाने 35 लाख मिलेगा



**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन का कागजात सौंपा। इस मौके पर सीएम ने भूखंड देने के साथ-साथ यह भी घोषणा की कि इन दोनों खिलाड़ियों को अपना आशियाना बनाने के लिए खेल नीति के तहत 35-35 लाख रुपये उपलब्ध करायेगी। राज्य सरकार ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर झारखंड की दो बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान के खेल उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राजधानी रांची में उनका अपना घर होने के सपने को आखिरकार पूरा कर दिया।

(शेष पेज 11 पर)

## चाईबासा में मुठभेड़ दो नक्सली मारे गये

### एक करोड़ के इनामी नक्सली की महिला मित्र भी मारी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चाईबासा के सोनुवा थाना क्षेत्र में बुधवार को सुरक्षाकर्मियों ने भीषण मुठभेड़ में एक महिला समेत दो नक्सलियों को मार गिराया। इसमें से एक की पहचान जोनल कमांडर संजय गंझू के रूप में हुई। वहीं, मारी गयी महिला नक्सली एक करोड़ के इनामी अनल दा की महिला मित्र बतायी जा रही है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च अभियान जारी है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार बिलाटी टोला के पास स्थित जंगल में झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और जैगुआर के जवानों की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी, जो मुठभेड़ में बदल गयी। झारखंड में नक्सलवाद के खात्मे के लिए तैयार की गयी डेडलाइन को पूरा करने के लिए झारखंड पुलिस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली मौके से कई नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। मारे गये दोनों नक्सलियों का शव बरामद कर लिया गया है। झारखंड पुलिस के आइजी अभियान अमल वी होमकर चाईबासा पहुंच गये हैं।

**इंसास लेकर घूमती थी हेमंती :** बुधवार को सुरक्षाबलों ने कुख्यात संजय गंझु और एक करोड़ के इनामी अनल दा की महिला मित्र हेमंती को मार गिराया। संजय संगठन में जोनल कमांडर और हेमंती एरिया कमांडर थी। हेमंती अनल के साथ कई वर्षों से रह रही थी।

(शेष पेज 11 पर)

**द. पू. रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या : 4552-जीआरसी-सीई-सी-एचक्यू-03-2025, दिनांक: 28.01.2025**। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/मुख्यालय/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को दोपहर 12:00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण** : दक्षिण पूर्व रेलवे निर्माण संगठन में ग्लूएड जॉइंट तथा इन-सीटू ग्लूएड जॉइंट की आपूर्ति एवं फिक्सिंग हेतु कार्यों का संपादन। **अनुमानित लागत**: रु. 8.90 करोड़। **बोली प्रतिभूति** : रु. 5,95,200। **पूरा करने की अवधि** : 36 महीने। **बंद होने की तारीख**: 20.02.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.**: अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1070)


## आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ केस चलाने के लिए राज्य सरकार को ईडी ने लिखा पत्र

रांची। झारखंड की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ केस चलाने के लिए ईडी ने राज्य सरकार को पत्र लिखा है। ईडी ने पत्र लिखकर केस चलाने के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी है। बीएनएसएस 2023 की धारा 218 में उल्लिखित है कि केस चलाने के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। जिसके कारण ईडी को किसी लोक सेवक के विरुद्ध अभियोजन शुरू करने से पहले सरकार से पूर्वानुमति लेनी होगी। मालूम हो कि बीते बीते 21 जनवरी को झारखंड सरकार ने भी पूजा सिंघल को निलंबन से मुक्त कर दिया था। इससे पहले उन्हें 7 दिसंबर 2024 के प्रभाव से निलंबन मुक्त किया गया था। 7 दिसंबर 2024 को ही पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत पर रिहा किया था।

**पूजा सिंघल को 2 साल 8 महीने बाद मिली थी राहत :** पूजा सिंघल को ईडी ने पीएमएलए 2002 की धारा-19 के तहत गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें 12 मई 2022 को निलंबित कर दिया गया था। इस तरह पूजा सिंघल करीब 2 साल 8 महीने तक निलंबित रहीं। वह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2000 बैच की अधिकारी हैं। फिलहाल झारखंड में सचिव रैंक की अफसर हैं। पूजा सिंघल को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के ठिकाने से करीब 20 करोड़ रुपए से अधिक नकद बरामद हुए थे।

# गुटखा के नाम पर सादा पान मसाला की बिक्री पर लगेगा प्रतिबंध : डॉ. इरफान

## राज्य में गुटखा और नशे का कारोबार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

- **राज्य में नशीले पदार्थों पर होगी सख्त कार्रवाई, युवा हमारी ताकत हैं, उन्हें नशे की गिरफ्त में जाने नहीं देंगे**
- **सिविल सर्जन और ड्रग इंस्पेक्टर अपनी जिम्मेदारी निभाएं, वरना होगी कार्रवाई**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के तहत आयोजित राज्य स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आपात बैठक कर राज्य में गुटखा और नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि झारखंड में सादा पान मसाला भी प्रतिबंधित किया जाएगा, क्योंकि इसके नाम पर दुकानों में खुलेआम गुटखा बेचा जा रहा है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि गुटखा और तंबाकू उत्पादों के सेवन से झारखंड के युवा शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो रहे हैं, जिससे वे गलत राह पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसी भी सूरत में यह बर्दाश्त नहीं करेगी कि राज्य का युवा नशे की गिरफ्त में जाये।

स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दवा दुकानों की तत्काल जांच शुरू की जाये, क्योंकि कई मेडिकल स्टोर्स में नशीले सिरप और स्टेरॉयड धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं, जो युवाओं को नशे की ओर धकेल रहे हैं। मंत्री ने सभी सिविल सर्जनों और ड्रग इंस्पेक्टरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की बिक्री होती पाई गई, तो वे स्वयं भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। मंत्री ने कहा कि अब जब मैं इस विभाग का मंत्री बना हूं, तो यह मेरी नैतिक और संवैधानिक ज़िम्मेदारी है कि राज्य में ऐसे अवैध कार्यों को जड़ से खत्म करूं। मैं खुद डॉक्टर हूं और मुझे भली-भांति पता है कि गुटखा और नशीले पदार्थों का हमारे युवाओं के स्वास्थ्य पर कितना घातक प्रभाव पड़ता है।

बैठक के दौरान मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी सिविल सर्जनों के पास पर्याप्त अधिकार हैं कि वे अपने-अपने जिलों में मेडिकल स्टोर्स की जांच कर नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगायें। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी दुकान में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पाई जाती है, तो तत्काल दुकान को सील कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाये। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार इस अभियान को राज्यव्यापी स्तर पर लागू करेगी और किसी भी हालत में गुटखा, नशीले पदार्थों और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक उत्पादों को बेचना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार युवाओं को नशे से बचाने के लिए और भी कड़े कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड सरकार स्वस्थ झारखंड, नशा मुक्त झारखंड के लक्ष्य को साकार करने के लिए हर संभव कड़े कदम उठाएगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्‍चित करेगी।


प्रपत्र VI 'क'

**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– 73/भू0अ0, रामगढ़, दिनांक 16/01/2025

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा बोरोबिंग, थाना नं0 121, राजस्व थाना रजरप्पा, अंचल चितरपुर जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा नया मोड़–चैनपुर–रजरप्पा (MDR-102 पर) पथ के कि0मी0 0.00 से 36.083 का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (पुलों एवं पुलियों का निर्माण कार्य सहित) वर्ष 2016–17 हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा बोरोबिंग, थाना नं0 121, राजस्व थाना रजरप्पा, अंचल चितरपुर, जिला रामगढ़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 4.73 एकड़ यानि 1.91420 हेक्टेयर मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02 | 472 | रैयती | टांड–II | 0.25 | मुखलाल चौधरी वगै0 पिता स्व0 बुधन चौधरी | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 2 | 02 | 1404 | रैयती | टांड–II | 0.075 | सघनु महतो वगै0 पिता लुटन महतो। | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 3 | 02 | 1404 | रैयती | टांड–II | 0.075 | दीनु महतो वगै0 पिता पोजा महतो। | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 4 | 02 | 1404 | रैयती | टांड–II | 0.025 | सघनु महतो वगै0 पिता लुटन महतो। | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 5 | 02 | 1404 | रैयती | टांड–II | 0.025 | जगेश्वर महतो वगै0 पिता रबकु महतो। | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 6 | 02 | 1404 | रैयती | टांड–II | 0.04 | जगेश्वर महतो वगै0 पिता रबकु महतो। | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 7 | 02 | 1404 | रैयती | टांड–II | 0.025 | जलधर मुण्डा वगै0 पिता स्व0 लुरक मुण्डा। | नीज | सीमाना | सड़क | सड़क |
| 8 | 02 | 1404 | रैयती | टांड–II | 0.025 | राज किशोर महतो पिता बिशुन महतो। | नीज | सीमाना | सड़क | सड़क |
| 9 | 02 | 1400 | रैयती | टांड–II | 0.04 | रोहीनी देवी पति भुनेश्वर महतो। | नीज | सीमाना | सड़क | सड़क |
| 10 | 02 | 1406 | रैयती | टांड–II | 0.06 | श्याम महतो पिता पोजा महतो, उदय महतो पिता चोला राम महतो। | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 11 | 02 | 1489 | रैयती | टांड–II | 0.27 | डोमन महतो वगै0 पिता गुरूचरण महतो वो अशेश्वर महतो वगै0 पिता मकुन्द महतो। | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 12 | 02 | 1568 | रैयती | टांड–II | 0.10 | डोमन महतो वगै0 पिता गुरूचरण महतो वो अशेश्वर महतो वगै0 पिता मकुन्द महतो। | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 13 | 02 | 1321 | रैयती | टांड–II | 0.08 | चुनाराम महतो वगै0 पिता स्व0 हरी महतो | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 14 | 16 | 1403 | रैयती | टांड–II | 0.02 | दीनु महतो पिता लुटन महतो। | नीज | सीमाना | सड़क | सड़क |
| 15 | 16 | 1403 | रैयती | टांड–II | 0.02 | सघनु महतो पिता लुटन महतो। | नीज | सीमाना | सड़क | सड़क |
| 16 | 16 | 1403 | रैयती | टांड–II | 0.02 | डिगेश्वर महतो पिता लुटन महतो। | नीज | सीमाना | सड़क | सड़क |
| 17 | 03 | 604 | रैयती | टांड–II | 0.08 | सुजीत महतो वगै0 पिता धनी राम महतो वो अनुप महतो वगै0 पिता भीखु महतो वो पवन कुमार वगै0 पिता राजेन्द महतो वो ओमप्रकाश कुशवाहा वगै0 पिता जगेश्वर महतो वो दिवाकर दांगी वगै0 पिता जीवन महतो। | सड़क | नीज | सड़क | सड़क |
| 18 | 06 | 1584 | रैयती | टांड–II | 0.18 | अशेश्वर महतो वगै0 वो डोमन महतो वगै0 पिता गुरूचरण महतो। | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 19 | 06 | 1595 | रैयती | टांड–II | 0.24 | कौलेश्वरी देवी पति कामेश्वर महतो वो परिबल महतो पिता हरखु महतो वो दिवाली महतो वगै0 पिता स्व0 नारायण महतो, सनाउल्लाह वगै पिता अब्दुल अहद। | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 20 | 08 | 1426 | रैयती | टांड–II | 0.15 | त्रिवेणी महतो वगै0 पिता रामचरण वो दीनु महतो वगै0 पिता पोजा महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 21 | 02 | 1505 | रैयती | टांड–II | 0.12 | दयानन्द मुण्डा वगै0 पिता दउवा मुण्डा | सड़क | नीज | सड़क | सड़क |
| 22 | 16 | 1513 | रैयती | टांड–II | 0.12 | जलधर मुण्डा पिता लुरका मुण्डा वो केदार महतो वगै0 पिता धनेश्वर मुण्डा | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 23 | 16 | 1514 | रैयती | टांड–II | 0.04 | केदार महतो वगै0 पिता धनेश्वर महतो वो ब्रजकिशोर महतो वगै0 पिता चमन महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 24 | 16 | 1503 | रैयती | परती कदीम | 0.06 | गनसु करमाली वगै0 पिता शंकर करमाली | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 25 | 22 | 1485 | रैयती | परती गड़हा | 0.16 | विजय महतो वगै0 पिता फिरंगी महतो वो सिधेश्वर महतो वगै0 पिता बरतु महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 26 | 22 | 1483 | रैयती | परती कदीम | 0.18 | ब्रजकिशोर महतो वगै0 पिता चमन महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 27 | 22 | 1474 | रैयती | परती कदीम | 0.06 | सिधेश्वर महतो वगै0 पिता बरतु महतो | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 28 | 22 | 1473 | रैयती | धान–I | 0.01 | सिधेश्वर महतो वगै0 पिता बरतु महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 29 | 22 | 1470 | रैयती | धान–I | 0.01 | जदु चरण महतो वगै0 पिता पोजा महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 30 | 22 | 1475 | रैयती | धान–I | 0.01 | छत्रु महतो वगै0 पिता झमन महतो | सड़क | नीज | सड़क | सड़क |
| 31 | 22 | 1476 | रैयती | धान–I | 0.03 | ब्रजकिशोर महतो वगै0 पिता चमन महतो | सड़क | नीज | नीज | सड़क |
| 32 | 22 | 1477 | रैयती | धान–I | 0.03 | ब्रजकिशोर महतो वगै0 पिता चमन महतो | सड़क | नीज | सड़क | सड़क |
| 33 | 25 | 1317 | रैयती | धान–I | 0.02 | मुखलाल चौधरी वगै0 पिता बुधन चौधरी | नीज | सड़क | सड़क | सड़क |
| 34 | 27 | 04 | रैयती | टांड–III | 0.08 | रामलगन बेदिया वगै0 पिता स्व0 गुजर बेदिया | नीज | सड़क | नीज | सड़क |
| 35 | 27 | 67 | रैयती | टांड–III | 0.18 | रामलगन बेदिया वगै0 पिता स्व0 गुजर बेदिया | सड़क | सड़क | बाउन्ड्री | नीज |
| 36 | 27 | 203 | रैयती | टांड–III | 0.03 | लक्ष्मण महतो वगै0 पिता जलधर महतो | नीज | सड़क | नीज | सड़क |
| 37 | 27 | 192 | रैयती | टांड–III | 0.13 | शिवनाथ चौधरी वगै0 पिता ललकु चौधरी | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 38 | 27 | 188 | रैयती | टांड–III | 0.19 | शिवनाथ चौधरी वगै0 पिता ललकु चौधरी | सड़क | सड़क | नीज | नीज |
| 39 | 27 | 625 | रैयती | टांड–III | 0.15 | झलु महतो वगै0 पिता स्व0 धनेश्वर महतो | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 40 | 30 | 631 | रैयती | टांड–II | 0.16 | प्रभु महतो पिता घुडु महतो वो मो0 कलावती देवी पति स्व0 तुलेश्वर महतो वो दुखन महतो पिता रिचक महतो वो विजय महतो वगै0 पिता फिरंगी महतो | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 41 | 33 | 1318 | रैयती | धान–I | 0.02 | चुरामन महतो वगै0 पिता हरि महतो | नीज | सड़क | सड़क | सड़क |
| 42 | 34 | 201 | रैयती | टांड–III | 0.15 | राजेन्द्र बेदिया वगै0 पिता बलिया बेदिया | सड़क | सड़क | नीज | नीज |
| 43 | 38 | 185 | रैयती | टांड–III | 0.18 | चरकु बेदिया वगै0 पिता नेपाल बेदिया | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 44 | 39 | 639 | रैयती | टांड–II | 0.08 | डेगन महतो वगै0 पिता सरजु महतो | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 45 | 40 | 189 | रैयती | टांड–II | 0.11 | शिवनाथ चौधरी वगै0 पिता स्व0 ललकु चौधरी | सड़क | सड़क | नीज | नीज |
| 46 | 40 | 03 | रैयती | टांड–III | 0.18 | फुलचन्द बेदिया वगै0 पिता स्व0 तेजु बेदिया | सड़क | सड़क | नीज | नीज |
| 47 | 40 | 71 | रैयती | टांड–III | 0.07 | रघु बेदिया वगै0 पिता फथो बेदिया | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 48 | 41 | 1581 | रैयती | टांड–II | 0.16 | आतिश कुमार वगै0 पिता स्व0 डेगन महतो | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 49 | 45 | 624 | रैयती | टांड–III | 0.06 | अशोक करमाली वगै0 पिता राज कुमार करमाली वो जगु बेदिया वगै0 पिता केतर बेदिया | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 50 | 45 | 592 | रैयती | टांड–III | 0.07 | गोविन्द राम दांगी वगै0 पिता स्व0 महाबीर महतो वो जवहार बेदिया वगै0 पिता स्व0 घोरटा बेदिया | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 51 | 46 | 593 | रैयती | टांड–II | 0.03 | दिवाकर महतो वगै0 पिता स्व0 जीवन महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 52 | 46 | 599 | रैयती | टांड–II | 0.02 | ओमप्रकाश कुशवाहा वगै0 पिता जगेश्वर महतो | नीज | सड़क | नीज | सड़क |
| 53 | 51 | 1507 | रैयती | बांध | 0.01 | मेघा करमाली वगै0 पिता स्व0 फुलु करमाली | नीज | सड़क | नीज | सड़क |
| 54 | 01 | 622 | रैयती | टांड–I | 0.02 | बालदेव महतो पिता बुधन महतो वो मन्टु महतो पिता कामेश्वर महतो वो दीपक कुमार पिता मनप महतो | नीज | सड़क | नीज | सड़क |
| | | | | कुल रकबा | 4.73 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ और संबंधित राजस्व कर्मचारी, चितरपुर अंचल को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्दर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– कानूनगो, रामगढ़। ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। ह0/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR 345350 Land Reforms (24-25)_D


## कुंभ में मची भगदड़ से दीपक प्रकाश दुःखी

**रांची।** मौनी अमावस्या के दिन कुम्भ मेले में मची भगदड़ में हुई मौत पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उस परिवार के इस दुख की घड़ी में मेरी पूरी सहानुभूति है।


**शपथ पत्र**

मैं योगेश कुमार तिवारी पिता स्व. श्री कैलाशपति तिवारी ग्राम कुंदरहे थाना बरडीहा जिला गढ़वा, झारखंड शपथ पूर्वक यह बयान दर्ज करता हूं कि आधारकार्ड संख्या- 248006054962 में मेरे पुत्र का नाम रामकृष्ण तिवारी दर्ज है, जो गलत है। मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम रमन किशन तिवारी है।

शपथ पत्र संख्य- 173

दिनांक- 27.10.2025

**AFFIDAVIT**

I Vishal Jaiswal S/o Late Raj Kumar Jaiswal, R/o; C/o-Ramlakhan Bhagat, (Maternal grandfather), Vill-Nauj, P.S.-Burmu, Distt-Ranchi, State-Jharkhand declared vide affidavit no.-1266 dated 28.01.2025 executed before Notary, Public, Ranchi that my name has been written as Raj Verma S/o Pradeep Verma (Step father) R/o- Vill-Sahupara, Rajeev Gandhi Ward, Fafadih, Near Shitla Mandir, Fafadih, Raipur, Chhatisgarh, Pin code-492009 and my date of birth is incorrectly mention as 17.09.2005 in my adhar card no. 2876 3301 5607 & Pan card no.-CRYPV3254N as well as some education certificate etc. My Correct name is Vishal Jaiswal S/o Late Raj Kumar Jaiswal (biological father) correct date of birth is 17.09.2001 and now I shall be known as Vishal Jaiswal S/o Late Raj Kumar Jaiswal and my D.O.B. shall be 17.09.2001 and for this fact such publication as per statutory requirement and from today I will do my all work and signature from above my correct name Vishal Jaiswal.

**शपथ पत्र**

मैं विशाल जायसवाल पिता स्व० राज कुमार जयसवाल, निवासी C/o- रामलखन भगत (नाना), ग्राम-नाउज, थाना-बुढ़मू जिला राँची, राज्य-झारखण्ड घोषणा करता हूँ कि शपथपत्र सं0 1266 दिनांक 28.01.2025 नोटरी पब्लिक राँची के समक्ष मैंने निष्पादित किया है और घोषणा किया है कि मेरा नाम राज वर्मा पिता प्रदीप वर्मा (सौतेला बाप) जन्म तिथि 17.09.2005 सा०-साहुपारा, राजीव गाँधी वार्ड, फाफाडीह, शीतला मंदिर के निकट, फाफाडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़-492009 मेरे आधार कार्ड नं0- 2876 3301 5607 पेन कार्ड नं०- CRYPV3254N एवं कुछ शैक्षणिक प्रमाण पत्र इत्यादि में दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम पता एवं जन्म तिथि इस प्रकार है विशाल जयसवल पिता स्व० राम कुमार जायसवाल (जैविक पिता) जन्म तिथि 17.09.2001 है और मैं आज की तिथि से उक्त विशाल जायसवाल पिता स्व० राज कुमार जायसवाल जन्म तिथि 17.09. 2001 निवासी C/o- रामलखन भगत (नाना), ग्राम-नाउज, थाना-बुढ़मू, जिला-राँची, राज्य-झारखण्ड के नाम से जाना जाऊँगा। मैं आगे से अपना सारा कार्य इसी नाम एवं हस्ताक्षर से करूंगा।


### नेपाल हाउस में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ कृषि मंत्री की बैठक, कहा

# झारखंड में निमार्णाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज का कार्य समय पर हो पूरा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग से जुड़े भवनों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर जोर देने का निर्देश दिया है। नेपाल हाउस में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में निमार्णाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज का कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण करने को कहा है। बैठक के दौरान इस बात पर जोर दिया गया की नये भवन के निर्माण कार्य के साथ-साथ पहले से बन कर तैयार भवन का भी रख रखाव जरूरी है। खासकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जुड़े लैंप-पैक्स के लिए ये निर्देश ज्यादा जरूरी है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कृषि उत्पाद के स्टोरेज से जुड़े भवनों का निर्माण कार्य तय समय सीमा के अंदर होनी चाहिये। राज्य में जर्जर लैंप-पैक्स के स्थान पर नये भवन का निर्माण समय की आवश्यकता है। राज्य में निमार्णाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज के साथ-साथ छोटे कोल्ड स्टोरेज की भी समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रयाप्त संख्या में कोल्ड स्टोरेज नहीं होने से कृषि उत्पाद , फल , सब्जी के रख रखाव में किसानों को परेशानी हो रही है। ऐसे कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के क्रम में गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा जोर देने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस बार मौसम अनुकूल रहने की वजह से धान की अच्छी पैदावार हुई है। मोटा अनाज और दलहन की भी पैदावार पहले की तुलना में बेहतर है। किसानों को समय पर बीज वितरण के लिए राज्य में स्टोरेज की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिये। इसके लिए विभाग को भवन की जरूरत है और भवन निर्माण विभाग को इसके लिए समय सीमा के अंदर भवन उपलब्ध कराना होगा। बैठक में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्धिख, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल और दूसरे विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार प्रतिबद्धः चमरा

## जनजातीय चित्रकार शिविर का कल्याण मंत्री ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुधवार को डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान परिसर, मोराबादी में राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन किया। चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार झारखंड की जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की जनजातीय कला और संस्कृति को संजोने और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर में झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रांकन किया जाएगा। शिविर के अंत में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सरकार जनजातीय कलाकारों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

**चित्रकार शिविर का क्या है उद्देश्य :** इस शिविर का मुख्य उद्देश्य झारखंड की वीरभूमि से जुड़े जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, नीलांबर-पीतांबर सहित अन्य अमर योद्धाओं के संघर्ष और योगदान को चित्रों के माध्यम से जीवंत करना है।

**चित्रकला की विभिन्न शैलियों का प्रयोग :** इस शिविर में झारखंड के कोने-कोने से आए वरिष्ठ एवं युवा जनजातीय चित्रकार हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी कलाकार अपने चित्रों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की गाथाओं को जीवंत रूप देंगे। चित्रकला की विभिन्न शैलियों, जैसे सोहराई, कोहबर, पिठौरा, गोंड, वारली और अन्य जनजातीय कला रूपों का प्रयोग किया जाएगा।

**चित्रों की लगाई जाएगी विशेष प्रदर्शनी :** शिविर के अंत में सभी चित्रों को एक विशेष प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें झारखंड के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 10 फरवरी को सुनवाई

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 10 फरवरी को सुनवाई होगी। इरफान अंसारी ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से पक्ष रखने के लिए समय की मांग की गई, जिसके बाद अदालत ने सुनवाई के लिए दस फरवरी की तिथि निर्धारित की। वर्ष 2018 में छेड़छाड़ की शिकार की एक बच्ची की तस्वीर वायरल करने के मामले में इरफान अंसारी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। निचली अदालत ने इस मामले में संज्ञान लिया है और एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ ट्रायल चल रहा है। इरफान अंसारी ने मामला रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

# आयुष्मान भारत में फ्रॉड केस पर ध्यान दें निजी अस्पताल : अबु इमरान

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत निबंधित रांची के सभी निजी अस्पताल फ्रॉड केसेस पर ध्यान केन्द्रित करें। किसी भी हाल में ऐसे केसेस नहीं आने चाहिए। इसके साथ अस्पतालों में मिस मैनेजमेंट को भी सुधारें। यह बातें झारखंड राज्य आरोग्य सोसाईटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने बुधवार को कही। वे मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की एक कार्यशाला में बोल रहे थे। नामकुम स्थित आईपीएच ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यशाला में रांची जिले के सभी 94 निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने योजनाओं के पोर्टल को अपडेट किया है, जिस पर विस्तृत जानकारी के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला में अस्पताल के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने कहा कि वह फ्रॉड केसेस के मामले में गंभीर हैं और ऐसे मामलों की केस टू केस समीक्षा की जा रही है। कार्यकारी निदेशक ने कहा कि यदि कोई अस्पताल प्रबंधन से काम करवाने के बदले में पैसे की मांग करता है तो गुप्त सूचना दें वैसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह वक्त हेल्थ केयर में इंश्योरेंस का है और इस क्षेत्र में गंभीरता और सावधानी के साथ काम करने की जरूरत है। विदित हो कि फ्रॉड केसेस के मामले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण भी गंभीर है और बीते 17 जनवरी को एनएचए ने दिल्ली में एक कार्यशाला का आयोजन किया था।

आज की कार्यशाला में झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी के महाप्रबंधक प्रवीण मिश्र ने अपने संबोधन में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और सरकारी कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत अब 15 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध होगा। सरकारी सेवकों के लिए भी एक योजना शुरू हुई है, जिसका लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारी, बोर्ड, यूनिवर्सिटी और निगम के कर्मी भी ले सकेंगे। इस दौरान टीएमएच, एचईएम और बीआईएस पोर्टल में हुए अपडेट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ अस्पताल से संबंधित पृच्छा का भी समाधान किया गया। इस मौके पर झारखंड राज्य आरोग्य समिति के पदाधिकारी, कर्मचारी और बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं की आवाज बनेगा अबुआ अधिकार मंच: अभिषेक शुक्ला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अबुआ अधिकार मंच रांची विश्वविद्यालय इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को मोराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक शुक्ला ने की। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

मौके पर मौजूद अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक शुक्ला ने मंच में सभी साथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि 'अबुआ अधिकार मंच राज्य के छात्र-छात्राओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा और आने वाले समय में उनकी आवाज बनकर उभरेगा।'

**छात्र इकाई गठन का निर्णय :** बैठक में मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय के हर महाविद्यालय, पीजी कैंपस, बी.एड कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज में अबुआ अधिकार मंच के तहत छात्र इकाई गठन करने का निर्णय लिया गया। अभिषेक शुक्ला ने सदस्यों को कॉलेज इकाई गठन की जिम्मेदारी सौंपी, जो निम्न प्रकार से है।

**पीजी विभाग :** अभिषेक शुक्ला, मनजीत साहू, प्रियांशु शर्मा,राहुल कुमार, आकाश नयन, संदीप कुमार, लालमणि यादव।

**मारवाड़ी महाविद्यालय :** विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, अमित राणा, अमन, अमित कुमार, विशाल कुमार गुप्ता, रोशन, सफी, अनुज, मनोज, विजिस्ट राज, नीरज यादव।

**एसएस मेमोरियल कॉलेज :** प्रवीण सोरेन, राहुल कुमार। **रामलखन महाविद्यालय :** विक्रम यादव, नितेश रजक, अनमोल कुमार। **मारवाड़ी महिला महाविद्यालय :** रूफी परवीन, समीहा, ईशा गुप्ता।

**विमेंस कॉलेज रांची :** मनस्वी जायसवाल, गुंचा कमर, निष्ठा अंशु। **डोरंडा महाविद्यालय :** अभिषेक शुक्ला, प्रियांशु शर्मा, अमित। **जेएन महाविद्यालय, धुर्वा :** विशाल कुमार यादव, बिपिन कुमार यादव। **संतोष बीएड कॉलेज :** बिपिन कुमार यादव, गौरव, ऋषिकेश। **साई नाथ यूनिवर्सिटी :** अमीर हमजा। **गोस्सनर कॉलेज :** अंकित कुमार, अदनान शेख।

**भविष्य की योजनाएं**

अभिषेक शुक्ला ने कहा कि जिन महाविद्यालयों में अब तक इकाई का गठन नहीं हुआ है, वहां जल्द ही इकाइयों का गठन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रांची विश्वविद्यालय के किसी भी छात्र-छात्रा को किसी प्रकार की समस्या हो तो वे अबुआ अधिकार मंच के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। उनकी हर समस्या का समाधान करना मंच का प्राथमिक उद्देश्य है।

बैठक में मुख्य रूप से प्रतीक टोप्पो, विपिन कुमार यादव, विक्रम यादव, विशाल कुमार यादव, आकाश नयन, राहुल कुमार, निष्ठा अंशु, रूफी परवीन, मनस्वी जायसवाल, ईशा गुप्ता, माही शर्मा, विशाल कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, प्रियांशु शर्मा, लालमणि यादव, आमिर हमजा, सुमित कुमार, अंकित कुमार, नीरज, रोशन, अमित, नितेश रजक समेत सैकड़ों अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लाभुकों की बढ़ती तादाद और गड़बड़ी के कारण किस्त भुगतान में हो रही देरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अगली किस्त में दरी की वजह लाभुकों की बढ़ती तादाद, सत्यापन में देरी और गड़बड़ी भी बताई जा रही है। अगस्त 2024 में जब योजना के तहत 1000 रुपये की पहली किस्त देने की तैयारी चल रही थी, उस वक्त सत्यापन को ज्यादा तवज्जो नहीं दिया जा रहा था। इसका नतीजा यह है कि आज तरह-तरह की धांधली सामने आ रही है। वहीं, दिसंबर माह से मंईयां योजना की राशि 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति माह की गई थी। बढ़ी हुई पहली किस्त जारी करने की प्रक्रिया 26 दिसंबर से शुरू हो गई थी। 6 जनवरी 2025 को 56 लाख 61 हजार 791 लाभुकों के खाते में सीएम ने 2500 रुपये की पहली किस्त जारी की थी। तब से अब तक 10 लाख से ज्यादा नए आवेदन आ चुके हैं। व्यापक स्तर पर अयोग्य लाभुकों द्वारा लाभ लेने की वजह से भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करना सबसे बड़ी चुनौती बन गई है।

**अब ये की गई है व्यवस्था**

- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए आधार अनिवार्य कर दिया गया है।
- लाभुकों को आधार प्रमाणीकरण से गुजरना होगा।
- आधार संख्या नहीं होने पर लाभुकों को आधार नामांकन के लिए आवेदन करना होगा।
- आधार प्रमाणीकरण विफल होने पर अन्य उपाय किए जाएंगे, जैसे कि आइरिस स्कैन या चेहरे की प्रमाणीकरण सुविधा।

**फिलहाल क्या चल रही है प्रक्रिया :** विभागीय अधिकारी अपने पत्रों के माध्यम से आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता से भुगतान सुनिश्चित कराने की बात कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रखंड और शहरी क्षेत्रों के लिए अंचल कार्यालय स्तर से मंईयां योजना की लाभुकों का भौतिक सत्यापन हो रहा है। साथ ही योजना की राशि में वृद्धि और सत्यापन में देरी के कारण किस्त जारी नहीं हो पा रही है। महिला बाल विकास एवं सामाजिक विभाग के अनुसार पोर्टल अब काम करने लगा है।

## महाकुंभ में मची भगदड़ की जिम्मेवारी योगी सरकार की : नायक

**रांची।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान से पहले मची भगदड़ में हुई असंख्य हिन्दु श्रद्धालुओं की मौत का जिम्मेवार योगी की भाजपा सरकार है। ये बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने प्रेस बयान जारी कर कही।

## झारेरा के अध्यक्ष और अन्य पद रिक्त रहने पर सरकार से जवाब तलब

**रांची।** झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (झारेरा) में अध्यक्ष एवं एडजुडिकेटिंग अफसर के रिक्त पद को नहीं भरे जाने पर हाईकोर्ट ने सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। एक जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सरकार को 19 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिका में कहा गया है रेरा में छह जनवरी 2021 से अध्यक्ष का पद खाली है। यहां किसी भी व्यक्ति को कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जा रहा है। प्रभार पर इतने लंबे समय से काम नहीं कराया जा सकता। इसके अलावा एडजुडिकेटिंग अफसर का पद भी 25 नवंबर 2022 से खाली है। पदों के रिक्त रहने के कारण रेरा पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहा है। एडजुडिकेटिंग अफसर के पद रिक्त रहने से 66 मामले लंबित हैं। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी।

## आरईओ में 30 जूनियर इंजीनियरों की हुई पोस्टिंग

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग( आरइओ) में 30 जूनियर इंजीनियरों का पदस्थापन कर दिया गया है। इन जूनियर इंजीनियरों की सेवा जल संसाधान विभाग से ली गई है। ग्रामीण कार्य विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जिन जूनियर इंजीनियरों का पदस्थापन आरइओ में किया गया है। उनमें मनन कुमार को विशेष प्रमंडल देवघर, उमेश कुमार को गुमला, अमित कुमार को सरायकेला, शशिकांत उरांव को रामगढ़,अभय रंजन को लोहरदगा, दुर्गा प्रसाद महतो को रामगढ़, विक्रम को गोड्डा, कृष्णकांत कुमार को चाईबासा, विकास आदित्य को गोड्डा, प्रवीण कुमार को पलामू, अजय कुमार को गुमला, मिहिर कुमार को गोड्डा, धीरेंद्र कुमार को जमशेदपुर, राजेश भगत को रांची,मृत्युंजय महतो को गुमला, चंद्रप्रकाश को साहेबगंज, शैलेश रंजन को साहेबगंज, दावानल प्रसाद मुर्मू को जमशेदपुर, विजय कुमार सिंह को सिमडेगा, हेमंत भगत को रांची, आलोक कुमार को लोहरदगा, शकील अंसारी को दुमका, अभय कुमार को जमशेदपुर, सुनील कुमार को सरायकेला, नरेश मंडल को लातेहार, सुमित कुमार को चाईबासा, जीतेंद्र पांडेय को बोकारो और मानिकचंद मुर्मू को गिरिडीह में पदस्थापित किया गया है।

## झारखंड को जल्द मिलेगा नया सचिवालय, तैयार हो रहा डिजाइन

- जुडको नहीं, अब भवन निर्माण बनायेगा नया सचिवालय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार का नया सचिवालय बनाने की योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। यह सचिवालय धुर्वा के कुटे में नए विधानसभा भवन के पास 35 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। विभाग नये सचिवालय का डिजाइन तैयार करने पर तेजी से काम कर रहा है।

**नया सचिवालय की फैक्ट फाइल**

- इस परियोजना को वर्ष 2022 में ऑथोराइज कमिटी द्वारा मंजूरी दी गई थी।

- पहले जुडको को सचिवालय का निर्माण करना था, लेकिन अब यह जिम्मेदारी भवन निर्माण विभाग को सौंप दी गई है।

-झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद से 22 वर्षों में नए सचिवालय का निर्माण नहीं हो पाया है। वर्ष 2000 में एचईसी से किराए पर जगह लेकर सचिवालय तैयार किया गया था, लेकिन पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण विभिन्न स्थानों पर आधा दर्जन से अधिक भवनों को सचिवालय और संबंधित कार्यालय बनाया गया है।

-जुडको ने रांची स्मार्ट सिटी स्थित कन्वेंशन सेंटर की नौ एकड़ भूमि पर सचिवालय निर्माण के लिए विस्तृत कार्य योजना या डीपीआर तैयार कराया था। बाद में कन्वेंशन सेंटर को सचिवालय के लिए छोटा और अनुपयुक्त मानते हुए स्थान परिवर्तन किया गया।

## खड़गे जी हिंदू समाज से माफी मांगें : स्वामी दिव्यानंद



**रांची।** अखिल भारतीय संत समिति के उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सनातन विरोधी बयान से संपूर्ण हिंदू सनातन समाज आहत हुआ है, वैसे इन पार्टियों के लिए कोई नई बात नहीं है, हमेशा हिन्दू देवी देवता, हिन्दू समाज और हिंदुत्व के प्रति इनकी घृणा और तिरस्कार करना इनकी आदत सी बन गई है। कुंभ स्नान को लेकर जो बयान दिया है, दुर्भाग्यपूर्ण है, यदि उन्हें हिन्दू और हिंदुत्व से प्रेम नहीं भी है, तो भारत वासी होने, राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के साथ उनकी उम्र का भी अनुभव इतना होना चाहिए, कि कुंभ क्या है, इसकी महत्ता क्या है। एक सौ बीस करोड़ लोगों को अपने एक शब्द से आहत किया है, इन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

## डिस्चार्ज याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त सद्दाम हुसैन की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना आदेश 31 जनवरी को सुनायेगी। मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये सद्दाम हुसैन ने 25 जनवरी को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी। मामला आरोप गठन पर है। मामले के अन्य आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल समेत अन्य आरोपियों की डिस्चार्ज याचिका अदालत ने पूर्व में खारिज कर चुकी है।

## जैक बोर्ड परीक्षा के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

- झारखंड की सरकार शिक्षा के प्रति संवेदनशील

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जैक बोर्ड परीक्षा के तिथि के आगे बढ़ने के बयान पर पलटवार करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि भाजपा को यह मालूम होना चाहिए कि झारखंड सहित संपूर्ण राष्ट्र में सेशन अप्रैल से मार्च तक का होता है और नए सत्र में नामांकन अप्रैल में होता है, जबकि अभी जनवरी माह ही है। झारखंड की सरकार शिक्षा के प्रति इतनी संवेदनशील है कि उसने सेशन के बहुत पहले जनवरी से ही बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। विपक्ष को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है; और झारखंड के छात्रों के बारे में झूठी हमदर्दी दिखाने की भी आवश्यकता नहीं है। आलोक कुमार दूबे ने जैक बोर्ड के प्रश्न पर विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अभी जनवरी का महीना है और सेशन अप्रैल से मार्च का होता है अभी से बोर्ड परीक्षा के लिए चिंतित होना, घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें विपक्ष, झारखंड की सरकार शिक्षा के प्रति बहुत ही संवेदनशील है बहुत जल्द जैक बोर्ड परीक्षा आयोजित करेगी झारखंड की सरकार। शिक्षा मंत्री ने भी मैट्रिक एवं 12वीं की परीक्षाओं के संचालकन को लेकर स्पष्ट रूप से निर्धारित समय पर करने का ऐलान किया है।

कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह जरूर निवेदन किया है कि जैक बोर्ड के अध्यक्ष एवं जेपीएससी के अध्यक्ष का मनोनयन जल्द से जल्द किया जाए, ताकि अनिश्चितता का माहौल दूर हो सके और संस्थानें नियमाकूल एवं स्वतंत्र रुप से संचालित हो सके।

## रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल के छोटे छोटे छत्रों द्वारा बुधवार को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट मॉडलों को प्रदर्शित किया गया।

**विजेताओं के नाम :** प्री-नर्सरी की छात्रा आयरा मिशी, नर्सरी की नौसिन परवीन और प्रेप के दानिश कमर जिनको मोमेंटो, सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। आर्ट और क्राफ्ट एग्जिबीशन में कक्षा 1 और 2 के सभी प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त, 10 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात चित्रकार और शिक्षक साबिर हुसैन ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनके अंदर अद्भुत संभावनाएं हैं । स्कूल के एडमिन इंचार्ज अली जुबैरी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हर बच्चे में प्राकृतिक प्रतिभा होती है,जिसे सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। अकादमिक इंचार्ज कहकशां परवीन ने भी बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की।

## पूर्व आईपीएस पीएस नटराजन की बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट में सुनवाई आठ मार्च को

**रांची।** पूर्व आईपीएस अधिकारी पीएस नटराजन के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर हाईकोर्ट में आठ मार्च को सुनवाई होगी। बुधवार को मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। पीएस नटराजन पर लगे आरोपों के बाद सरकार ने उनके खिलाफ वर्ष 2012 में विभागीय कार्यवाही करते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने सरकार के बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दिया था। कैट के आदेश को राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि नटराजन के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगा था। लेकिन, कोर्ट ने उन्हें मामले से बरी कर दिया था।

## स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

**रांची।** रांची विवि स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग के तत्वावधान मे धुर्वा डैम में वनभोज सह शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 70 छात्र व शोधार्थियों ने भाग लिया। विभागाध्यक्ष डॉ सविता केशरी, डॉ उमेश नन्द तिवारी, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक एवं डॉ कुमारी शशि के नेतृत्व में छात्रों ने वनभोज कार्यक्रम का पूरा लुत्फ उठाया। डॉ सविता केशरी ने शैक्षणिक भ्रमण एवं वनभोज की महता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन के उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिये हम हर पल कार्यों में व्यस्त रहते हैं। जीवन में एकरसता से उबरने के लिये हमें दैनिक कार्यों से हटकर कुछ पल गुजारने चाहिये। शैक्षणिक भ्रमण एवं वनभोज हमारी इन इच्छाओं की पूर्ति करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि कुमार, प्रवीण कुमार, सोनू सपवार, अनुप गाड़ी, भूषण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बालाजी मंदिर में मौनी अमावस्या पर विशेष पूजा



**रांची।** बुधवार को तिरूपति बालाजी मंदिर में मौनी अमावस्या तिथि में मंत्रविद् साधना से सुगंधित धूप जलाकर घंटा बजाते हुये गंध, पुष्प, अक्षत, तुलसीदल इत्यादि से पंचपात्रों में गंगाजल भरकर मुद्राद्वारा शोधन करके दिक्बंधन क्रिया से दिक्पाल देवता का आशन करके फिर घंटानाद करते हुये पांचरात्र आगम विधि से तिरु आराधना शुरू हुआ। पुष्पांजलि आदि क्रिया करते हुये नक्षत्रएकुंभ और कर्पूर की वाती से क्रमानुसार पृथक-पृथक वैदिक मंत्रों का सुंदर स्वर में उच्चारण करते हुये महाआरती हुयी। खीर फल और मेवा का बाल भोग लगा । दोपहर और रात्रि राजभोग में नौ प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया। इसके बाद तदियाराधान. गुरुपरंपरा, गोष्ठी, तीर्थ और शठारी के बाद मासिक कुंकुम अर्चना मासिक पुष्प अर्चना का महा संकल्प करके अर्चना और आरती की गयी। फिर आम श्रद्धालु भक्तों के दर्शन पूजा के लिए मंदिर के बाहरी कपाट को खोल दिया गया । श्रद्धालु भक्त गोविंदा के जय घोष के साथ मंदिर में प्रवेश किया। सभी अपने-अपने नाम और गोत्र से संकल्प कराकर पूजा अर्चना कराया।

## विश्वम्भर फाउंडेशन का हिंदू पंचांग विक्रम संवत 2081-82 कैलेंडर का लोकार्पण

**रांची।** विश्वम्भर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा बुधवार को 'हिंदू पंचांग विमोचन सह स्नेहिल मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और हटिया विधायक नवीन जायसवाल मुख्य अतिथि थे। सांसद व विधायक के साथ प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अजय झा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक के साथ अजय कुमार, जनता दल यूनाइटेड के धर्मेंद्र तिवारी, राजनीतिक सलाहकार अयोध्यानाथ मिश्र, साहित्यकार सियाराम झा सरस, लहरी त्रैमासिक के संपादक नरेंद्र झा, संचालन विवेकानंद झा 'मुन्नू जी', कन्हैया मिश्रा, बाबू लाल झा, कौशल झा, महिला समिति सदस्य एवं भाजपा नेत्री कुमुद झा के साथ-साथ सुप्रसिद्ध मैथिली गायक अवनीन्द्र नाथ ठाकुर भी उपस्थित थे। आरुणी साण्डिल्य के स्वागत गीत और राम धुन से अतिथिगण और श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। फाउंडेशन के सदस्य एवं अभिभावक अमर नाथ झा ने स्वागत भाषण दिया। स्वागत के बाद हिन्दू पंचांग विक्रम संवत - 2081 - 82 का लोकार्पण किया गया। इस कैलेंडर में मिथिला के त्योहारों, व्रतों आदि के बारे में विशेष जानकारी दी गई है। इस मौके पर मैथिली और हिंदी साहित्य की कवयित्री प्रीता झा 'पृशा' के मैथिली कविता संग्रह 'आँजुर ' का विमोचन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने राइफल शूटिंग के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए श्रृष्टि प्रिया को 'विश्वम्भर मेधा सम्मान-2025' प्रदान किया। अयोध्यानाथ मिश्र ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन किशोर झा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन के सचिव नवीन कुमार झा, राजेश झा, अमरनाथ झा, अभिलाष चौधरी, किशोर झा, कुंदन सिंह और इंद्रजीत यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कांके समेत आसपास इलाके में आज से 5 दिन सात घंटे बाधित रहेगी बिजली

**रांची।** गुरुवार से लेकर चार फरवरी तक कांके समेत आसपास के इलाकों में सात घंटे तक बाधित बिजली आपूर्ति होगी। क्योंकि, इस अवधि में 220 केवी, 132 केवी, 33 केवी ग्रिड सब स्टेशन, बुढ़मू से निकलने वाली 220 केवी द्विपथ बुढ़मू-कटिया लाइन का कार्य होगा। इसके कारण बुढ़मू और कांके सब स्टेशन से निकलने वाली 33 केवी सभी फीडरों में 10-15 मेगावाट तक आंशिक बिजली आपूर्ति होगी। इसके अलावा पतरातू क्षेत्र में पड़ने वाले 11 केवी कटिया व एग्रीकल्चर फीडर 30 जनवरी से चार फरवरी तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्र : कांके, पतरातू, बोड़िया, बुढ़मू, पिठोरिया सहित बड़ा ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

## एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने पिकलबॉल टूर्नामेंट का किया आयोजन

**रांची।** एचसीजी ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर सर्वाइवर्स और उनके परिवारों के लिए पिकलबॉल टूर्नामेट का आयोजन किया। इस वर्ष की वैश्विक थीम यूनाइटेड बाय यूनिक के तहत, इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर सर्वाइवर्स की हिम्मत, सहनशक्ति और उनकी अनोखी यात्रा को सम्मान देना था, साथ ही खेल के माध्यम से एकजुटता की भावना को बढ़ावा देना था। इस टूर्नामेंट ने सर्वाइवर्स को एक-दूसरे से जुड़ने, दोस्ताना मुकाबले में हिस्सा लेने और अपने साहस का जश्न मनाने का अवसर दिया। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची के मुख्य परिचालन अधिकारी सौरभ कांति मंडल उपस्थित रहे।

# टाटीसिलवे में 15 से 22 फरवरी तक चलेगा श्रीमद् भागवत कथा

- 14 को कलश यात्रा में शामिल होंगी 2100 महिलाएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में 15 से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाना है। प्रख्यात कथा वाचक इंद्रेश जी उपाध्याय 8 दिन तक भागवत प्रेमियों को कथा का रसपान कराएंगे। भागवत के सभी प्रसंगों का उल्लेख कर श्रद्धालुओं का आनंदित करेंगे। बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर आयोजन समिति के कार्यालय में प्रेसवार्ता कर जानकारी दी गई। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष रासेश्वर मिश्रा ने बताया कि इस क्षेत्र के लोगों में शिक्षा संस्कार सांस्कृतिक, वैचारिक एवं आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण संवर्धन और धार्मिक चेतना को जागृत करने के उ?देश्य से 8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ईईएफ मैदान में किया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य इन्द्रेश जी उपाध्याय (वृंदावन) के श्रीमुख से भागवत कथा का प्रेम रस प्रवाहित होगा। कथा आरंभ के एक दिन पूर्व 14 फरवरी को भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाला जाएगा। जिसमें 2100 महिलाएं शामिल होंगी। कलश यात्रियों को कलश, नारियल, पानी का बोतल एवं फलाहार समिति द्वारा दिया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक चलेगा। आयोजन के मुख्य संरक्षक सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य डॉ. प्रदीप वर्मा, संरक्षक खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय और पूर्व मंत्री सुदेश महतो हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अध्यक्ष रासेश्वर नाथ मिश्रा, सचिव मनोरंजन मिश्रा, कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, सदस्य राजेंद्र प्रमाणिक, त्रिपुरेश्वर मिश्रा, ब्रजेश मिश्रा, शंकर प्रसाद, गोविंद महतो, शैलेश मिश्रा, राजू पाठक, आयुष मिश्रा शामिल थे।

**14 फरवरी को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा, 7 खंडों में शामिल होंगी 300-300 महिलाएं :** कलश यात्रा 14 फरवरी को निकाला जाएगा। यह कथा स्थल ईईएफ मैदान से निकलकर स्वर्णरिखा तट तक पहुंचेगी। इसके बाद गायत्री मंदिर से होते हुए टाटीसिलवे बाजार से वापस कथा स्थल लौटेगी। यह यात्रा करीब 3 किलोमीटर का होगा। सचिव मनोरंजन मिश्रा ने बताया कि कलश यात्रा में 2100 महिलाएं शामिल होंगी। इन्हें 7 खंडों में बांटा गया है। इसमें बांके बिहारी खंड, राधा वल्लभ खंड, राधा रमण खंड, युगल किशोर खंड, राधा गोपीनाथ खंड, मदन मोहन खंड और गोविन्द देव खंड शामिल है। सभी खंडों में 300-300 महिलाएं शामिल रहेंगी।

**8000 भागवत प्रेमी पंडाल में बैठकर सुन सकेंगे कथा, यूट्यूब में भी लाइव प्रसारण**

भागवत कथा के लिए पंडाल 30000 वर्ग फीट में बनाया जा रहा है। इसमें करीब 8000 लोगों के बैठकर कथा सुनने की व्यवस्था की जा रही है। पंडाल परिसर में पेयजल, चरण पादुका सेवा, शौचालय आदि की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा पूजा पंडाल के अंदर ही अस्थाई भव्य मंदिर का भी निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल परिसर में 10 धार्मिक सामानों के स्टॉल की व्यवस्था होगी। कथा परिसर में निश्शुल्क कार-बाइक पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। जिसमें सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। प्रतिदिन कथा विराम के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा परिसर में कुल 6 एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे। इसके अलावा भक्तिपाठ यूट्यूब चैनल में कथा का लाइव प्रसारण भी होगा। पंडाल के बाहर मेडिकल सेवा में स्वास्थ्यकर्मियों के अलावा एंबुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

## नीरजा सहाय में मनी लाला लाजपत राय की जयंती



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। लाला लाजपत राय की जीवनी पर अंग्रेजी में स्पीच वेदिका चौधरी द्वारा दिया गया तथा हिंदी में स्पीच आयशा के द्वारा और कविता अनम रिजवान के द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चे अपने स्पीच में लाला लाजपत राय की जीवनी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि लाला लाजपत राय भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे, इन्हें पंजाब केसरी भी कहा जाता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरम दल के प्रमुख नेताओं में से एक थे लाल जी साइमन कमीशन के विरोध में उन्होंने अपनी प्राणों की आहुति दी। पंजाब नेशनल बैंक और लक्ष्मी बीमा कंपनी की नीव उन्होंने रखी थी। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 ई. में हुआ था तथा मृत्यु 17 नवंबर 1928 को हुई थी। मौके पर प्राचार्या ने लाला लाजपत राय के विचारों से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने कहा जीवन में जोखिम रहित जैसा कुछ नहीं है, हमें अपने अधिकारों के लिए भी जोखिम उठाना पड़ता है, दूसरों की वजह खुद पर विश्वास रखो, फिर देखना आप अपने ही प्रयत्नों से कामयाब हो सकते हैं। नेता वह है जिसका नेतृत्व प्रभावशाली हो जो अपने अनुयायियों से सदैव आगे रहता हो, जो साहसी और निर्भीक हो। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका नेहा गुरुन द्वारा दिया गया मंच संचालन का भार स्नेहा सिंह द्वारा निभाया गया।

'जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के बीच अंतर्संबंध और विशेषताएं' विषय पर व्याख्यान में डॉ टीके शांडिल्य ने कहा

# भारत की विविधता में ही उसकी मौलिकता निहित है

- डीएसपीएमयू और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान आयोजित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) सभागार में बुधवार को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के बीच अंतर्संबंध और विशेषताएं, विषय पर एक व्याख्यान सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के संयुक्त सौजन्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने भारतीय जनजातियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भारत की जनजातीय मुख्य तौर पर समग्रता में भौगोलिक दृष्टिकोण से मध्य प्रदेश, असम, केरल और बिहार, झारखंड के क्षेत्रों में निवास करती है। उन्होंने कहा कि यह भारत की विशेषता है कि इन जातीय विभिन्नताओं के बावजूद इनके मौलिक स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं आया है। उन्होंने अपने संबोधन में कुछ महत्वपूर्ण आंकड़ों की चर्चा करते हुए बताया कि भारत में करीब 216 जनजातीय समूह है और यह देश की कुल जनसंख्या का 8 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की अधिक है कि लुप्त प्रायः जनजातियों की खोज और उनपर शोध कार्य किया जाए। मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित रांची विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ एच एन सिंह ने झारखंड में तीन भाषा परिवारों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑस्ट्रिक, द्रविड़ और आर्य भाषा है। उन्होंने कहा कि चलना ही नृत्य है और बोलना ही गीत है। उन्होंने कहा कि जिस भाषा में जितनी अधिक ग्रहण शक्ति होती है वह भाषा उतनी ही अधिक उन्नत होती है।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टीएन साहू ने कहा कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के आधार एक ही है। उन्होंने भी विस्तार से जनजातीय समुदाय का वर्णन किया। कार्यक्रम के समन्वयक डीएसपीएमयू के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के डॉ बिनोद कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश और अपना व्याख्यान दिया। मौके पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, रांची के क्षेत्रीय निदेशक डॉ कुमार संजय झा, डॉ जिंदर सिंह मुंडा सहित सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

## राज्य सरकार का युवाओं और रोजगार पर फोकस 21.54 लाख विद्यार्थियों को मिली छात्रवृति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने युवाओं और रोजगार पर फोकस किया है। सीएम हेमंत सोरेन ने बजट पूर्व संगोष्ठी में भी युवाओं के साथ रोजगार सृजन को बजट में प्राथमिकता देने की बात कही है। राज्य सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 36 लाख विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृति प्रदान की। इस पर सरकार ने 1415 करोड़ रुपए की राशि निर्गत की। चालू वित्तीय वर्ष 2025-25 में 21.54 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृति दे चुकी है। इस पर 442 करोड़ रुपए निर्गत किए जा चुके हैं।

**4.71 लाख विद्यार्थियों को मिल चुका है साइकिल :** सरकार अब तक 4.71 लाख विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण कर चुकी है। साइकिल का वितरण वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच किया गया। इस योजना के तहत वर्ग आठ में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को साइकिल दी जा रही है।

**रोजगार सृजन के लिए 438 करोड़ का ऋण :** राज्य सरकार ने रोजगार सृजन के लिए 438 करोड़ का ऋण वितरित कर चुकी है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 7625 आवेदन स्वीकृत किए गए। मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत लगभग 4 लाख 84 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया गया। 2 लाख 14 हजार प्रशिक्षित युवाओं को जॉब ऑफर प्राप्त हुए।

**714 लाख मानव दिवस का सृजन :** मनरेगा के तहत 714 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया। 2430 करोड़ रुपये की राशि का व्यय किया गया। मानव दिवस सृजन में महिलाओं की भागीदारी 48 प्रतिशत है। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगभग 29 हजार एकड़ भूमि पर बागवानी का कार्य किया जा रहा है। 32 हजार से अधिक परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## कलकत्ता पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी के परिसर में बुधवार को वार्षिक खेल सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई विशिष्ट अधिकारीगण तथा राष्ट्रीय स्तर के सम्मानित खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में चंदन झा, आईपीएसद्धए डीआईजी, एसआईबी, विशेष शाखा, रांची, सम्मानित अतिथि शिवम कुमार, सहायक कमांडेंट, सशस्त्र सीमा बल, एसएसबी, राष्ट्रपति वीरता पदक (पीएमजी) पुरस्कार विजेता, ग्वालदम, उत्तराखंड, विशेष अतिथि निक्की प्रधान, ओलंपियन, भारतीय हॉकी टीम की खिलाड़ी, रांची, झारखंड, विशेष अतिथि एमआर मनोहर टोपनो (ओलंपियन) पूर्व भारतीय हॉकी टीम खिलाड़ी, विशेष अतिथि शशि शेखर (पर्वतारोही) अमेरिका के सबसे ऊंचे शिखर पर पहुंचने वाले 7वें 8000 मीटर से अधिक ऊंचे एवरेस्ट पर चढ़ने का प्रयास करने वाले झारखंड के पर्वतारोही उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत गीत पर भाव नृत्य के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए संस्थान के वाईस चेयरमैन प्रभाष कुमार झा ने विद्यार्थी जीवन में पठन पाठन और खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों के सम्मान में अपना वक्तव्य दिया।

उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि चन्दन झा आज भी छुट्टी के दिन 11वीं और 12वीं वर्ग के छात्रों को फिजिक्स एवं मैथ्स पढ़ाकर आईआईटी एवं नीट के लिए तैयार कराते हैं, और कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी को भी भरोसा दिलाया है कि वे यहां छात्रों के उत्साह वर्धन हेतु अवकाश के दिन आएंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के वाईस चेयरमैन श्री प्रभास कुमार झा, प्रिंसिपल श्रीमती प्रियमदा झा, रेक्टर श्री मिथिलेश कुमार मिश्रा, सभी अभिभावक, शिक्षक एवं कर्मचारी, तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे.

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति का प्रतीक : राज्यपाल

- रांची विवि में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह आयोजित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को रांची यूनिवर्सिटी के पीजी हिस्ट्री डिपार्टमेंट और राष्ट्र सेविका समिति के संयुक्त तत्वावधान में आर्यभट सभागार में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक थीं। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन न केवल प्रशासनिक दक्षता, बल्कि परोपकार और नारी सशक्तीकरण का भी सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने शिक्षा, कला, संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए अनुकरणीय कार्य किए।

**आत्मनिर्भर भारत की प्रेरणा :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि जब हम आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की ओर अग्रसर हैं, तब अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों के योगदान से हमें नई प्रेरणा मिलती है। लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन न केवल प्रशासनिक दक्षता, बल्कि परोपकार और नारी सशक्तीकरण का भी सर्वोत्तम उदाहरण है।

**लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का ऐतिहासिक योगदान :** राज्यपाल ने काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब हम आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की ओर अग्रसर हैं, तब अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों के योगदान से हमें नई प्रेरणा मिलती है।

### खबर एक नजर में

## पेरेंट्स एसो ने प्रोविजनल एडमिशन का किया विरोध

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने विभिन्न स्कूलों द्वारा मैट्रिक परीक्षा से पहले प्रोविजनल एडमिशन के नाम पर बच्चों पर दबाव बनाने के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि प्रोविजनल एडमिशन बच्चों के लिए मानसिक दबाव का कारण बन रहा है, और इसका विरोध किया जाना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है और उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना जरूरी है, ताकि वे निर्भीक होकर अपनी पढ़ाई कर सकें।

## सिरमटोली फ्लाईओवर में केबल ब्रिज का काम पूरा

**रांची।** सिरमटोली फ्लाईओवर का रेलवे एरिया में काम लगभग पूरा हो गया है। राजेंद्र चौक डोरंडा और पटेल चौक की ओर से केबल स्टे ब्रिज झुलाने का काम पूरा कर लिया गया है। अब बस दोनों ओर से इसे जोड़ने का काम बाकी है। करीब छह मीटर इसे जोड़ा जायेगा, ताकि पटेल चौक और राजेंद्र चौक तक ब्रिज आपस में जुड़ जायेगा। इंजीनियरों ने बताया कि रेलवे की ओर से अगला ब्लॉक मिलते ही यह काम पूरा कर दिया जायेगा। इसके बाद आसानी से मेकॉन की ओर से पटेल चौक तक आना-जाना हो सकेगा। इंजीनियरों का कहना है कि यह प्रयास हो रहा है कि मार्च तक इस योजना को पूरा करा दिया जाये।

## मनोविज्ञान विभाग में स्पेशल लेक्चर का आयोजन



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में चल रहे पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग (पीजीडीजीसी) में स्पेशल लेक्चर का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में एम.ए. काउंसलिंग मनोविज्ञान तथा एम.ए. मनोविज्ञान के विद्यार्थी ने भाग लिया। केंद्रीय विश्वविद्यालय साउथ विहार बोधगया के डिपार्टमेंटल ऑफ साइकोलॉजिकल साइंसेज के प्रो. (डॉ.) धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अपने विचार रखे। इस मौके पर विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग के डॉ. परवेज हसन मौजूद थे।

## भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में कोल इंडिया का नाम शामिल

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड को भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में शामिल होने का गौरव हासिल हुआ है। नामचीन संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा 2025 में विनिर्माण क्षेत्र की 347 संस्थाओं की कार्यपद्धि के व्यापक सर्वे के पश्चात कोल इंडिया लिमिटेड को इस सम्मान से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता अपने कर्मियों के लिए एक सहायक और सशक्त वातावरण प्रदान करते हुए विश्वास, गर्व और सौहार्द की संस्कृति को विकसित करने की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। मालूम हो कि एक समावेशी और टिकाऊ संगठन बनाने की प्रतिबद्धता के लिए कोल इंडिया को पहले ही ग्रेट प्लेस टू वर्क की मान्यता मिल चुकी है। कोल इंडिया, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न कंपनी है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में कोल इंडिया भारत की 80 प्रतिशत से अधिक घरेलू कोयला मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता को मजबूती से आगे बढ़ाते हुए, कोल इंडिया भारत के ऊर्जा क्षेत्र और आर्थिक विकास में एक अग्रणी संस्थान की भूमिका निभा रहा है।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव से मिला ओबीसी मोर्चा, सौंपा ज्ञापन



**रांची।** उच्च न्यायालय झारखंड के निर्देश पर शहरी नगर निकाय क्षेत्र में ओबीसी के आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट हो रही है। इसमें कई अनियमित उजागर हो रही है। इस कारण ट्रिपल टेस्ट का डाटा सही प्राप्त नहीं हो सकेगा। उक्त आशय का एक मांग पत्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उक्त आशा की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि शहरी नगर निकाय के चुनाव में आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट के लिए सर्वेक्षण करने वाले कर्मी घर घर जाकर सर्वेक्षण न कर मोबाइल से कॉल कर कर रहे हैं। इसमें सिर्फ उनकी जाति पूछी जा रही ह। कोई काउंटर क्वे>न नहीं हो रही है। वहीं, दूसरी तरफ न्यायालय के निदेर्शानुसार ट्रिपल टेस्ट ओबीसी समुदाय का करना है। लेकिन जो प्रारूप के माध्यम से सर्वे किया जा रहा है। उसमें अन्य वर्गों को भी शामिल किया गया है। प्रदेश महासचिव आजम अहमद ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट तभी सफल हो सकता है। जब ओबीसी समुदाय का सर्वेक्षण घर-घर जाकर किया जाएगा। इसलिए ओबीसी का सर्वेक्षण घर-घर जाकर किया जाए जिससे सही डाटा उपलब्ध हो सकेगा। अन्यथा सही समय पर डाटा उपलब्ध नहीं हो पाएगी और शहरी नगर चुनाव ओबीसी की हकमारी हो जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा महासचिव आजम अहमद, छात्र मोर्चा संयोजक कमलेश चौधरी, संतोष सोनी, परवेज अहमद, मोईन अंसारी, दीनानाथ प्रसाद, इमरान आलम आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीक्षांत समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा रांची में बुधवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कक्षा 11वीं के भैया बहनों ने कक्षा 12वीं के भैया बहनों को भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में सत्यकाम प्रियदर्शी, प्रभारी निदेशक सह वरिष्ठ संकाय सदस्य, झारखंड न्यायिक अकादमी, रांची एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष कुमार संस्थापक 'बैक टू विलेज' उपस्थित थे। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य आगंतुकों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार ने कराया।

स्वागत गीत कक्षा एकादश की बहनों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की भूमिका लाल अशोक नाथ शाहदेव, सदस्य शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड), धुर्वा, रांची ने प्रस्तुत किया । उन्होंने कहा कि विद्यालय की शिक्षा जीवन का आधार है। भैया-बहन इस विद्यालय से संस्कारपूर्ण एवं उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त कर कॅरियर के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आचार्य की उचित प्रेरणा से भैया-बहन अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे एवं जीवन पथ पर आगे बढ़ेंगे।

कक्षा द्वादश की बहन वर्षा प्रिया ने अपने विद्यालय में बिताये दिनों को शब्दों में पिरोकर अपने अनुभव को सभी के समक्ष रखा। इस अवसर पर भैया अमृत कलश, कक्षा - एकादश ने कहा कि आपके जीवन में सदैव विद्यालय की यादें रची बसी रहेंगी । आपका मार्गदर्शन हमारे लिए प्रेरणा का कार्य करेगा।

आचार्या श्रीमती ईभा निगम ने अपने उद्बोधन में परीक्षा के पूर्व की तैयारी एवं परीक्षा के नियमों को विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर अनेक रंगमंचीय कार्यक्रमों का भी दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया।

मुख्य अतिथि सत्यकाम प्रियदर्शी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर सिर्फ विद्यालय नहीं एक विचारधारा है। भैया-बहन विद्यालय की सिख को याद रखें । विद्यालय में बिताये क्षण फिर नहीं आने वाले हैं। विशेष अतिथि मनीष कुमार, संस्थापक, बैक टू विलेज ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप बड़ा सोचें तभी दिमाग उसी सोच के अनुसार कार्य भी करेगा। दृढ निश्चय ही जीत का आधार है। उन्होंने सभी भैया-बहनों को जीवन में सफल होने की शुभकामना दी। अध्यक्षीय आशीर्वचन शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड), धुर्वा, रांची के माननीय अध्यक्ष श्री शक्तिनाथ लाल दास के द्वारा दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की उप प्राचार्या सुश्री मीना कुमारी ने किया। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड), धुर्वा, रांची के सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो, श्री आशीष नाथ शाहदेव, श्री अजय कुमार एवं विद्यालय के आचार्य - आचार्या मौजूद थे।

# बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने रांची में एक नया और एडवांस्ड फर्टिलिटी सेंटर खोला

- बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के देशभर में 37 शहरों और 18 राज्यों में 50 से अधिक सेंटर हैं

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** भारत का तीसरा सबसे बड़ा आईवीएफ नेटवर्क, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने झारखंड के रांची में अपने पहले सेंटर की शुरूआत की है। यह कदम कंपनी के पूर्वी भारत में विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल है। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के देशभर में 37 शहरों और 18 राज्यों में 50 से अधिक सेंटर हैं। उक्त बातें अभिषेक अग्रवाल चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, डॉक्टर उपेकशा साहू सेंटर हेड, पर्युल त्यागी चीफ मार्केटिंग ऑफिसर ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि हेल्थकेयर के क्षेत्र में 50 वर्षों से ज्यादा का अनुभव रखने वाला सीके बिरला हेल्थकेयर कोलकाता, जयपुर और गुरुग्राम में अस्पतालों का संचालन करता है। बिरला ग्रुप की रांची में पहले से ही बीआईटी मेसरा के साथ उपस्थिति है, जो राज्य में शिक्षा क्षेत्र में लगभग छह दशक से योगदान दे रहा है।

बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने अपने क्लिनिकल परिणामों में उत्कृष्टता और असाधारण सेवा अनुभव की वजह से देश के सबसे भरोसेमंद आईवीएफ नेटवर्क्स में से एक के रूप में अपने आप को स्थापित किया है। यह ब्रेड अपनी मेडिकल विशेषज्ञता और इनोवेशन क्षमताओं के साथ उत्कृष्ट क्लिनिकल परिणाम, सफल आई.वी.एफ. इलाज और असाधारण सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्वी भारत में विस्तार और नए केंद्र के लॉन्च के बारे में जानकारी साझा करते हुए अभिषेक अग्रवाल, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के सीईओ ने कहा, 'बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ में हमने 'श्रेष्ठ सेवा, सर्वश्रेष्ठ परिणाम' के सिद्धांत पर अमल करते हुए एक विशिष्ट केयर मॉडल विकसित किया है, जिसमें हम दम्पत्तियों की इमोशनल आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक सेवाएं देते हैं, जिससे सफलता की उच्चतम संभावनाएं होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 28 मिलियन जोड़े निःसंतानता की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सहायता प्रदान करके इन दंपत्तियों के पैरेंटहुड के सपने को पूरा करने में मदद करें। हमारा प्रत्येक सेंटर विश्वस्तरीय तकनीक, अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, विशेष रूप से हमारे एम्ब्रायोलॉजी लैब्स, जिसकी मदद से हम व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार प्रजनन से जुड़े सभी प्रकार के समाधान प्रदान करते हैं। हमारे रांची सेंटर के जरिए हम, अच्छे प्रजनन स्वास्थ्य और उपचार को बढ़ावा देते हुए दंपत्तियों को गर्भधारण करने में मदद करेंगे। इस सोटर में हम आईवीएफ के अलावा और भी कई सेवाएं, जैसे स्त्री रोग का इलाज, पुरुषों के लिए प्रजनन उपचार, लैप्रोस्कोपिक प्रक्रियाएं और आधुनिक जेनेटिक टेस्टिंग भी प्रदान करेंगे।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में बारहवीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित

- कुशान मेहरा 'मिस्टर फेयरवेल' एवं फाहिमा तथा परिछन 'मिस फेयरवेल' के टाइटल से नवाजी गईं




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में बारहवीं के छात्रों का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह का आयोजन ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों, विद्यालय स्टाफ एवं स्कूल मैनेजमेन्ट के द्वारा स्कूल कैम्पस में किया गया। 25 जनवरी को आयोजित इस समारोह में छात्रों ने, शिक्षकों एवं अपने सहपाठियों के साथ बिताएं गए पलों को याद किया।

समारोह स्थल पर विद्यालय के चेयरमैन संजय शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका एवं अनुज रंजन, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर, शिक्षकगण एवं छात्रवृन्द उपस्थित थे। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने अद्भुत गीत, नृत्य एवं संगीत से बारहवीं के छात्रों का स्वागत किया।

विद्यालय के डायरेक्टर, डायरेक्टर एकेडमिक्स एवं प्राचार्या ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आने वाली बोर्ड परीक्षा पर ध्यान देने की प्रेरणा दी। विद्यालय की प्राचार्या ने प्रत्येक छात्र को व्यक्तिगत रूप से उनके विद्यालय के प्रति दिए गए सहायोग की प्रशंसा की। उन्होंने भविष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय की गरिमा स्थापित करने में सहयोग की अपेक्षा की तथा आगे आने वाले जीवन में सुख समृद्धि एवं सन्तुष्टि की भी कामना की। साथ ही जीवन में सही राह चुनने, अवांछित क्रियाकलापों से उन्हें दूर रहने की सलाह दी। भविष्य में तनावरहित रहकर लक्ष्य प्राप्त करने एवं कठिन परिस्थितियों में संयम न खोकर अपने माता-पिता एवं शिक्षकों से सहयोग लेने की बात कही।

कुशान मेहरा 'मिस्टर फेयरवेल' एवं फाहिमा तथा परिछन 'मिस फेयरवेल' के टाइटल से नवाजी गई। कार्यक्रम सफल रहा, सभी छात्र विद्यालय मैनेजमेन्ट तथा शिक्षकगण ने भावुक माहौल में छात्रों को जीवन के उच्चतर शिखर पर देखने की इच्छा व्यक्त की।

# कुख्यात सुजीत सिन्हा पुलिस को दी कई अहम सुराग

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कुख्यात सुजीत सिंहा को घटना स्थल लेकर पहुंची पुलिस व एसटीएस टीम।

**ओरमांझी।** जेल में बंद कुख्यात सुजीत सिन्हा को बुधवार को एसटीएस टीम के साथ ओरमांझी थाना पुलिस घटना स्थल लेकर पहुंची थी। इरबा सपाही पुल एनएच-20 पथ से लगभग 500 मीटर दूर घटना स्थल के आसपास कई लोगों द्वारा जमीन लेकर घेराबंदी कर रखी है। आरोपित द्वारा पुलिस को एक-एक जमीन खरिदने वाले की जनाकरी दी जा रही थी। वहीं ओरमांझी थाना पुलिस अनिल तिवारी ने बताया आरोपित सुजीत सिंहा द्वारा जमीन के खरीद बिक्री करने वाले कई लोगों से भी रंगदारी बसूली करता है। ओरमांझी में भी जमीन की खरिद बिक्री करने वाले संजीव जयसवाल द्वारा रंगदारी नही दिए जाने के बाद आरोपित द्वारा भेजे गए गुर्गो द्वारा घटना को अंजाम दिलाया गया था। 22 नंवबर की घटना में गोली लगने से ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा निवासी जावेद अंसारी 48 वर्ष व अजाद अंसारी 32 वर्ष गोली लगने से घायल हो गए थें। वहीं घटना को अंजाम देने कुख्यात सुजीत सिन्हा के सात गुर्गे एक बाइक व कार में सवार होकर पहुंचे थें। बाइक सवार दो गुर्गे द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया था। वहीं कार में सवार लोग रेकी कर रहे थें। घटना के समय भी आसपास थें और घटना को अंजाम देकर सभी फरार हो गए थें।

बताया गया कि आरोपित द्वारा कई महत्वपूर्ण जानाकरी दी गई है। जिसके आधार पर पुलिस कार्रवायी कर रही है। पुलिस द्वारा जल्द ही सुजीत सिन्हा के गुर्गों के खिलाफ व आरोपियों के प्रोपटी जब्ती की कार्रवायी करेगी।

## बुद्धा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** बुद्धा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव की शुरूआत रन फॉर बीपीएस के तहत किया गया। कार्यक्रम से पूर्व बच्चों ने सिल्लीडीह से मशाल लेकर लगभग 3 किलोमीटर का दौड़ लगाते हुए बीपीएस स्कूल तक पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बताया कि वार्षिक खेलकूद का आयोजन केवल शारीरिक फिटनेस और प्रति स्पर्धा के बारे में नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और समुदाय और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के बारे में भी है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि इस तरह का आयोजन शैक्षणिक कार्यक्रम से एक ब्रेक प्रदान करता है और छात्रों को कुछ तनाव दूर करने और मौज मस्ती करने का मौका प्रदान करता है। महोत्सव में विभिन्न कक्षाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 100 मी दौड़, 200 मी दौड़, 300 मी दौड़, 400मी दौड़, 800 मी दौड़, 1600 मी दौड़, मेंढक दौड़, घोड़ा दौड़ और जलेबी दौड़ शामिल था साथ ही हुआ 31 जनवरी और 1 फरवरी को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा एवं महोत्सव का समापन 1 फरवरी को होगा। इस कार्यक्रम में शिक्षक गोविन्द्र कुमार सिंह, मुंगालाल महतो, जितेंद्र महतो, विपुल रॉय, राहुल भद्रा, नकुल बड़ाईक, प्रेमचंद महतो, प्रतिमा देवी, आशा चौधरी, पायल कुमारी, सुजाता कुमारी एवं हर्षा कुमारी का आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहो

## स्पीड न्यूज

### अनियंत्रित होकर मुरी गोला पथ पर ट्रक पलटा



मुरी/सिल्ली। मुरी गोला मुख्य मार्ग पर बुधवार की अहले सुबह लोदमु आम बगान के समीप एक ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 02यू9985 सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए पलट गई। दुर्घटना में ट्रक के चालक और खलासी बाल बाल बच गए किसी को कोई हताहत नहीं हुई। ट्रक के चालक ने बताया कि ट्रक रुंगटा कंपनी का है और चाईबासा से लोहे का छड़ लोड कर हजारीबाग जा रहा था।

### अवैध बालू का परिवहन करते एक हाइवा जब्त

इटकी। अवैध ढंग से बालू का परिवहन करते एक हाइवा जेएच02एएफ8678 को इटकी थाना पुलिस ने जब्त कि है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि मंगलवार रात साढ़े दस बजे रांची गुमला मुख्य मार्ग एनएच 23 पर बेड़ो से रांची की ओर जा रही 500 सीएफटी बालू लदा हाइवा को गश्त के दौरान सेमरा चौक के पास रोका गया। हाइवा रोक अंधेरा का फायदा उठाकर चालक फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक बालू लदा हाइवा से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। मामले को लेकर इटकी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## आनंदमयी नगर में भारत फाइनेंस से लूट का मामला

# अपराधियों का अब तक नहीं मिला सुराग

- 104067 लाख हुई है लूट
- महिलाओं की रहती है भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** आनंदमयी नगर स्थित भारत फाइनेंस कंपनी में मंगलवार को हुयी लूट के मामले में मैनेजर दीपक कुमार रॉय ने तीन अज्ञात के खिलाफ कांड संख्या 34/25 दर्ज कराया है। लेकिन, घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस को अब तक कोई सफलता नहीं मिल पायी है। शाम करीब 6 बजे तीन सशस्त्र अपराधियों ने कर्मियों को बंधक बनाकर 104067 लाख नकद समेत 1 लैपटॉप, 5 टैब, 7 मोबाइल, ब्लू रंग के 150 सीसी की पल्सर मोटर साइकिल जेएच 0 11 एसी 6851, 1 हेलमेट, 1 जैकेट और बैंक की चाबी लेकर फरार हो गये थे। बैंक प्रत्येक दिन सुबह 6 से रात के 10 बजे तक खुली रहती है। फील्ड के कर्मचारी महिला समितियों से नकद लेकर लौटते हैं। कर्ज की प्रत्याशा में महिलाओं की देर रात तक भीड़ लगी रहती है।

### पैदल आये थे अपराधकर्मी

अपराधकर्मी काठीटांड़ चौक से पैदल आये थे। उन्हें इस बात की भनक लगी थी कि बैंक में 12 लाख रुपये आने वाला है। तीनों ने पहले रेकी की। बाद में अंदर घुसे। हथियारबंद दो अपराधियों ने मैनेजर समेत कर्मियों को बंधक बना एक कमरे में बंद कर दिया और दूसरे कमरे की तलाशी ली। जबकि, एक गेट में खड़ा था। घटना को अंजाम देने के बाद मैनेजर की बाइक लेकर रफू-चक्कर हो गये।

### डीएसपी ने लिया जायजा

डीएसपी अरविंद कुमार ने कांड का जायजा लिया और कर्मियों से पूछताछ भी की। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि संदिग्ध अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। उन्होंने शीघ्र ही इसके खुलासे का दावा किया है। बताते चलें, कि क्षेत्र में माइक्रो फाइनेंस की कई कंपनियां संचालित हैं। किसी में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। इनमें कार्यरत्त कर्मचारी भी दूसरे राज्यों के हैं।

## ओरमांझी सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब का गठन

# अध्यक्ष रमेश, सचिव मगनू व कोषाध्यक्ष जलेश्वर बने

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में उपस्थित बीडीओ व अन्य।

**ओरमांझी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को बैठक कर प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के पदाधिकारियों का चयन किया गया। बीडीओ कामेष्वर बेदिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंचायत स्तीय क्लब के पदाधिकारी उपस्थित थें। जिसमें रमेश कुमार महतो को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव व कोषाध्यक्ष पद का चुना वोटिंग प्रक्रिया से हुई। जिसमें सचिव मगनु मुंडा व कोषाध्यक्ष जलेष्वर ठाकुर चुना गया। इसके अलावे राजकिशोर महतो, संजीव कुमार महतो, एहसान राजा, शाहिद परवेज, आनंद उरांव, प्रदीप मुंडा, अमरेंद्र पहान, प्रकाश बेदिया को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बीडीओ ने बताया क्लब का चयन नही होने से पिछले वर्ष ओरमांझी प्रखं डमें सिद्धु कान्हू फुटबॉल प्रतियोगिता नही हो सकी थी। साथ ही उन्होने उपस्थित सदस्यों व खिलाड़ियों युवाओं को नषापान नही करने के लिए शपथ दिलाया, और कहा इसका आयोजन का उदेष्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को बढावा देना होनो चाहिए।

## एक नजर में

### सरस्वती पूजा को लेकर ठाकुरगांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

ठाकुरगांव। सरस्वती पूजा को लेकर ठाकुरगांव थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी विनीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि सभी पूजा समिति शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाये। वहीं पूजा पंडालों में अश्लील गाने का प्रयोग नहीं करने व किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि ठाकुरगांव में 15 समितियों द्वारा भव्य रूप से सरस्वती पूजा मनाया जाता है। वहीं विसर्जन शोभा यात्रा शाम 7 बजे तक संपन्न करने का भी निर्देश पूजा समितियों को दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा के दौरान थाना क्षेत्र में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। मौके पर अवर निरीक्षक अरविंद कुमार, एसआई दिलीप कुमार, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, न्यू स्टार क्लब के सचिव बिपुल तिवारी, दिनेश महतो, अभिषेक तिवारी, मनोज साहू समेत पूजा समिति के दर्जनों सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### देवेंद्रनाथ महतो के प्रयास में मृतक के परिजन को दिया गया साढ़े पांच लाख रुपये

सोनाहातू/राहे। राहे थाना क्षेत्र के बुंडू-राहे सड़क के मांझीडीह गांव के समीप में 26 जनवरी को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई थी। तथा अन्य तीन युवक घायल हुए थे। सोनाहातू थाना क्षेत्र के कुड़ियामु गांव के 25 वर्षीय युवक राजेश महतो का मौत सड़क निर्माण के दौरान पुलिया बनाने के गड्ढे में गिरने से हुई थी। घटना को लेकर ग्रामीणों के साथ जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने मुआवजा दिलाने को लेकर आंदोलन किए है। आंदोलन के फलस्वरूप सड़क निर्माण कंपनी ने मृतक के परिजन को मुआवजा राशि ओर अन्य मांग को पूरा करने का वादा किया। मंगलवार देर रात को साढ़े पांच लाख की नगद राशि एवं अन्य शर्तों के साथ आंदोलन को स्थगित किया गया। उक्त मुआवजे की सहयोग राशि स्थानीय जिंतु पंचायत के मुखिया, ग्राम प्रधान एवं निर्वाचित वार्ड सदस्य के मौजूदगी में मृत के पत्नी ममता देवी एवं अन्य घायल जगजीवन महतो, मंटू महतो एवं विकास महतो के परिजनों को दिया गया। साथ ही देवेंद्र नाथ महतो ने उक्त कंपनी को सेफ्टी प्रिकॉशंस के सभी तय मानकों का अनुपालन के साथ ही कार्य करने की बात कही।

### पेड़ो में रक्षा सूत्र बांध कर संरक्षण का लिया संकल्प

अनगड़ा/सिकिदिरी। 26वां वन एवं पर्यावरण सह रक्षाबंधन मेला भुसूर(इंटेक मोड़) में बुधवार को पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर आजीवन संरक्षण का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार व जिप सदस्य ओरमांझी सरिता देवी, रणधीर चौधरी थे। अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष गणेश किशोर महतो व संचालन चाड़ू पंसस अनिल कुमार महतो व शिवधर रजवार ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने भुसूर जंगल के पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा। सभी ने सामूहिक रूप से आजीवन पेड़ों की रक्षा का संकल्प लिया। रामटहल चौधरी ने कहा कि पेड़ों के संरक्षण पर ही मानव जीवन का अस्तित्व टिका हुआ है। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर मेला का आयोजन होना प्रेरणादायी है। मानव और पेड़ पौधे एक दूसरे के पूरक है। मौके पर ओरमांझी के रिजवार बैंड ने एक से एक नागपुरी कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। अध्यक्ष गणेश किशोर महतो ने बताया कि दो दशक पूर्व भुसूर जंगल उजाड़ की स्थिति में था। लेकिन वन रक्षा समिति व ग्रामीणों की जागरूकता व पेड़ों के संरक्षण को लेकर चलाये गए अभियान से हरियाली बढ़ी है । इस मौके पर मुख्य संरक्षक अनिल महतो,सचिव संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष तापेश्वर कुमार, हेमंत कुमार, राजू मुंडा, राजनंदन महतो, संजय महतो, कमलनाथ महतो, शंकर महतो, महावीर महतो, दीपक महतो, झब्बूलाल महतो, विजय महतो, अशेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## एबीवीपी ने किया बेड़ो में नगर खेल कुंभ का आयोजन

**बेड़ो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो रांची ग्रामीण के तत्वावधान में कठरटोली मैदान में बुधवार को खेलो भारत के तहत नगर खेल कुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें महिला नेट बॉल और पुरुष नेटबॉल की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के प्राचार्य प्रो प्रदीप अधिकारी, बर्सर डॉ आशा रानी लकड़ा, अभाविप प्रादेशिक विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ, नगर मंत्री विक्रम महतो, कॉलेज इकाई के अध्यक्ष सुशांत कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। प्राचार्य प्रो प्रदीप अधिकारी ने कहा की खेलो के माध्यम से हम सभी का शरीर मजबूत होता है। खेल के माध्यम से हम अगर चाहे तो अपनी पहचान प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बना सकते हैं। प्रादेशिक विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ ने कहा कि खेलो के माध्यम से अपनी संस्कृति और सामूहिकता को जोड़ने का प्रयास नगर खेल कुंभ के माध्यम से किया जा रहा है। महिला वर्ग के रोमांचक मुकाबले में वंदना कुमारी की टीम व पुरुष वर्ग के मुकाबले में ओम प्रकाश गोप की टीम विजेता बनी। विजेताओं को प्रो नितेश पासवान, शशि गोप, डॉ मीना पूर्ती, डॉ मंजू मिंज, प्रो विकास कुमार सिन्हा, आकाश कच्छप व पराज महतो समेत सभी अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव जिला ग्रामीण कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किए गए

**अनगड़ा।** अनगड़ा के प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया है। एतवा उरांव को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी अनगड़ा एवं विजय टोप्पो को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी नामकुम का संयोजक बनाया गया है। ओरमांझी से सुधा देवी को रांची जिला ग्रामीण सचिव एव अमाल खान को ग्रामीण जिला सचिव नियुक्त किया गया है कांग्रेस पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने नव मनोनित जिला एवं प्रखंड के पदधारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने सभी मनोनित पदधारियों को शुभकामना दी और उन्हें पर्टी की जिम्मेवारियों से अवगत कराया। खिजरी विधायक और विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने नवमनोनित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने चलाया सदस्ययता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मांडर।** प्रखंड स्थित तिग्गा कॉम्प्लेक्स परिसर में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने किया। इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा से लोगों को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाए इस पर चर्चा की गई। इसके लिए संयोजक मंडली भी बनाई गई। बैठक में मांडर प्रखंड समिति के लिए संयोजक मंडली बनाई गई। जिसमें मुख्य संयोजक रोशन इमानुएल तिग्गा एवं 12 संयोजक सदस्य की गठन की गई। मौके पर बोलते हुए रोशन इमानुएल तिग्गा ने कहा कि सरकार की नीतियों को देखते हुए बहुत सारे लोग झामुमो से जुड़ने के लिए तत्पर हैं। सरकार जनहित के मुद्दों पर काम कर रही है। सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए सरकार झारखंड को विकास की गति में आगे बढ़ा रही है। इसलिए लोग झामुमो के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं।

## कलकता पब्लिक स्कूल के छात्र आइआइटी व नीट की तैयारी कराएगें

# उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले बच्चें हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विजेता बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

**ओरमांझी।** कलकता पब्लिक स्कूल ओरमांझी में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। विभिन्न खेल इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व दसवीं बोर्ड टॉपर पीयूष पवार पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी चन्दन झा ने बच्चों की खेल प्रभतिभा की सरहाना की और कहा आईपीएस बनने में पढ़ाई के साथ खेल का भी बहुत महत्व है। उन्होने अवकाश के दिन में कलकत्ता पब्लिक स्कूल आने व 11वीं व 12वीं के छात्रों को फिजिक्स व मैथ्स पढ़ाकर आईआईटी और नीट की तैयारी कराने का भरोसा दिया। वहीं भारतीय हॉकी के ओलिंपिक खिलाड़ी निक्की प्रधान व पूर्व ओलिंपिक खिलाड़ी मनोहर टोपनो ने कहा स्कूल के बच्चों की प्रतिभा देखकर लगता है ओरमांझी क्षेत्र के भी बच्चें ओलिंपिक खिलाड़ी निकलेंगे। झारखण्ड विधानसभा, पूर्व संयुक्त सचिव मिथिलेश कुमार मिश्र ने कहा कि मनुष्य के जीवन के लिए भोजन एवं उसमें नमक जैसा पढ़ाई एवं खेलकूद का महत्व है। इसके बिना जीवन अपूर्ण है। सहायक कमांडेंट, एसएस बी कहा अपना लक्ष्य व रोल मॉडल अवश्य बनान चाहिए। इसके अलावा राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित शिवम कुमार, इसके अलावे दक्षिण अमेरिका की सर्वोच्च चोटी पर तिरंगा फहराने वाले शशि शेखर सहित कई लोगों ने संबोधन किया और स्कूल व बच्चों की सरहाना की। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के साथ विद्यालय के निदेशक प्रभास झा ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रियमदा झा ने की और बताया वार्षिक खेलकूद में विद्यालय के 542 बच्चों ने भाग लिया।

### बाघवार अकादमी की लगातार पांचवी जीत, लेडी केसी राय स्कूल को 9 विकेट से हराया



चान्हो। धुर्वा सेक्टर-2 के शाखा मैदान में बुधवार को खेले गए वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूनार्मेंट मे बाघवार अकादमी, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लेडी केसी राय स्कूल, रांची को 9 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लेडी केसी राय स्कूल की टीम बाघवार अकादमी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई और 13 .5 ओवरों में सिर्फ 52 रन बनाकर सिमट गई। बाघवार अकादमी के ऑलराउंडर हर्षित नयन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 .4 ओवर में सिर्फ 8 रन देकर 6 विकेट झटके। कप्तान अभिषेक महली ने 6 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि जिया उल हक ने 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए बाघवार अकादमी ने केवल 5 .3 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज की। ओपनर कौशल कुमार ने 5 चौकों की मदद से 26 रन बनाए। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए हर्षित नयन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। बाघवार अकादमी के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाध्यापक अरूण बघवार ने टीम की तारीफ करते हुए कोच अजय कुमार सिंह और टीम मैनेजर राजकुमार महली को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे के मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।

### मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक


बैठक में बोलते राज्यसभा सांसद आदित्य साहू।

ओरमांझी। प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू में नवनिर्मित जगदंबा षिव संकट मोचन मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा एक मई से होगी। इसका निणर्य बुधवार को मंदिर परिसर में मंदिर निर्माण समिति की हुई बैठक किया गया। रामपाल चैधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चैधरी सहित उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय कि एक मई से नौ मई तक आयोजित होने वाले मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। इसकी तैयारी जल्द शुरू करने को कहा गया। बैठक में मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू, महामंत्री अरविंद कुमार, सहायक कोषाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद, मीडिया प्रभारी अमित राज साहू, संजय कुमार, प्रेम कुमार, नितीश कुमार, संदीप कुमार, महेंद्र महतो, रामप्यारे महतो, रविंद्रनाथ महतो, अरुण कुमार साहू, अखिलेश कुमार, दिलीप भंडारी, दिलेष्वर साहू विवेक राज, विष्वनाथ कुमार, बालक महतो, राकेश कुमार, मेघनाथ साहू, वीरमोहन साहू, विवेक कुमार, मुनीलाल महतो, नेवालाल महतो, व ग्रामीणों के साथ कई महिलाएं भी उपस्थित थें।

### टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में 15 से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा

नामकुम। टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में 15 से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि प्रख्यात कथा वाचक इंद्रेश जी उपाध्याय 8 दिनो तक भागवत प्रेमियों को कथा का रसपान कराएंगे। समिति के अध्यक्ष रासेश्वर मिश्र ने बताया कि इस क्षेत्र के लोगों में शिक्षा संस्कार सांस्कृतिक, वैचारिक एवं आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण संवर्धन और धार्मिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से 8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य इन्द्रेश जी उपाध्याय (वृंदावन) के श्रीमुख से भागवत कथा का प्रेम रस प्रवाहित होगा। कथा आरंभ के एक दिन पूर्व 14 फरवरी को भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाला जाएगा। जिसमें 2100 महिलाएं शामिल होंगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक चलेगा। आयोजन के मुख्य संरक्षक सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा, संरक्षक खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय और पूर्व मंत्री सुदेश महतो हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अध्यक्ष रासेश्वर नाथ मिश्रा, सचिव मनोरंजन मिश्रा, कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, सदस्य राजेंद्र प्रमाणिक, त्रिपुरेश्वर मिश्रा, ब्रजेश मिश्रा, शंकर प्रसाद, गोविंद महतो, शैलेश मिश्रा, राजू पाठक, आयुष मिश्रा शामिल थे।

## सदान- संसद सह मिलन समारोह आयोजित

# परिसीमन में सदानों के हितों की रक्षा हो : राजेन्द्र प्रसाद

- पेसा कानून में मूलवासी सदानों को भी सरकार करे शामिल
- झारखण्ड में सहिया-सदान की रही है संस्कृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ों/रांची।** मूलवासी सदान और जनजातियों की भाषा संस्कृति एक जैसी है। सदान और जनजाति एक साथ रहते आए हैं। झारखण्ड की भाषा और संस्कृति के लिए साथ खड़े रहे हैं। अलग राज्य के लिए दोनों समुदायों ने शहादत दी और साथ खड़े रहे जिसका परिणाम है की झारखण्ड राज्य मिला। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत परिसीमन होने जा रहा है परिसीमन में मूलवासी सदानों के हितों की भी रक्षा हो यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार की नैतिक की जिम्मेवारी है। उक्त बातें मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बेड़ों के बारीडीह पहाड़ा मैदान में मोर्चा द्वारा आयोजित सदान-संसद सह मिलन समारोह में कही।

### जातीय जनगणना से देश के लोगों को सही जानकारी मिलेगी

राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि जातीय जनगणना से भेदभाव नहीं होना बल्कि सभी समुदायों के आबादी और आर्थिक आधार का पता चल पाएगा, जिससे सभी वर्गों का उत्थान करने में सरकार को आसानी होगी।

राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पेसा कानून रूढ़िवादी परंपरा के के तहत लागू किया जा रहा है, राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हमारी भाषा और संस्कृति रहन-सहन जनजातियों की तरह ही है, इसलिए झारखंड में शीर्ष पदों पर बैठे लोगों को विचार करना चाहिए और पेसा कानून के तहत मूलवासी सदानों को भी शामिल किया जाना चाहिए। प्रसाद ने सरकार से मूलवासी सदान आयोग बनाने की मांग की है।

65% मूलवासी सदानों की अनदेखी राज्य के लिए घातक कहा इस बात को को सरकार और राज्य के हर राजनीतिक दलों को समझना होगा। कहा कि असंवैधानिक तरीके से 112 प्रखंडों के तमाम पंचायतों के मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष के पद को आरक्षित कर दिया गया उसमें ऐसे भी कुछ पंचायत थे जहां जनजातियों की एक भी संख्या नहीं थी,जिसके कारण उन पंचायतों में चुनाव नहीं हो सका था। प्रसाद ने कहा कि ओबीसी के आरक्षण को 27 से घटाकर 14 किया गया 7 जिलों में ओबीसी का आरक्षण शुन्य जो असंवैधानिक है। सदान-सांसद व मिलन समारोह को सम्बोधित करने वालों में वाणी राय, प्रो अरविंद कुमार, प्रो अमर गोप, विशाल सिंह विशाल साहू मुकेश साहू,अफरोज आलम, सुशील साहू, नवदीप महतो ,मुमताज खान,उमेरा खातुन, बसंती देवी, सरिता देवी,नवल किशोर सिंह, सुषमा देवी, सुदर्शन ठाकुर, मुरारी पाण्डेय, राधेश्याम सिंह, रशीद मीर आनन्द सुरेश महतो,कोरेश मिरदाह, दीलीप सोनी, बन्दे महतो,महान्द सिंह, मोहन शेखर,राम लखन सिंह, आदित्य गिरी, उपेन्द्र गिरी,जय प्रकाश संजय राय, आदित्य चौधरी के अलावा खुंटी सिमडेगा, गुमला रांची से सैकड़ों मूलवासी सदान उपस्थित थे। अध्यक्षता धनंजय कुमार राय, संचालन विश्वनाथ गोप, धन्यवाद ज्ञापन उमेरा खातुन ने किया।



### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा लागू हो

राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ों को तमिलनाडु के तर्ज पर झारखण्ड में 50प्रतिशत तक आरक्षण देने की अनुशंसा की है उसे राज्य सरकार लागू करे। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि 2026 में परिसिमन के साथ-साथ विधानसभा की सीट को 160 और लोकसभा की सीट को 28 करने की मांग केन्द्र सरकार से की है।

### हिंदू-मुस्लिम अधिकार के लिए साथ खड़े रहें

राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम वोटों का बंटवारा नहीं होना चाहिए। कहा हिंदू और मुस्लिम दोनों सदान है ऐसे में अपने बाल बच्चों के भविष्य और राजनीतिक अधिकारों को पाने के लिए साथ खड़े रहने का आह्वान किया। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान और जनजातियों की ज्यादातर आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं ऐसे में शिक्षा के क्षेत्र में सीबीएसई पैटर्न पर झारखंड के सभी स्कूलों में पढ़ाई होनी चाहिए। राज्य के हर प्रखंडों पर शिक्षकों के लिए क्वार्टर और छात्रों के लिए हॉस्टल होना चाहिए। अस्पताल की सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में होना चाहिए। उन्होंने मुक्त की योजना की कड़ी निंदा की और कहा इससे देश की प्रगति रुक जाएगी।

### सदानों को मुखर होना होगा: क्षितिश

झारखण्ड आंदोलनकारी क्षितिश कुमार राय ने कहा कि जब तक मूलवासी सदान अपने अधिकारों के प्रति मुखर नहीं होंगें। तब-तक सरकार और राजनीतिक मनमानी करेंगें क्षितिश कुमार राय ने कहा कि मूलवासी सदानों के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। हम सभी को संगठित होकर अपने उपेक्षा के खिलाफ लड़ना होगा। राय ने कहा कि ईडब्ल्यूएस के तहत मिलने वाली 10 प्रतिशत आरक्षण सवर्ण सदानों को ही मिले हेमंत सरकार से सुनिश्चित करने को कहा।

खबर मन्त्र
रांची. गुरुवार. 30 जनवरी 2025
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

## महाकुंभ में वर्ल्ड रिकार्ड

महाकुंभ नगर दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला शहर बन गया। दिल्ली से अधिक जापान की राजधानी टोक्यो की आबादी 3.74 करोड़ है। इस तरह से गंगा की रेती पर 45 दिनों के लिए अस्थाई तौर पर बसाया गया महाकुंभ नगर मंगलवार को दिन में चार बजे ही दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला शहर बन गया। वहीं जिले की आबादी 70 लाख से अधिक है। इस आबादी को भी जोड़ दिया जाए तो टोक्यो की आबादी काफी पीछे छूट जाएगी। संगम स्नान का यह आंकड़ा शाम चार बजे तक का है। मौनी अमावस्या पर बुधवार को तो आबादी के सारे रिकॉर्ड टूटते दिख रहे हैं। बुधवार को महाकुंभ नगर में कम से कम 10 करोड़ लोगों के स्नान की उम्मीद है। जिले में 10.70 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है। वहीं दुनिया के तीन सबसे अधिक आबादी वाले शहरों में टोक्यो, दिल्ली और शंघाई की कुल जनसंख्या 9.30 करोड़ के करीब है। शंघाई की आबादी 2.63 करोड़ है। इस तरह से मौनी अमावस्या पर संभावित आंकड़ों के अनुसार स्नानार्थी आए तो महाकुंभ नगर की जनसंख्या तीन बड़े शहरों की कुल आबादी से अधिक होगी।

मकर संक्रांति के दिन प्रयागराज दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला जिला बना था। मकर संक्रांति के दिन साढ़े तीन करोड़ लोगों ने स्नान किया था। इस तरह से जिले की 70 लाख आबादी जोड़ने के बाद 4.20 करोड़ जनसंख्या हो गई थी, जो टोक्यो से अधिक है। माघी पूर्णिमा 13 जनवरी से महाकुंभ पर्व शुरू होने के बाद मंगलवार तक 16 दिनों में 16 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। सोमवार तक 14.76 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। वहीं मंगलवार को सुबह आठ बजे तक ही 55 लाख लोग स्नान कर चुके थे। इस तरह से महाकुंभ में 15 करोड़ लोगों के स्नान का आंकड़ा तो सुबह आठ बजे ही पार हो गया।

### कार्टून वर्ल्ड




### आज का राशिफल

मेष : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृष : अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

मिथुन : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

कर्क : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

सिंह : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

कन्या : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

तुला : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8


धनु : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

मकर : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8

मीन : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-6-9

# गांवों की दशा और दिशा बदल रही स्वामित्व योजना






- डॉ सत्यभान

> यह योजना, जिसमें डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण शामिल हैं, केवल सीमाओं और नक्शों के बजाय संभावनाओं और सपनों के बारे में है। स्वामित्व सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम से कहीं ज्यादा बन गया है क्योंकि गांव इस बदलाव का स्वागत करते हैं; यह बढ़ी हुई आजादी, ज्यादा चतुराईपूर्ण योजना और ज्यादा एकजुट, शक्तिशाली ग्रामीण भारत के पीछे एक प्रेरक शक्ति है।

देश में ग्रामीण भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त की समस्या प्रमुख रही है। कई राज्यों में गांवों के आबादी क्षेत्रों के नक्शे और दस्तावेजीकरण का अभाव रहा है। आधिकारिक रिकॉर्ड की अनुपस्थिति के कारण इन क्षेत्रों में संपत्ति के मालिक अपने घरों को अपग्रेड करने या अपनी संपत्ति को ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के लिए वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में असमर्थ रहे हैं, जिससे उनके लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करना मुश्किल रहा। इस तरह के दस्तावेजीकरण की कमी ने 70 से अधिक वर्षों तक ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में बाधा डाली। यह स्पष्ट हो गया कि आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति रिकॉर्ड के महत्व के आलोक में एक समकालीन समाधान की आवश्यकता थी। गांवों के आबादी क्षेत्रों के सर्वेक्षण और मानचित्रण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करने के लिए पीएम स्वामित्व योजना विकसित की गई है। इस योजना ने जल्द ही खुद को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों लाखों स्वामित्व दस्तावेज भू-मालिकों को सौंपे हैं।

पंचायतीराज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल को स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण) कहा जाता है। इसे नौ राज्यों में कार्यक्रम के पायलट चरण (2020-2021) के सफल समापन के बाद 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देश भर में पेश किया गया था। यह कार्यक्रम भूमि के टुकड़ों का मानचित्रण करने और गाँव के घरेलू मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड₹ प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करता है। कानूनी स्वामित्व कार्ड, जिन्हें संपत्ति कार्ड या शीर्षक विलेख के रूप में भी जाना जाता है, तब संपत्ति के मालिकों को जारी किए जाते हैं, जो ग्रामीण आबादी वाले (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक कदम है।

सर्वे ऑफ इंडिया और सम्बंधित राज्य सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा द्वारा प्रदान की गई बहुचरणीय संपत्ति कार्ड निर्माण प्रक्रिया में पहला कदम है। सभी पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डेटाबेस तैयार करने के लिए, विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्रण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जैसे उपग्रह इमेजरी, मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन प्लेटफॉर्म और हवाई फोटोग्राफी ड्रोन। समझौता ज्ञापन के पूरा होने के बाद, एक सतत संचालन संदर्भ प्रणाली स्थापित की जाती है।

एक आभासी बेस स्टेशन जो लंबी दूरी की, अत्यधिक सटीक नेटवर्क आरटीके (रियल-टाइम किनेमेटिक) सुधार प्रदान करता है, संदर्भ स्टेशनों के इस नेटवर्क द्वारा प्रदान किया जाता है। अगला चरण यह निर्धारित करना है कि किन गांवों का सर्वेक्षण किया जाएगा और जनता को संपत्ति मानचित्रण प्रक्रिया के बारे में सूचित करना है। प्रत्येक ग्रामीण संपत्ति को चूना पत्थर (चुन्ना) से चिह्नित किया जाता है, जो गांव के आबादी क्षेत्र (आबाद क्षेत्र) को चित्रित करता है यह जांच / आपत्ति प्रक्रिया का समापन है, जिसे संघर्ष / विवाद समाधान के रूप में भी जाना जाता है। फिर सम्पत्ति पत्रक या अंतिम संपत्ति कार्ड / शीर्षक विलेख तैयार किए जाते हैं। आप इन कार्डों को खरीद सकते हैं।

इस कार्यक्रम के लाभों में एक समावेशी समाज शामिल है। गांवों में कमजोर आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति संपत्ति के अधिकारों तक उनकी पहुँच के साथ सकारात्मक रूप से सहसम्बद्ध है। स्वामित्व योजना इसे संभव बनाने का प्रयास करती है। आबादी की स्पष्ट रूप से परिभाषित सीमा की कमी के कारण भूमि-संघर्ष के मामलों की संख्या बहुत अधिक है। स्थानीय स्तर पर संघर्षों के अंतर्निहित कारणों को सम्बोधित करना स्वामित्व योजना का लक्ष्य है। बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजनाएं जो उच्च-रिजॉल्यूशन वाले डिजिटल मानचित्रों का उपयोग करती हैं, सड़कों, स्कूलों, सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं, नदियों, स्ट्रीटलाइट्स और अन्य बुनियादी ढाँचे में सुधार लाती हैं। अधिक सुलभ संसाधनों और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से। लोगों को अपनी संपत्ति को संपार्श्विक के रूप में मुद्रीकृत करने में मदद करना मुख्य लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, जिन राज्यों में संपत्ति कर लगाया जाता है, वहाँ इसे सरल बनाने से निवेश को बढ़ावा मिलता है और व्यापार करना आसान हो जाता है, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलता है।

भूमि स्वामित्व से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को विकास और सशक्तिकरण के अवसरों में बदलकर, स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत की कहानी बदल रही है। यह योजना, जिसमें डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण शामिल हैं, केवल सीमाओं और नक्शों के बजाय संभावनाओं और सपनों के बारे में है। स्वामित्व सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम से कहीं ज्यादा बन गया है क्योंकि गांव इस बदलाव का स्वागत करते हैं; यह बढ़ी हुई आजादी, ज्यादा चतुराईपूर्ण योजना और ज्यादा एकजुट, शक्तिशाली ग्रामीण भारत के पीछे एक प्रेरक शक्ति है। स्वामित्व योजना के परिणामस्वरूप ग्रामीण भारत बदल रहा है।

भूमि स्वामित्व से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही कठिनाइयां विकास और आत्मनिर्णय के अवसरों में बदल रही हैं। बाधाओं को दूर करने, विवादों को निपटाने और संपत्ति को आर्थिक उन्नति के लिए एक शक्तिशाली साधन में बदलने के लिए नवाचार और समावेशिता को जोड़ा जा रहा है। डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण इस बात के दो उदाहरण हैं कि कैसे योजना सरल सीमाओं और मानचित्रों से आगे जाती है। यह अवसरों और आकांक्षाओं से भरपूर है। गांव इस बदलाव को अपना रहे हैं और स्वामित्व महज सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भरता, बेहतर योजना और अधिक एकजुट ग्रामीण भारत सभी इसके द्वारा गति प्राप्त कर रहे हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

### लेटर टू एडिटर

#### एक नई शुरूआत

**लद्दाख** सीमा पर 2020 के बाद से भारत और चीन की सेनाएं पीछे हटी हैं, और पेट्रोलिंग भी शुरू हो गई है। दीपावली पर मिठाई वितरण हुआ, और प्रधानमंत्री मोदी तथा राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सकारात्मक मुलाकात से तनाव कम हुआ है। विदेश मंत्री जयशंकर शांति प्रयासों में लगे रहे हैं। हालांकि, हमें चीन के साथ रुको, देखो और आगे बढ़ो की नीति बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि अतीत में हम धोखा खा चुके हैं।

**- शकुंतला महेश, रांची**

#### और बढ़ा प्रदूषण

अस्पतालों में जलने, आंखों में जलन और अस्थमा के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इस वर्ष प्रदूषण तीन सालों में सबसे अधिक रहा, और आग की 318 घटनाएं दर्ज हुईं, जो पिछले 13 वर्षों में सबसे ज्यादा हैं। यह साल दर साल बढ़ता जा रहा है जो अच्छा संकेत नहीं है। **-रवि,**

### ट्वीट

**प्रयागराज** महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।' **-नरेन्द्र मोदी, पीएम**

प्रयागराज आए प्रिय श्रद्धालुओं,माँ गंगा के जिस घाट के आप समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें।आप सभी प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।संगम के सभी घाटों पर शांतिपूर्वक स्नान हो रहा है। किसी भी अफवाह पर बिल्कुल भी ध्यान न दें।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम**

# गांधी जी की हत्या और संघ पर आरोप

पुण्यतिथि

**सौरभ**

भारत में गांधीजी की हत्या का पहला प्रयास 25 जून 1934 को हुआ था जब उनकी कार पर पूना में बम फेंका गया। 1944 में एक बार फिर पंचगनी में तकरीबन बीस लड़के बस में भरकर आये और दिन भर गांधी-विरोधी नारे लगाते रहे। फिर उनका नेता नाथूराम गोडसे गांधीजी पर छुरा लेकर लपका जिसको वहां मौजूद भिलारे गुरुजी और मणिशंकर पुरोहित ने दबोच लिया. लेकिन उनकी कोई शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं कराई गई।

1944 में ही गांधीजी के वर्धा स्थित सेवाग्राम आश्रम में नाथूराम के पास चाकू बरामद हुआ। गांधीजी के निजी सचिव प्यारेलाल इस वाकये को लिखते हुए बताते हैं कि सुबह ही उनको जिले के एसपी ने सूचना दी थी कि स्वयंसेवक गंभीर शरारत करना चाहते हैं। यह सवाल वाजिब है कि ये स्वयंसेवक कौन हैं जिनका जिक्र प्यारेलाल कर रहे हैं और उस समय नाथूराम गोडसे और इन तथाकथित स्वयंसेवकों में भला क्या संबंध था? इसके बाद 29 जून 1946 को मुंबई-पूना के बीच नरेल के पास एक बड़ा सा पत्थर रखकर गांधीजी को मारने की कोशिश हुई। एक बार गांधीजी ने 125 वर्ष जीने की इच्छा जताई तो गोडसे ने अपने अखबार अग्रणी में एक जवाबी लेख लिखा जिसका शीर्षक था-पर जीने कौन देगा? गोडसे द्वारा गांधीजी की हत्या को जायज ठहराने वालों का मूल तर्क है कि पाकिस्तान को 55 करोड़ देने के मुद्दे पर ही गोडसे उनका वध करने पर मजबूर हुआ था। सवाल उठता है कि 1944 या 1946 में तो यह मुद्दा कहीं दूर-दूर तक वजूद में ही नहीं था।


जब लालकृष्ण आडवाणी ने आरएसएस को इस मामले में क्लीन चिट देने की कोशिश की थी तो नाथूराम गोडसे के भाई और साजिश करने वालों में एक गोपाल गोडसे बिफर उठे थे। न सिर्फ गांधीवध क्यों नामक किताब में बल्कि अन्य जगहों पर भी उसने जोर देकर कहा कि उसके बड़े भाई ने कभी भी आरएसएस नहीं छोड़ी और अंत तक संघ के बौद्धिक कार्यवाह के तौर पर काम करता रहा। गोपाल गोडसे ने 1994 में दिए गए अपने इसी साक्षात्कार में कहा था कि दरअसल नाथूराम ने आरएसएस और सावरकर से दूरी इसलिए बनाई क्योंकि गांधी की हत्या के बाद गोलवलकर और आरएसएस काफी मुसीबत में पड़ गए थे। यहां यह बात करना भी जरूरी है कि आखिर हत्या एक कर्म है या विचार या हत्या एक ऐसा कर्म है जो किसी खास विचार से संचालित होता है?

गांधीजी की हत्या में आरएसएस का हाथ होने के मामले को अदालती कार्यवाही पर छोड़ना उचित है। लेकिन इतिहास लेखन उनकी हत्या के पीछे छुपे विचार को पकड़ने में दिलचस्पी रखता है।

भारतीय कानून प्रणाली लिखित साक्ष्य मांगती है। जिस संगठन की पूरी कार्रवाई गुप्त ढंग से चलती हो, जिसका कोई सदस्यता रजिस्टर न रखा जाता हो, जिसकी बैठकों की कोई लिखित कार्यवाही नहीं रखी जाती- उसके बारे में लिखित साक्ष्य मिलना लगभग असंभव है। आरएसएस और नाथूराम गोडसे का क्या संबंध था इसके लिए नाथूराम गोडसे की संघ सदस्यता रसीद पेश नहीं की जा सकती। 1947-48 में वो संघ की किस शाखा में जाता था, इसकी कोई उपस्थिति पंजिका भी उपलब्ध नहीं ही होगी। लेकिन गोडसे, आरएसएस और गांधीजी की हत्या में तमाम ऐसे तार जुड़े हैं जिनसे आरएसएस मुंह नहीं चुरा सकता। जैसा कि गोपाल गोडसे ने कहा था कि आप कह सकते हैं आरएसएस ने कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया था कि जाओ और गांधी को मार दो लेकिन आप उससे खुद को अलग नहीं कर सकते।

यह पूछना भी बनता है कि छद्म नामों से सोशल मीडिया और अन्य प्रचार माध्यमों से गांधी-विरोधी प्रचार करने वाले लोग भला कौन हैं? आज भी आरएसएस ने लिखित रूप से कोई विज्ञप्ति जारी नहीं की है कि ह्यगांधी का चरित्र हनन करो लेकिन ऐसा करने वाले अधिकांश लोग किसी न किसी तरह आरएसएस की विचारधारा के कट्टर समर्थक ही होते हैं। दरअसल, गांधीजी की हत्या के पहले और बाद आरएसएस के दो अलग-अलग स्वर रहे हैं। पहले तो वो गोलवलकर के नेतृत्व में गांधीजी की हत्या का माहौल तैयार करता रहा। जाहिर है गांधीजी की हत्या के पीछे निर्णायक भूमिका इसी तरह के जहरीले प्रचार की थी जो 1930 के मध्य से देश भर में फैलाया जा रहा था. वास्तव में न सिर्फ आरएसएस और हिंदू महासभा बल्कि मुस्लिम लीग भी गांधीजी और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जहर फैला रही थी। गांधीजी हिंदू और मुस्लिम दोनों तरह के सांप्रदायिकताओं के लिए साझे दुश्मन थे। भारत में हिंदू राष्ट्र की स्थापना के अपने पुराने सपने को साकार करने की दिशा में सबसे बड़ा रोड़ा लगते थे।

# झारखंड का बजट और रोजगार-निवेश की संभावना



**रानी राज**

बजट और संभावनाएं

अर्थशास्त्र के अनुसार बजट एक निश्चित समय ,सामान्यतया मासिक या वार्षिक आय व्यय का खाका होता है जो अगले माह या वर्ष के लिए देश की समृद्धि का नीव रखता है। एक आम आदमी को बजट से इतना ही मतलब होता है की उसे बजट से सीधा कितना लाभ होगा , जबकि एक अर्थशास्त्री इसके दूरगामी परिणामों का आकलन करता है , एक राजनीतिज्ञ इसके राजनीतिक लाभ का आकांक्षी होता है जबकि एक व्यापारी इसमें व्यापारिक संभावनाओ को ढूंढ़ता है।

झारखंड का अपना बजट आने वाले है। पिछले 25 वर्षों में राज्य शिशु से युवा हो गया है। झारखंड के कुल बजट का आकार 2001 में ?4,800.12 करोड़ रुपए था जो 2023 -24 मेंबढ़ कर ?1.16 लाख करोड़ रुपए हो गया। राज्य में वर्ष 2004-05 में झारखंड का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) कारक लागत पर 59,772 करोड़ रुपये था जिसमे अभूतपूर्व बृद्धि हुई और 2023-24 में अनुमानित 278316 करोड़ रुपए हो गया। आय और व्यय में लगातार वृद्धि के बावजूद राज्य सामाजिक और आर्थिक संकेतकों में लगातार पीछे है। नीति आयोग की साल 2021 की बहुआयामी गरीबी सूचकांक के मुताबिक, 1.झारखंड देश का दूसरा सबसे गरीब राज्य था। नीति आयोग की साल 2021 की बहुआयामी गरीबी सूचकांक के मुताबिक, झारखंड देश का दूसरा सबसे गरीब राज्य था। 2.उच्च शिक्षा में झारखण्ड केवल बिहार से आगे है। अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआइएसएचई)-2021-22 की रिपोर्ट इसकी पुष्टि करती है। विभिन्न राज्यों की तुलना करें तो सिर्फ बिहार ही झारखंड से पीछे हैं और जहां इतनी आबादी पर महज सात कॉलेज उपलब्ध है , जबकि झारखंड में 1 लाख आबादी पर 8 कॉलेज है। राष्ट्रीय स्तर पर इतनी आबादी पर 30 कॉलेज उपलब्ध हैं। 3. झारखंड 2022-2023 के लिए राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (ऋब्लक) में चौथे स्थान पर है। सरकार का खर्च स्वास्थ्य में बढ़ा है मगर आज भी गांवों से गर्भवती महिलाओ से बुजुर्गों तक को खटिया में लाने के खबरे मिलते रहते हैं।4. सड़कें विकास के रक्त वाहिकाएं हैं तब भी 25 वर्षों के बाद भी झारखंड के कई गांवों तक पक्की सड़के नहीं है। दिसंबर 2023 तक राज्य का सड़क घनत्व 177.30 किलोमीटर / 1000 वर्ग किलोमीटर था जबकि यह राष्ट्रीय औसत से पीछे है। झारखण्ड एक युवा राज्य है , साथ ही संसाधन सम्पन्न है। झारखंड में खनिज , जनसंख्या संसाधन , पर्यटन और व्यापार की असीम संभनावए है। इसके बावजूद झारखंड अपने उन सपनो को पूरा नहीं कर सका है जो झारखंड के आंदोलनकारियों ने झारखंड आंदोलन के 85 वर्षों में देखे थे। राज्य गठन के बाद 15 वर्ष राजनीतिक उठापटक में बीते मगर पिछले 10 वर्षों में दो स्थाई सरकारों ने उम्मीदे जगाई है। झारखंड का आगामी बजट कई सन्दर्भों में महत्वपूर्ण हो सकता है। इस वर्ष अबुआ बजट के नाम से सार्वजिनक पोर्टल के माध्यम से सलाह ली गई। इसने समावेशी बजट की भूमिका का मार्ग स्पष्ट किया है,इसकी योजनाएं धरातल पर आ सकती हैं।क्रमवार जानते हैं झारखंड के विकास के लिए किन क्षेत्रो में ध्यान दिया जा सकता है।

### बजट




रोजगार : झारखंड में रोजगार एक महत्वपूर्ण विषय है। विस्थापन , पलायन और मानव तस्करी का दंश राज्य झेल रहा है। उद्योगों के स्थापना ने राज्य को गति दी मगर आम लोगो की इच्छाओ को कुचला भी। एक अच्छी विस्थापन नीति और उद्योग नीति का क्रियान्वयन - जनता संवाद मंच राज्य में उद्योगों को जन सहभागी बना सकता है। उद्योगों की स्थापना निर्यात आधारित किये जाने चाहिए। उद्योग और निवेश नीति को और बेहतर करने की आवश्यकता है ताकि उद्योगपति झारखंड में ही आकर्षित हो। झारखंड के युवाओ की काबलियत को नौकरी के दायरे से बाहर लाने की जरूरत है ताकि वे वैश्विक मांग के साथ सामंजस्य बिठा सके। स्टार्टअप अनुकूल माहौल और सहयोगी मंचो को प्रमोट करने की आवश्यकता है। नए स्टार्टअप को ऋण और अन्य सुविधाएं आसान तरीके से दिए जाने की आवश्यकता है।

कृषिः झारखंड खेती प्रधान राज्य है। बहुसंख्य आबादी कृषि में है। इसके बावजूद सब्जियों , फलो , अनाजों आदि में झारखंड निर्यात की स्थिति में नहीं है। व्यापारिक कृषि की संभावनाओं को तलाशने की जरूरत है।परिवहनः महत्वपूर्ण क्षेत्र परिवहन है। गांवों तक अच्छी सड़के बनाने से कई मकसद एक साथ हल हो सकते हैं। शिक्षा , स्वास्थ्य और रोजगार को इससे आधार मिलेगा। संस्कृतिः झारखंड में सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यटन को एक साथ देखे जाने की जरूरत है।

**(अंकेक्षण अधिकारी )**

# बहुत खतरनाक है सिस्ट की बीमारी

## ऐसे पहुंचती है शरीर में सिस्ट

हमारे देश में गंदगी, कीचड़ व नाले की भरमार है। मलमूत्र व कचरा जमीन पर खुलेआम पड़ा होता है। कुत्ते जहां-तहां मलमूत्र त्याग कर देते हैं, जिससे जमीन और वातावरण दूषित होता है। कहने का मतलब यह है कि मिट्टी, पानी व हवा में इस कीड़े (इकाइनोकोकस) के अंडों की भरमार है और ऐसी गंदी जगहों पर खोमचे वाले, चाट वाले, फलों का रस निकालने वाले, भेलपुरी बेचने वाले लाइन लगा कर खड़े होते हैं। जाहिर है कि खुले वातावरण में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का इन कीड़ों के अंडों से मिश्रित हवा व पानी से आच्छादित होना निश्चित है। इसमें कोई शक नहीं कि जब आप परिवार या मित्रों के साथ तफरीह के लिए निकलेंगे तो भला इन खुले आसमान में सड़कों के किनारे हवा के झोंकों से टकराते लुभावने भारतीय फूड का आनंद उठाने से पीछे नहीं हटेंगे। जब गरमागरम मसालेदार खाना आप के पेट में पहुंचेगा तो वह अकेला नहीं होगा बल्कि अपने साथ सिस्ट बनाने वाले अंडे भी समेटे होगा। आप को पता ही नहीं चलेगा क्योंकि ये कीड़े के अंडे इतने बारीक होते हैं कि आंख से दिखते ही नहीं।

## फेफड़े में सिस्ट


पेट में अंडे पहुंचने के बाद उसके अंदर का कीड़ा बाहर निकल आता है और आंत की दीवार को छेद कर आंतों में स्थित खून की नलियों के जरिए जिगर में पहुंच जाता है और वहां से फिर शरीर के अन्य अंगों को प्रस्थान कर जाता है। शरीर में प्रमुख रूप से यह जिगर यानी लिवर और फेफड़े में अपना स्थायी पड़ाव डाल लेता है। अपने पड़ाव पर पहुंच कर यह बढ़ना शुरू कर देता है और अपने चारों ओर एक कवच का निर्माण कर 'हाइडेटिड सिस्ट' को जन्म देता है और यह धीरे-धीरे आकार में बढ़ना शुरू कर देती है। सिस्ट बन जाने पर कवच के अंदर सुरक्षित कीड़ा अपने बच्चों को जन्म देने लगता है और कुछ समय के बाद इन की संख्या काफी मात्रा में हो जाती है जिन्हें मेडिकल भाषा में 'डॉटर सिस्ट' कहते हैं।


## ऐसे हो सकती है सिस्ट

अगर आप ऐसे इलाके में निवास करते हैं जहां भेड़ों व बकरियों को पालने व बेचने का धंधा होता है या फिर आप या आपके बच्चे गली-नुक्कड़ में पाए जाने वाले आवारा कुत्तों के साथ खेलते हैं या उन को स्पर्श करते हैं। या फिर आप ने जो घर पर कुत्ता पाल रखा है उस को न तो नियमित इंजेक्शन लगाते हों और न ही उसकी समुचित सफाई का ध्यान रखे हों और वह पालतू कुत्ता घर के अंदर ज्यादा समय बिताने के बजाय बाहर की गंदी नालियों में मुंह मारता घूमता हो, तो सिस्ट रोग हो सकता है।

अगर आप व आपके बच्चे खाना खाने के पहले अपने हाथों को साबुन से न साफ करते हों, जमीन व मिट्टी को स्पर्श करने के बाद बगैर हाथ धोए सीधा खाना खाने लगते हों। अगर आप व आपके बच्चों के गंदे व लंबे नाखून हैं जिनमें मिट्टी भरी रहती है। अगर आप सड़कों पर खुली हवा में रखे फ्रूट चाट व अन्य फास्ट फूड खाने के शौकीन हैं तो आपको और आपके बच्चों का फेफड़े या जिगर के सिस्ट रोग हो सकते हैं। अगर आप सड़क छाप घटिया ढाबे में नॉनवेज खाने के शौकीन हैं तो संभावना इस बात की ज्यादा है कि सिस्ट के कीड़े के अंडों से भरपूर मीट का अधपका टुकड़ा आपके पेट के अंदर जाकर सिस्ट बना सकता है।

अगर आप खांसी, बलगम, छाती दर्द, इस्नोफीलिया से ग्रस्त हैं तथा कभी-कभी खांसी के साथ खून भी आ जाता है तो संभावना हो सकती है कि आप छाती के सिस्ट रोग से पीड़ित हों। अगर पेट के दाहिने हिस्से में दर्द होता है और उसी हिस्से में गांठ भी मालूम पड़ती है तो हो सकता है कि जिगर यानी लिवर में सिस्ट विराजमान हो।







## सस्ती व सरल है सिस्ट की जांच

फेफड़े के सिस्ट रोग से पीड़ित मरीज को चाहिए कि वह किसी अनुभवी थोरेसिक सर्जन से परामर्श करे और उनकी निगरानी में जल्द से जल्द इलाज शुरू कर दे वरना फेफड़े की सिस्ट फट जाने पर पीड़ित मरीज को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। छाती का एक्सरे सिस्ट की उपस्थिति को प्रमाणित करने वाली सबसे सस्ती व सरल जांच है।

इसके अलावा सिस्ट का आकार, उपस्थित होने का स्थान और इलाज का निर्धारण करने के लिए अन्य आधुनिक जांचें जैसे छाती का मल्टीस्लाइड सीटी स्कैन और एमआरआई की जरूरत पड़ती है। इसलिए हमेशा ऐसे अस्पतालों में जाएं जहां इन सब जांचों की सुविधा हो और एक अनुभवी थोरेसिक सर्जन की उपलब्धता हो। कुछ विशेष अत्यधुनिक खून की जांचों की आवश्यकता भी पड़ सकती है।

सिस्ट के इलाज के निर्धारण में कई बातों का ध्यान रखना पड़ता है, जैसे सिस्ट का आकार, छाती के अंदर उस का निवास स्थान और मरीज की शारीरिक अवस्था। फेफड़े की सिस्ट का सबसे उत्तम और आदर्श इलाज ऑपरेशन ही है। सिस्ट से ग्रस्त मरीज को चाहिए जितनी जल्दी हो सके, ऑपरेशन के जरिए फेफड़े की सिस्ट को निकलवा दे। ऑपरेशन में सिस्ट के साथ फेफड़े का कुछ भाग निकालना पड़ सकता है।


## चुनें अत्याधुनिक अस्पताल

ऑपरेशन में विशेष तकनीक अपनानी पड़ती है जिसमें सिस्ट निकालने के पहले ही विशेष दवाएं डाल कर सिस्ट के अंदर पाए जाने वाले तरल पदार्थ में उपस्थित जिंदा कीड़ों को मार कर उन्हें निष्क्रिय करना पड़ता है वरना ऑपरेशन के बाद भी और नई-नई सिस्ट के बनने का खतरा बना रहता है। तरल पदार्थ को छाती के अंदर बगैर गिराए, हिफाजत से निकालना पड़ता है।

एक विशेष दवा अल्बेंडाजोल ऑपरेशन के पहले व बाद में दी जाती है। इसलिए ऐसे मरीजों को चाहिए कि किसी बड़े अस्पताल में, जहां अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर व आईसीयू की सुविधा हो और जहां फेफड़े के ऑपरेशन नियमित रूप से होते हों, अपना इलाज कराएं। इस तरह के ऑपरेशन के लिए एक अनुभवी थोरेसिक सर्जन का होना बहुत जरूरी है।

कभी-कभी ऑपरेशन के बजाय सूई डाल कर फेफड़े की सिस्ट का पानी निकाल कर उसमें दवा भरनी पड़ती है। पर यह स्थायी इलाज नहीं है और दूसरे, सूई से निकालते समय सिस्ट के अंदर का पानी छाती के अंदर फैलने का डर रहता है जिससे छाती व दूसरे अंगों में और नई-नई अनगिनत सिस्ट के बनने का खतरा पैदा हो जाता है। इसलिए सूई द्वारा इलाज कुछ विशेष परिस्थितियों में ही मजबूरन करना पड़ता है, जहां मरीज की अवस्था ठीक न हो।

# एओर्टिक स्टेनोसिस : 20 लाख लोग पीड़ित




### क्या आप जानते हैं?

- भारत में लगभग 20 लाख लोग गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित हैं। उनमें से 4.5 लाख रोगी सर्जरी के लिए अनफिट हैं।
- अगर समय पर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेस न किए जाएं तो पाया गया है कि 50 फीसदी एओर्टिक स्टेनोसिस रोगी दिल का दौरा पड़ने पर 2 साल और छाती में दर्द के साथ 5 साल तक ही जीवित रह पाते हैं।डायबिटीज रोगी 77 साल के बिपिन चंद्रा की जिंदगी अब थोड़ी सुकून भरी है लेकिन साल 2014 में उनकी स्थिति काफी तकलीफदेह हो गई थी। किडनी की बीमारी से जूझ रहे बिपिन चंद्रा की बाईपास सर्जरी हो चुकी थी। उम्र के इस पड़ाव में उनका चलना-फिरना या काम करना मुश्किल हो गया था। थोड़ा चलने पर ही वे हांफने लगते। उनकी बढ़ती समस्या को देखते हुए डाक्टर से परामर्श लिया गया।

डाक्टर ने उनके कुछ टेस्ट किए जिनमें एमएससीटी (इस तकनीक में हृदय और वेसल्स की 3डी इमेज बनाने के लिए एक्सरे बीम तथा लिक्विड डाई का इस्तेमाल किया जाता है) भी शामिल है. टैस्ट के बाद खुलासा हुआ कि वे गंभीररूप से एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित थे। बिपिन चंद्रा की सर्जरी हुए 2 साल हो गए हैं और अब वे बेहतरीन जिंदगी जी रहे हैं।

### एओर्टिक स्टेनोसिस क्या है?

जब हृदय पंप करता है तो दिल के वॉल्व खुल जाते हैं जिससे रक्त आगे जाता है और हृदय की धड़कनों के बीच तुरंत ही वे बंद हो जाते हैं ताकि रक्त पीछे की तरफ वापस न आ सके। एओर्टिक वॉल्व रक्त को बाएं लोअर चैंबर (बायां वैंट्रिकल) से एओर्टिक में जाने के निर्देश देते हैं।

एओर्टिक मुख्य रक्तवाहिका है जो बाएं लोअर चैंबर से निकल कर शरीर के बाकी हिस्सों में जाती है। अगर सामान्य प्रवाह में व्यवधान पड़ जाए तो हृदय प्रभावी तरीके से पंप नहीं कर पाता। गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस यानी एएस में एओर्टिक वॉल्व ठीक से खुल नहीं पाते। मेदांता अस्पताल के कार्डियोलौजिस्ट डा. प्रवीण चंद्रा कहते हैं कि गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस की स्थिति में आपके हृदय को शरीर में रक्त पहुंचाने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। समय के साथ इस वजह से दिल कमजोर हो जाता है। यह पूरे शरीर को प्रभावित करता है और इस वजह से सामान्य गतिविधियां करने में दिक्कत होती है। जटिल एएस बहुत गंभीर समस्या है। अगर इसका इलाज न किया जाए तो इससे जिंदगी को खतरा हो सकता है। यह हार्ट फेल्योर व अचानक कार्डिएक मृत्यु का कारण बन सकता है।

### लक्षण पहचानें

एओर्टिक स्टेनोसिस के कई मामलों में लक्षण तब तक नजर नहीं आते जब तक रक्त का प्रवाह तेजी से गिरने नहीं लगता। इसलिए यह बीमारी काफी खतरनाक है। हालांकि यह बेहतर रहता है कि बुजुर्गों में सामने आने वाले विशिष्ट लक्षणों पर खासतौर से नजर रखनी चाहिए। ये लक्षण छाती में दर्द, दबाव या जकड़न, सांस लेने में तकलीफ, बेहोशी, कार्य करने में स्तर गिरना, घबराहट या भारीपन महसूस होना और तेज या धीमी दिल की धड़कन होना हैं।

बुजुर्ग लोगों को एओर्टिक स्टेनोसिस का बहुत रिस्क रहता है क्योंकि इसका काफी समय तक शुरुआती लक्षण नहीं दिखता। जब तक लक्षण, जैसे कि छाती में दर्द या तकलीफ, बेहोशी या सांस लेने में तकलीफ, विकसित होने लगते हैं तब तक मरीज की जीने की उम्र सीमित हो जाती है। ऐसी स्थिति में इसका इलाज सिर्फ वॉल्व का रिप्लेसमेंट करना ही बचता है। हाल ही में विकसित ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वौल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) तकनीक की मदद से गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस रोगियों का इलाज प्रभावी तरीके से किया जा सकता है जिनकी सर्जरी करने में बहुत ज्यादा जोखिम होता है।

### एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट

टीएवीआर से उन एओर्टिक स्टेनोसिस रोगियों को बहुत लाभ मिलेगा जिन्हें ओपन हार्ट सर्जरी करने के लिए अनफिट माना गया है। इस उपचार की सलाह उन मरीजों को दी जाती है जिनका ऑपरेशन रिस्क भरा होता है। इससे उनके जीने और कार्यक्षमता में बहुत सुधार होता है।

गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस में जान जाने का खतरा रहता है और अधिकतर मामलों में सर्जरी की ही जरूरत पड़ती है। कुछ सालों तक इस बीमारी का इलाज ओपन हार्ट सर्जरी ही थी। लेकिन टीएवीआर के आने से अब काफी बदलाव हो रहे हैं। टीएवीआर मिनिमल इंवेसिव सर्जिकल रिप्लेसमेंट प्रक्रिया है जो गंभीर रूप से पीड़ित एओर्टिक स्टेनोसिस रोगियों और ओपन हार्ट सर्जरी के लिए रिस्की माने जाने वाले रोगियों के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा जो रोगी कई तरह की बीमारियों से घिरे हुए हैं, उनके लिए भी यह काफी प्रभावी और सुरक्षित प्रक्रिया है।

### टीएवीआर ने दी नई जिंदगी

देहरादून के 53 साल के संजीव कुमार का वजन 140 किलो था और वे हाइपरटेंशन व डायबिटीज से पीड़ित थे। इसके साथ उन्हें अनस्टेबल एंजाइना की समस्या थी जिसमें रोगी को अचानक छाती में दर्द होता है और अकसर यह दर्द आराम करते समय महसूस होता है।

संजीव को कई और बीमारियां जैसे कि नॉन क्रिटिकल क्रोनोरी आर्टरी बीमारी (सीएडी), ऑबस्ट्रेक्टिव स्लीप अपनिया (सोते समय सांस लेने में तकलीफ), उच्च रक्तचाप, क्रोनिक वीनस इनसफिशिएंसी (बाएं पैर), ग्रेड 2 फैटी लीवर (कमजोर लीवर), हर्निया और गंभीर एलवी डायफंक्शन के साथ खराब इंजेक्शन फ्रेक्शन 25 फीसदी (हृदय के पंपिग करने की कार्यक्षमता) थीं।

संजीव की स्थिति दिन ब दिन गंभीर होती जा रही थी और उन का पल्स रेट 98 प्रति मिनट (सामान्य से काफी ज्यादा) था। सीटी स्कैन और अन्य परीक्षणों के बाद खुलासा हुआ कि वे गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस से भी पीड़ित थे। इतनी बीमारियों के कारण डाक्टर ने मोटापे से ग्रस्त संजीव का इलाज ट्रांसकेथेटर एओर्टिक वौल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) से किया।

### समय पर चेकअप जरूरी

गौरतलब है कि एएस की बीमारी आमतौर पर जब तक गंभीर रूप नहीं ले लेती तब तक इस बीमारी के लक्षणों का पता नहीं चलता। इसलिए नियमित चेकअप कराने की सलाह दी जाती है। उम्र बढ़ने के साथ एएस के मामले भी बढ़ते जाते हैं। इसलिए बुजुर्ग रोगियों को वॉल्व फंक्शन टेस्ट के बारे में डाक्टर से पूछना चाहिए और गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस के इलाज की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी लेते रहना चाहिए।

# यूरिक एसिट पर कैसे करें कंट्रोल



**विटामिन सी**

शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को कम करने के लिए रोज अपनी डाइट में विटामन सी लें। एक दो महीने में यूरिक एसिड काफी कम हो जाएगा। संतरा,आंवला विटामिन सी के अच्छे स्त्रोत हैं।

**›› हाइ फाइबर फूड**

अपनी डाइट में ज्यादा फाइबर वाला फूड लेने से डाइट्री फाइबर खून से यूरिक एसिड को सोख लेता है और इसे किडनी के जरिए बाहर निकाल देता है। इसलिए जहां तक हो सके इसबगोल, ओट्स, पालक और ब्रोकली का सेवन करें। इससे यूरिक एसिड के लेवल को कम करने में मदद मिलती है।

**›› जैतून का तेल**

खाना बनाने के लिए बटर या वेजीटेबल आयल की जगह कोल्ड प्रैस्ड जैतून के तेल का इस्तेमाल करें। जैतून के तेल के इस्तेमाल से शरीर में अतिरिक्त यूरिक एसिड नहीं बनेगा।

**›› ओमेगा-3 फैटी एसिड से बचें**

यूरिक एसिड को कम करने के लिए आप ओमेगा-3 फैटी एसिड से दूरी बना लें। यह आमतौर पर मछलियों और इनके तेलों में पाया जाता है। मछली में अधिक मात्रा में प्यूरिन पाया जाता है और प्यूरिन ही शरीर में ज्यादा यूरिक एसिड पैदा करता है।

**›› बेकरी के उत्पाद से बचें**

सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट से भरपूर केक, पेस्ट्री, कुकी आदि को अपनी डाइट का हिस्सा न बनने दें। क्यों कि इससे यूरिक एसिड ज्यादा होने का खतरा रहता है।

**›› भरपूर मात्रा में पानी**

यदि शरीर में पानी की मात्रा पूरी होगी तो शरीर में मौजूद यूरिक एसिड यूरीन के रास्ते बाहर निकल जाता है। इसलिए थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहना चाहिए।

इन सबके साथ आप किसी न किसी योग्य डॉक्टर की चिकित्सा में अवश्य रहें। साथ ही आप शारीरिक श्रम से न भागे। छोटे-मोटे काम और शारीरिक हरकत अवश्य करते रहें। अधिक सोना और अधिक भोजन दोनों से बचने की आवश्यकता है। परहेज अवश्य करें क्योंकि इसके लिए सबसे बड़ी दवा यही है। जहां तक उम्र का सवाल है यह पचास साल के बाद अधिक परेशान करता है।

# बीमारी को खत्म करती है थेरैपी

**सोमा घोष**

इनाया का जन्म आम बच्चे की तरह हुआ था। लेकिन जन्म के पहले सप्ताह में उसके माता-पिता ने पाया कि उसकी कलाइयां मुड़ी सी लग रही हैं। उसके पांव भी मुड़े पाए। 3 महीने होते-होते उसकी आंखों और गरदन का हिलना झटके से होने लगा। यह देख कर माता-पिता हैरान हो गए और फिर डाक्टर के पास ले गए। डाक्टर ने कई दवाएं दीं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 6 महीने की आयु में उसे मिरगी के दौरे भी पड़ने लगे। जब भी दौरा पड़ता उसके हाथ-पांव पूरी तरह मुड़ जाते।

डाक्टर का इस बारे में कहना है कि कम उम्र में इस थेरैपी के प्रयोग से पहले काफी जांचें करनी पड़ती हैं। मेसेनकिमल स्टेम सेल्स प्रक्रिया में इतनी क्षमता होती है कि वह कठिन रोगों को ठीक कर सकती है। इस बच्ची को 21 दिनों के लिए सैल्युलर थेरैपी 3 सत्रों में दी गई। इससे उसे काफी लाभ पहुंचा। वह बहुत हद तक नॉर्मल हो चुकी है।

एक सेल यानी कोशिका से जीवन बनता है। क्या आपने कभी सोचा कि इसी सेल से ही असाध्य रोगों का इलाज संभव है? मुंबई के सेवन हिल्स हॉस्पिटल में जहां अब तक करीब 2 हजार मरीज अपना इलाज करवा चुके हैं, की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डा. रुचा पोंक्शे बताती हैं कि स्टेम सेल का प्रयोग सालों से होता आ रहा है। जिस रोगी को औरगन कैंसर होता था वहां उसके शरीर से स्टेम सेल निकाल कर कीमोथेरैपी के साथ दिए जाते थे ताकि कीमोथेरैपी अच्छी तरह से रोगी सह सके और उसका परिणाम अच्छा हो। कभी बीमारी ठीक हुई तो कभी नहीं, क्योंकि इसे कस्टमाइज्ड नहीं किया गया।

## संभव है इलाज

पिछले 10 सालों से बच्चों के जन्म के बाद उसकी नाल को रखने की विधि चलन में आई है। उसमें अधिक से अधिक स्टेम सेल पाए जाते हैं, जिनका प्रयोग किसी कठिन रोग के इलाज के लिए किया जाता है। स्टेम सेल का इलाज मुंबई में पिछले 4 साल से हो रहा है।

बड़े होने पर भी हमारे अंदर 'मदरसेल' रहते हैं, जो जीवन के अंत तक रहते हैं। उनका प्रयोग इंटरनली रिपेयर, वियर ऐंड टियर में होता रहता है, जिसमें नहाना, पेट के अंदर के सेल का बदलना, इन सब में स्टेम सेल का हाथ रहता है। इस पेशी का एक लाइफटाइम पहले से होता है, जो आपकी आयु को बताती है। जैसे ही उम्र का बढ़ना चालू होता है वैसे ही स्टेम सेल की शक्ति कम होती जाती है। हम यहां उन व्यक्तियों के लिए काम करते हैं जिन्हें हाइपरटेंशन, मधुमेह आदि बीमारियां हो गई हों। ऐसे में उस शरीर के सेल्स को लेकर उस जगह पर डाल कर इलाज कर सकते हैं। परेशानी होने पर जल्दी डाक्टर के पास जाने से अच्छा



**एक सेल यानी कोशिका से जीवन बनता है। क्या आपने कभी सोचा कि इसी सेल से ही असाध्य रोगों का इलाज संभव है? बड़े होने पर भी हमारे अंदर 'मदरसेल' रहते हैं, जो जीवन के अंत तक रहते हैं। उनका प्रयोग इंटरनली रिपेयर, वियर ऐंड टियर में होता रहता है, जिसमें नहाना, पेट के अंदर के सेल का बदलना, इन सब में स्टेम सेल का हाथ रहता है। इस पेशी का एक लाइफटाइम पहले से होता है, जो आपकी आयु को बताती है। जैसे ही उम्र का बढ़ना चालू होता है वैसे ही स्टेम सेल की शक्ति कम होती जाती है।**

रिजल्ट मिलता है। इसके अधिक उपयोगी होने की वजह यह है कि इसे रोगी के शरीर से निकाल कर उसे अच्छी तरह प्रोसेस कर फिर रोगी के अंदर डाला जाता है।

>> पहले रोगी की काउंसलिंग कर उसे समझाया जाता है। अगर वह राजी हुआ तो इलाज शुरू किया जाता है।

>> 'बोनमैरो' में हमेशा सेल्स तैयार होते रहते हैं। यह मशीनरी है, जो सेल्स तैयार करती है।

>> स्टेम सेल्स हर व्यक्ति किसी भी उम्र में देकर अपना इलाज करवा सकता है।

>> स्टेम सेल्स को बोनमैरो या बॉडी के ऊपर जो फैट रहता है उसमें से ऐनेस्थीसिया कर निकाला जाता है, जिस तरह की बीमारी है उस तरह का कौंबिनेशन बनाया जाता है। सेल्स का भी वैसा ही कौंबिनेशन बनाना जरूरी होता है ताकि अच्छी तरह के स्टेम सेल्स निकलें। इस प्रक्रिया में 2-3 घंटे का समय लगता है।

>> कई लोगों में आईवी के जरीए नौर्मल डोज दी जाती है। किसी में अगर हड्डियों की बीमारी है तो ब्रेन या स्पाइनल कॉर्ड में इंजेक्शन देना आवश्यक होता है।

>> 'मस्कुलर डिस्ट्रोफी' होने पर उनमें जो कमजोर मांसपेशी है उसे पहचान कर वहां पर इंजेक्शन दिया जाता है।

>> अगर किसी को 'गैगरीन' जैसी बीमारी है जिसमें पांव काटना पड़ रहा है तो उस घाव के आसपास के एरिया में इंजेक्शन देते हैं।


>> डोज का भी बंटवारा रोग के आधार पर पहले से ही तय करना पड़ता है।

यह थेरैपी अभी तक लोगों में अधिक प्रचलित नहीं है। यह साधारण चिकित्सा नहीं है। यह कस्टमाइज्ड विधि है। एक बीमारी के साथ कई बीमारियां होती हैं, इसलिए सबका पता कर फिर इलाज किया जाता है। यह ट्रीटमेंट दिन में 1 या 2 ही किया जा सकता है। नी रिप्लेसमेंट, हिप रिप्लेसमेंट, कैंसर, मधुमेह, किडनी का खराब हो जाना, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी, गठिया के दर्द आदि सभी का इलाज संभव है। आगे जाकर कई जैनेटिक डिस ऑर्डर को भी यह थेरैपी ठीक कर सकेगी। जन्म से पहले अगर बच्चे की कमी को जान कर मां को पहले ही उस कम हुई सेल्स का इंजेक्शन दे दिया जाए तो बच्चे की स्वस्थ डिलिवरी भी हो सकेगी। थोड़े दिनों में स्टेम सेल ड्रग डिलिवरी का काम करेगी।

इलाज के बाद सावधानी के बारे में पूछे जाने पर डा. महाजन का कहना है कि इसमें सबसे पहले लाइफस्टाइल को ठीक करना पड़ता है, जिसमें खासकर डाइट पर ध्यान देना पड़ता है। इसके अलावा व्यक्ति का मिलनसार होना जरूरी है, जिसमें घर-परिवार दोस्तों का होना जरूरी है ताकि वह अपने भाव को शेयर कर सके।

टाइप वन डायबिटीज बच्चों में हो या बड़ों में, उस में 100% उस व्यक्ति को लाभ होता है। उसकी इंसुलिन लगाने की प्रक्रिया पूरी तरह खत्म हो जाती है। गलत तरीके से इलाज करने पर इसका परिणाम गलत होता है, इसलिए जानकार डाक्टर के पास जाना ही सही रहता है। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता के अलावा दुबई, मसकट, कनाडा, अमेरिका, नाईजीरिया आदि से भी लोग इलाज के लिए यहां आते हैं।

स्पीड न्यूज



## कोलकाता में एनएमएल का सम्मेलन आज से

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर 30-31 जनवरी, 2025 के दौरान कोलकाता के न्यू टाउन स्थित होटल फेयरफील्ड बाय मैरियट में संसाधनों के सतत उपयोग के लिए कोयला और खनिज लक्षण वर्णन में नवाचार (आईसीएमसीएस- 2025) विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल) के प्लेटिनम जयंती समारोह के एक भाग के रूप में आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य संसाधनों के सतत उपयोग के लिए ज्ञान साझाकरण, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देना है। सीएमपीडीआई, रांची के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज कुमार मुख्य अतिथि होंगे तथा जियोवेल सर्विसेज, कोलकाता के सीईओ एवं निदेशक बिप्लब चटर्जी विशिष्ट अतिथि होंगे। सीएसआईआर-एनएमएल, जमशेदपुर के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी, आईसीएमसीएस-2025 की अध्यक्ष डॉ. संचिता चक्रवर्ती तथा आईसीएमसीएस-2025 के संयोजक डॉ. राजेन कुंडू सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) श्री अच्युत घटक, टाटा स्टील के रॉ मैटेरियल के उपाध्यक्ष सुंदर रामम डीबी तथा जियोवेल सर्विसेज के एसोसिएट प्रिंसिपल (भूविज्ञान एवं अन्वेषण) जॉय गोपाल घोष होंगे।

## लोयोला प्रार्थना हॉल में आज होगा शांति संभव है... सेमिनार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के ह्यूमन एकोलॉजी सोसायटी फार पीस के सौजन्य से लॉयोला प्रार्थना हॉल, बिस्टुपुर में शांति संभव है विषय पर एक शांति वार्ता का आयोजन आगामी कल 30 जनवरी, शाम 4 बजे किया गया है। यह शांति वार्ता विशेष रूप से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि की याद में, जमशेदपुर के ह्यूमन एकोलॉजी सोसायटी फार पीस की एक विशेष पहल है। इस महत्वपूर्ण शांति वार्ता में शहर के विभिन्न हिस्सों से धार्मिक गुरुओं एवं समाज के अगुवो को आमंत्रित किया गया है।

## स्व शशिभाई अडेसरा की स्मृति में रेडक्रॉस का नेत्र शिविर आज से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रौपदी देवी चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 757वां नेत्र शिविर 1 फरवरी से 3 फरवरी तक जाने माने समाजसेवी व रेड क्रॉस के पेट्रन स्व शशि भाई आडेसरा के पुण्य स्मृति में कस्तूरबेन छगनलाल ट्रस्ट के संयोजन में बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में होगा। 1 फरवरी को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच कर मोतियाबिंद प्रभावित ऑपरेशन योग्य नेत्र रोगियों को चयन किया जायेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन- -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# टाटा स्टील ने हाइड्रोजन गैस सप्लाई के लिए विकसित की विशेष पाइप

- हाइड्रोजन परिवहन के लिए स्टील पाइप विकसित करने वाली पहली देशी कंपनी
- कंपनी के खोपोली प्लांट में उत्पादित हो रहा एपीआईएक्स 65 ईआरडब्ल्यू पाइप्स

**विशेष संवाददाता**



खोपोली,महाराष्ट्र में टाटा स्टील का प्लांट।

**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा स्टील ने हाइड्रोजन परिवहन के लिए पाइप विकसित करने की पूरी प्रक्रिया में अपनी अग्रणी क्षमता का परिचय दिया, और इस उपलब्धि के साथ भारत की पहली स्टील कंपनी बन गई। यह कदम नेशनल हाइड्रोजन मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

टाटा स्टील के खोपोली प्लांट में निर्मित एपीआई एक्स 65 ईआरडब्ल्यू पाइप्स, जो कंपनी के कालिंगानगर प्लांट में उत्पादित उच्च-गुणवत्ता वाले स्टील से तैयार किए गए, ने हाइड्रोजन परिवहन के लिए सभी आवश्यक विशेषताएँ सफलतापूर्वक प्राप्त कीं। इन पाइप्स के हाइड्रोजन क्वालिफिकेशन परीक्षण आरआईएनए-सीएसएम एसपीए इटली में किए गए, जो हाइड्रोजन से संबंधित परीक्षण और मान्यता के लिए एक प्रमुख वैश्विक एजेंसी है। यह नई हाइड्रोजन-अनुकूल एपीआई एक्स 65 ग्रेड पाइप्स 100% शुद्ध गैसीय हाइड्रोजन को उच्च दबाव (100 बार) पर सुरक्षित और प्रभावी ढंग से परिवहन करने के लिए तैयार हैं।

टाटा स्टील की रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम हाइड्रोजन परिवहन और भंडारण के लिए नवोन्मेषी और सतत समाधान विकसित करने में निरंतर समर्पित रही है। इस पहल में, हॉट रोल्ड स्टील के डिजाइन और विकास से लेकर पाइप निर्माण तक की पूरी तकनीकी प्रक्रिया पूरी तरह से इन-हाउस की गई। 2024 में, टाटा स्टील ने भारत की पहली स्टील कंपनी के रूप में गौरव प्राप्त किया, जिसने गैसीय हाइड्रोजन के परिवहन के लिए विशेष हॉट रोल्ड स्टील का उत्पादन किया।

नेशनल हाइड्रोजन मिशन भारत को 2030 तक प्रति वर्ष कम से कम 5 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने की क्षमता विकसित करने में सक्षम बनाएगा, और बढ़ती निर्यात मांग के साथ यह संख्या 10 एमएमटी प्रति वर्ष तक पहुंच सकती है, जिसके लिए उत्पादन और परिवहन में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी। हाइड्रोजन परिवहन के लिए स्टील की मांग 2026-27 से शुरू होने का अनुमान है, और अगले 5 से 7 वर्षों में कुल स्टील की आवश्यकता 350 केटी तक पहुंचने की संभावना है। जबकि हाइड्रोजन परिवहन के विभिन्न तरीके उपलब्ध हैं, स्टील पाइपलाइंस को बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन परिवहन के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से सबसे अधिक उपयुक्त माना जाता है।

## नेशनल हाइड्रोजन मिशन में योगदान करने पर टाटा स्टील को बहुत ही गर्व: प्रभात कुमार


टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट प्रभात कुमार।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील में फ्लैट प्रोडक्ट्स विभाग के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग एंड सेल्स) प्रभात कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि टाटा स्टील हमेशा से ही महत्वपूर्ण स्टील ग्रेड के निर्माण में तकनीकी नवाचार की दिशा में अग्रणी रही है। नई ईआरडब्लू पाइप्स का सफल परीक्षण यह दर्शाता है कि हम ऊर्जा क्षेत्र के लिए आवश्यक भौतिक अवसंरचना को देश में ही प्रभावी रूप से तैयार कर सकते हैं। हम गर्व के साथ भारत के नेशनल हाइड्रोजन मिशन में योगदान दे रहे हैं, जो देश के स्वच्छ ऊर्जा रूपांतरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। टाटा स्टील भारत की पहली स्टील कंपनी है, जिसने इस चुनौती को न केवल स्वीकार किया, बल्कि इसे सफलतापूर्वक पूरा कर घरेलू और वैश्विक स्तर पर इन विशेष ग्रेड स्टील पाइप्स की बढ़ती मांग को पूरा किया।

### लॉ एंड आर्डर समेत कई समस्याओं को लेकर सीएम से मिले पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता

# जमशेदपुर में गिरता लॉ एंड आर्डर बेहद चिंता का विषय : बन्ना गुप्ता

- कहा, जनहित के मुद्दों पर हमेशा जमशेदपुर की जनता के साथ खड़ा रहूंगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


सीएम हेमंत सोरेन से मिलते पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ आत्मीय मुलाकात कर उन्हें जमशेदपुर से जुड़े कई जनहित के मुद्दों के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया।

पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने पिछले कई दिनों से चल रहे मानगो के कचड़े के मुद्दे पर संज्ञान लेने का आग्रह किया साथ ही कचड़े का निष्पादन हेतु कार्ययोजना बनाने का आग्रह भी किया। इसके साथ ही मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने का विशेष निर्देश अधिकारियों एवं संबंधित कंपनी को देने का आग्रह किया। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सुचारु विद्युत व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करने का निर्देश भी अधिकारियों को देने का आग्रह किया।

बन्ना गुप्ता ने इसके साथ शहर में बेहतर लॉ एंड आर्डर समेत क्षेत्र के विभिन्न अन्य मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत कर हल निकालने का आग्रह भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया। सीएम हेमंत सोरेन जी ने उनकी सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द समाधान देने का आश्वासन पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता को दिया।

## एक नजर में

### सदर अस्पताल को मिला एनक्यूएएस सर्टिफिकेट



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला अस्पताल (सदर अस्पताल) को नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। जिले की इस उपलब्धि पर डीसी अनन्य मित्तल ने खुशी व्यक्त करते हुए सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल समेत चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाने से जिले के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का उत्साह दोगुना हुआ है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन इस दिशा में सतत प्रयासरत है कि स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करते हुए जिला अस्पताल की तरह अन्य सभी सरकारी अस्पतालों यथा- सीएचसी, पीएचसी, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सीय सेवाओं को और बेहतर किया जाए। विदित हो कि सरकारी अस्पतालों के गुणवत्ता निर्धारण हेतु एनक्यूएएस एक पैमाना है। एनक्यूएएस के विभिन्न मापदंडों पर खरा उतरने पर जिला अस्पताल, जमशेदपुर को राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रमाणित किया गया। सदर अस्पताल जमशेदपुर को 86 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। गौरतलब है कि गत वर्ष 2023 में भी सदर अस्पताल को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ था।

### विहंगम योग ने डीडीयूएम उच्च विद्यालय में लगाया मेडिटेशन शिविर



**जमशेदपुर।** आज विहंगम योग टाटा संत समाज के विशेष प्रचार-प्रसार-प्रयास द्वारा सुन्दरनगर कदमडीह स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों एवं स्टॉफ के लिए मेडिटेशन शिविर लगाया गया। वरिष्ठ प्रचारक सह उपदेश पंडित योगेंद्रनाथ पाण्डेय एवं उपदेश आशा पाण्डेय द्वारा विहंगम योग से होने वाले लाभ पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को क्रियात्मक अभ्यास साधना पद्धति से अवगत कराते हुए मेडिटेशन कराया गया। जिला संयोजक बिजेन्दर उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में समन्वयक नीरज मिश्रा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया जिसमें वैज्ञानिक शोध एवं संस्था की जानकारी साझा करते हुए बताया गया की आज विहंगम योग संस्थान अंतराष्ट्रीय स्तर पर लाखों लोगों के जीवन को सकारात्मक बनाने का प्रयास कर रही है। विहंगम योग संस्था द्वारा विद्यालय में पुस्तकालय के लिए विश्व का अद्वितीय आध्यात्मिक सदग्रन्थ स्वर्वेद भी प्रदान किया गया। प्रिंसिपल देबदास प्रधान जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देते हुए विहंगम योग संस्थान के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगे भी शिविर लगाने की इच्छा जतायी गयी। शिविर से प्रिंसिपल देबदास प्रधान, सहायक शिक्षिका दुर्गा पिल्लई, सहायक शिक्षक संदीप रंजन, सहायिका सविता महतो संग उपस्थित अन्य बच्चे लाभान्वित हुए।

### काशीडीह गोलीकांड का आरोपी गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** काशीडीह में सम्राट सिंह पर गोली चलाने वाले अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव उम्र 35 वर्ष पे० प्रेम यादव काशीडीह लाईन न0-01, बगान 10-3 साकची थाना साकची जिला पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त से पुछताछ के पश्चात उनके निशानदेही पर घर के छत से कांड में युक्त किये गए एक पिस्टल एवं 7.65 एम०एम० का एक मिस फायर गोली बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्त सूचि तैयार कर जप्त किया गया। बता दें दिनांक 25.01.25 को वादी सम्राट सिंह पे० नरेन्द्र सिंह पता-231/9 काशीडीह साकची जमशेदपुर के द्वारा साकची थाना में एक लिखित आवदेन दिया गया जिसके आधार पर साकची थाना कांड सं0-09/25 दिनांक 25.01.25 धारा-127/115 (2)/125/ 109/ 351(2)/ 3(5) एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया।

## यूसिल के नये वित्त निर्देशक विक्रम केसरी दास ने संभाला कार्यभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


यूसिल के नये वित निर्देशक श्री दास पदभार ग्रहण करने के बाद।

**जादूगोड़ा।** यूसिल के नए स्थाई वित्त निर्देशक विक्रम केसरी दास ने आज बृहस्पतिवार को नए वित्त निर्देशक का पदभार ग्रहण कर लिया। वे निवर्तमान वित निर्देशक शारदा भूषण महंती से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पदभार ग्रहण किया। इधर अतिरिक्त प्रभार पर चल रहे यूसिल के निवर्तमान वित निर्देशक शारदा भूषण महती ने आई आर एल कंपनी की मुंबई शाखा में सीएमडी के तौर पर अपनी सेवा देंगे। यूसिल के नए वित निर्देशक विक्रम केसरी दास के आज योगदान करने के बाद दिन भर उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। सबसे पहले लेखा विभाग के एचओडी टी के मुखर्जी ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद जादूगोड़ा ग्रुप ऑफ माइंस के एजेंट मनोरंजन महाली, कंपनी सचिव बी सी गुप्ता, मनोज कर, डॉ पी के अधिकारी, पोसी बाबू, ओरजित, राहुल सिंह सुभाष सोरेन, तपन गिरी, अभिषेक तिवारी, संतोष तिवारी ने भी कार्यालय पहुंच कर नये वित निर्देशक विक्रम केसरी दास को बधाई दी। यूसिल के वित निर्देशक विक्रम केसरी दास ने कंपनी के योगदान से पूर्व जादूगोड़ा की सुप्रसिद्ध रंकणी मंदिर में माथा टेका व यूसिल की सुख समृद्धि की कामना की।

# पिता की मौत का बदला लेने के लिए रोहित ने की थी ट्रांसपोर्टर की हत्या

›› हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


हत्याकांड में शामिल आरोपियों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते सीनियर एसपी किशोर कौशल।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र के मनान गली में बीते दिनों ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित दीक्षित, शुभम कुमार, विमल गोप, विवेक कुमार और अंकित शर्मा शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दो हथियार, एक गोली और घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस ने बुधवार को मामले का खुलासा किया।

जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि साल 2014 में रोहित के पिता की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में संतोष सिंह को आरोपित बनाया गया था और वह जेल भी गया था। बीते कुछ महीनों से रोहित का आपराधिक चरित्र वाले लोगों के साथ उठनाझबैठना चल रहा था। इसी दौरान अन्य साथियों ने उसे बहका दिया जिसके बाद रोहित ने संतोष की हत्या का प्लान बनाया। इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार रौनक सिंह और निखिल ने आर्थिक रूप से मदद की थी। रोहित ने एक अन्य साथी से हथियार लिया था। विमल और विवेक ने रेकी की थी जबकि रोहित, शुभम और अंकित ने संतोष को गोली मारी थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# मानगो क्षेत्र की बदहाल व्यवस्था पर भाजपा ने मानगो नगर निगम को घेरा

- बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स पर भाजपा ने बोला हमला
- पहले सुविधा दो, फिर टैक्स वसूलो का दिया नारा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर ने मानगो क्षेत्र की जर्जर नागरिक सुविधाओं और नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बुधवार को मानगो नगर निगम कार्यालय में उप नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने नगर निगम की लापरवाही और नागरिक सुविधाओं की बदहाली पर कड़ा रोष प्रकट करते हुए अविलंब समाधान की मांग की। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मानगो नगर निगम की संवेदनहीनता और उदासीनता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन में बताया गया कि मानगो क्षेत्र में पिछले कई महीनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कचरे का अंबार गलियों, सड़कों और नालियों में जमा हो गया है।

## आदित्यपुर : सांसद जोबा माझी ने पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**आदित्यपुर।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने गत मंगलवार को आदित्यपुर में नगर विकास एवं आवास विभाग से बनने वाले पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़क का निर्माण आदित्यपुर के वार्ड संख्या-17 में टाटा-कांड्रा सर्विस रोड से लक्ष्य अपार्टमेंट तक किया जायेगा। यह सड़क क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग में शामिल थी। इस मौके पर सांसद ने स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा सड़क के निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। सांसद ने कहा वह सिंहभूम संसदीय क्षेत्र सहित आदित्यपुर-गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर है। निवास स्थान दूर होने के कारण इस क्षेत्र के लोगों से संवाद में परेशानी होती है। इसे दूर करने के लिए जल्द यहां कार्यालय खोलूंगी।

# एमजीएम की नयी बिल्डिंग में भूमिगत जल का इस्तेमाल न हो: सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से बोले जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक
- प्रधान सचिव को सरयू के सुझाव
- पहला सुझाव- टाटा स्टील डिमना लेक के पानी से ही अस्पताल को कनेक्शन दे दे
- दूसरा सुझाव- सतनाला डैम से पानी लाकर अस्पताल में दिया जाये
- डीप बोरिंग बंद हो, इससे क्षेत्र के चापाकल सूखेंगे
- बोरिंग करना पर्यावरण स्वीकृति के प्रावधान के विरुद्ध है


सरयू राय, विधायक।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से कहा है कि नये एमजीएम अस्पताल भवन में भूमिगत जल का उपयोग नहीं करें, डीप बोरिंग नहीं करें। डीप बोरिंग करने से आसपास के इलाकों में चापाकल सूख जाएंगे और आम जनता परेशान होगी। अस्पताल के संचालन के लिए, जो पर्यावरण स्वीकृति ली गई है, उसमें भूमिगत जल के इस्तेमाल का कोई प्रावधान नहीं है।

यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि प्रावधान के अनुसार, नगर निगम से इस बात की स्वीकृति लेनी है कि वह एमजीएम अस्पताल को प्रतिदिन 300 लाख लीटर पानी देगा। अस्पताल में कुल करीब 500 लाख लीटर पानी की जरूरत होगी, उसमें से शेष जल को उपयोग में आने वाले जल को शुद्ध करके इस्तेमाल किया जाएगा।

श्री राय ने कहा कि बोरिंग करना तो पर्यावरण स्वीकृति के प्रावधान के भी विरोध में ही है। पिछले पांच वर्षों में स्वास्थ्य मंत्री या मुख्यमंत्री ने इसकी व्यवस्था नहीं की। यह नहीं सोचा गया कि अस्पताल के परिचालन के लिए पानी कहां से आएगा। ऐन चुनाव के वक्त हड़बड़ी में एमजीएम की ओपीडी को एमजीएम के नये भवन में शिफ्ट कर दिया गया। उस समय तक उस भवन को भी ठेकेदार ने हैंडओवर नहीं किया था। आज तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अस्पताल संचालन के लिए सहमति नहीं मिली है। जब शीर्ष पर बैठे अधिकारी और मंत्री ही नियमों का उल्लंघन करेंगे, तो आम जनता के लिए क्या ही कहा जा सकता है।

श्री राय ने प्रधान सचिव को दो विकल्प सुझाये : पहला-जमशेदपुर के लिए मानगो होकर डिमना लेक का पानी जाता है तो उसमें से ही टाटा स्टील अस्पताल को कनेक्शन दे दे। दूसरा-पारडीह के पास सतनाला डैम है वहां प्रचुर पानी है। वह जैम ऊंचाई पर है। वहां से बहुत कम खर्च में और बेहद कम समय में गुरुत्वाकर्षण बल से पानी आ जायेगा। अस्पताल को भी भरपूर पानी मिलेगा और मानगो के वासियों को भी। इन दो विकल्पों पर सरकार को काम करना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### लांग लाइफ केयर में आज मरीजों को देखेंगे स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ निशांत




**मेदिनीनगर।** मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल एवं ब्रिच कैंडी अस्पताल के स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ निशांत कुमार 29 जनवरी को मेदिनीनगर के सदिक मंजिल चौक स्थित लॉन्ग लाइफ केयर हॉस्पिटल में अपनी सेवा देंगे। इसके लिए यहां रजिस्ट्रेशन हो रहा है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले रोगियों का चेकअप लॉन्ग लाइफ केयर हॉस्पिटल के निर्देशक और पलामू के मशहूर चिकित्सक डॉ ए अंसारी की देखरेख में होगा। बता दें कि डॉ निशांत देश के प्रसिद्ध स्पाइन रोग विशेषज्ञ हैं। वे कमर दर्द, पीठ दर्द, गर्दन दर्द, हाथों एवं पैरों में भारीपन, सूनापन एवं झनझनाहट, चलने एवं खड़े रहने में पैरों में दर्द एवं भारीपन, पेशाब–लैट्रिन का कंट्रोल खो जाना, कमर में इन्फेक्शन, फ्रैक्चर, कैंसर और कमर का टेढ़ापन आदि बीमारियों का इलाज किया जायेगा।

### भूटान में विजेता बने संत मरियम के रौनक को चेयरमैन ने किया सम्मानित




**मेदिनीनगर।** फुंटशोलिग भूटान में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के फाईट इवेंट में गोल्ड मेडल व एक लाख का पुरस्कार विजेता रौनक कुमार को संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। वहीं शिक्षकों ने बधाई दी। श्री देव ने कहा कि पढ़ाई के साथ आत्मरक्षा कला का ज्ञान लेना जरूरी है। इसे भी पढ़ाई के एक विषय में शामिल किया जाये, ताकि विषम परिस्थितियों में हम इसका लाभ उठा सके। रौनक को मलेशिया के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का सारा खर्च विद्यालय वहन करेगी। मौके पर उप प्रचार्य एसबी शाहा, को–ऑर्डिनेटर अचला सिंह, मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार, गायत्री दत्त, फरवीन खातुन, एकता सहाय, रेखा सिन्हा, चांदनी कुमारी, पल्लवी कुमारी, अंशु कुमारी, पुजा कुमारी, प्रिया सिन्हा, सुमित व कई अन्य मौजूद थे।

### कौशल सम्मान योजना से लाभान्वित कराये जायेंगे पलामू के शिल्पकार



**मेदिनीनगर।** पलामू के कारीगर और शिल्पकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित होंगे। योग्य लाभुकों को योजना के लाभ से लाभान्वित किये जाने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निदेश पर तत्परता के साथ कार्य किये जा रहे हैं। योजना के तहत विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त आवेदनों का आज उपायुक्त शशि रंजन ने समीक्षा की। समिति के समक्ष प्राप्त 673 आवेदन पत्र जांच कर प्रस्तुत किये गये। इसमें 336 आवेदन पत्र सही पाये गये। त्रुटिपूर्ण 337 आवेदन अस्वीकृत कर निरस्त कर दिये गये।

### ज्ञानदीप ज्योति पब्लिक स्कूल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**पाटन पलामू।** प्रखंड के किशुनपुर में संचालित ज्ञानदीप ज्योति पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के मौके पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व भव्य झांकी निकाला गया। जिसमे बच्चो ने आकर्षक इंडिया गेट, फाइटर जेट, लाल किला, पर्यावरण से जुड़ी पेंटिंग के साथ भारत माता, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, डॉ अंबेडकर आदि के रूप में कार्यक्रम को सजाया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के बतौर अतिथि मुखिया सुमन गुप्ता, लव मेहता, भाजपा ने अवधेश सिंह चेरो, शैलेश मेहता, कर्मचारी प्रकाश राम, नंदकुमार मेहता, मौर्य सेना से खछड्ट के जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता, मौर्य सेना के केंद्रीय महासचिव रवि रंजन मेहता, ईचागढ़ थाना प्रभारी बिमलेश मेहता, मेंकमेश सिंह चेरो, युवा नेता प्रकाश राम, अरुण सिंह चेरो आदि उपस्थित रहे। सीओ ने कहा कि ज्ञानदीप ज्योति पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। मौके पर गायक शशि श्रीवास्तव, सोनू सदाम, प्रवीण, नगमा साहिन, शाहजहां अंसारी, प्राचार्य रंजीत सिंह, उप प्राचार्य सारंगधर पांडे, सत्येंद्र सिंह, मुरली चौधरी, ज्योति उपाध्याय, निशा दुबे, साधना कुमारी, अंकिता सिंह, चंदन कुमार, राकेश सिंह मौजूद थे।

### झामुमो के सदस्य बनने के लिए उमड़ रहा जनसैलाब : राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू की एकदिवसीय बैठक में पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा हुई। जिसकी अध्यक्षता संयोजक प्रमुख राजेंद्र प्रसाद सिन्हा जबकि संचालन संयोजक सदस्य सन्नू सिद्दिकी ने किया। पलामू में झामुमो ने डेढ़ लाख सदस्य बनाने का निर्णय लिया है, अब तक 25 हजार लोगों को सदस्य बनाया जा चुका है। इस बैठक में सभी प्रखंडों के पांच पांच लोगों को प्रखंड संयोजक सदस्य बनाया गया। साथ सभी प्रखंड संयोजकों को मजबूत पंचायत समिति गठन करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान में और अधिक तेजी लाई जाएगी। संयोजक प्रमुख राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सभी प्रखंडों के नेताओं से सदस्यता अभियान को गति देने और हर प्रखंड में संयोजक सदस्यों की संख्या बढ़ाकर गांवों तक पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता हेमंत सोरेन के जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं। जहां भी सदस्यता कैंप लग रहा है, वहां जनसैलाब उमड़ रहा है। हमारी विचारधारा झारखंड की विचारधारा है, हमें लोगों को इससे जोड़ना है। झामुमो के नेत्री माननीय कल्पना सोरेन जी और मईया सम्मान योजना का असर है कि सभी घरों की महिला झामुमो से जुड़ना चाहती हैं। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने पार्टी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी नेताओं का हौसला बढ़ाया और यह स्पष्ट किया कि झामुमो पलामू ने जो डेढ़ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

सदर थाना क्षेत्र के चुकरू स्थित नवनिर्मित टोल प्लाजा गोलीकांड का उद्भेदन

# अमन साव गैंग के दो गिरफ्तार

■ साठ हजार रुपये सुपारी लेकर कांड को दिया अंजाम : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चुकरू स्थित नवनिर्मित टोल प्लाजा में लगे मजदूर सुमन सेन पिता नंदू लाल सेन (बंगाल) को अज्ञात अपराधियों ने सात जनवरी को गोली मारकर जख्मी कर दिया था। इसे गंभीरता से लेते हुए एसपी रीष्मा रमेसन ने सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित कर मामले का उद्भेदन करने को कहा था। इस संबंध में एसपी रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि घटना में संलिप्त शुटर शुभम रेड़मा की ओर घूम रहा है।



**खास बातें :** इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया गया। उसके निशानदेही पर आकाश कुमार पिता सूरज राम बेलवाटिका निवासी को भी गिरफ्तार किया गया। इनलोगों ने पूछताछ के क्रम में बताया कि अमन साव गैंग के राहुल सिंह जो लातेहार का रहने वाला है उसने साठ हजार रुपये सुपारी देकर टोल प्लाजा में गोली चलाने को कहा था। एसपी ने बताया कि इस मामले में दोनों को जेल भेज दिया गया है। इनलोगों के पास से एक पिस्टल, तीन जिंदा गोली, एक खाली मैगजीन दो मोबाईल बरामद किया गया है। अमन साव गैंग के राहुल सिंह ने साठ हजार सुपारी दी थी। इसमें राहुल की भी गिरफ्तारी की जायेगी। छापेमारी दल में सदर एसडीपीओ, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, पुअनि रंजीत कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# गांजा खरीद-बिक्री में तीन धराये

■ तस्करी का मुख्य सरगना मिथलेश भुइयां है : एसडीपीओ मणिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित नवनिर्मित भवन के पास से पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। इस संबंध में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने शहर थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि स्टेशन के समीप अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद बिक्री करने के लिए कुछल्लोग जमा हुए हैं। सूचना के आलोक में पुलिस टीम गठित कर छापेमारी किया गया। जैसे ही पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची कि पूर्व से खड़े लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। जिसे सशस्त्र बल द्वारा घेराबंदी कर भाग रहे तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। बताया कि सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा एवं अन्य के समक्ष तीनों व्यक्ति की तलाशी ली गयी। तीनों के पास से आठ किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति हबीस अंसारी पिता वाहिद अंसारी ग्राम डंडार कला, दिलीप कुमार पिता कृत मोची ग्राम पकरिया, पिंटु कुमार पिता सुरेंद्र मोची ग्राम पकरिया तीनों पांकी थाना के निवासी को पांकी निवासी मिथिलेश भुइयां गांजा देकर बनारस निवासी अमित कुमार गुप्ता के पास पहुंचाने को कहा था। जिसे लेकर गिरफ्तार तीनों व्यक्ति डालटनगंज स्टेशन पहुंचे थे इन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आगे की अनुसंधान की जा रही है। प्रेस वार्ता में शहर थाना प्रभारी देव्रवत पोद्दार, पुअनि गुलश बिरूआ, पुअनि सुबोध कुमार, संदीप कुमार भारती समेत कई कर्मी शामिल थे।

लिंग चयन तकनीकों के उपयोग पर प्रतिबंध को लेकर उपायुक्त ने किया जागरूकता रैली रवाना

# पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत लिंग निर्धारण अपराध : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्री कंसेप्सनल एंड प्री नेटल डायग्नोस्टिक तकनीक अधिनियम (पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट) 1994 की जागरूकता हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज रैली निकाली गई। उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत लिंग निर्धारण अपराध है। सेव द गर्ल चाइल्ड कैंपेन के तहत इसके लिए जनमानस में जन-



जागरूकता रैली को रवाना करते उपायुक्त व अन्य।

जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता से लिंग चयन तकनीकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाये जाने में मदद मिलेगी। समाहरणालय से निकलकर रैली शहीद चौक, छः मुहान, हॉस्पिटल चौक होते हुए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचकर समाप्त होगी। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ अनिल श्रीवास्तव, डीपीएम (स्वास्थ्य) प्रदीप कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों को बढ़ायें : उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शशि रंजन की अध्यक्षता में आज रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। उपायुक्त ने रेडक्रॉस सोसाइटी की गतिविधियों को बढ़ाने को कहा। उन्होंने सोसाइटी के पदाधिकारियों को जनकल्याण के कार्यों एवं गतिविधियां कर लोगों को लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने ब्लड बैंक को समृद्ध करने के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करने, आदिम जनजाति एवं सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कैंप लगाने, कपड़ा बैंक बनाकर जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कपड़ा वितरित करने को कहा।

# कबड्डी की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता पलामू में होना बेहद गौरव की बात: अरुणा शंकर

■ प्रतियोगिता से पलामू में कबड्डी को बढ़ावा मिलेगा : आईपीएस दिव्यांश शुक्ला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस स्टेडियम में 17वीं झारखंड राज्य सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। 28 से 30 जनवरी तक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 30 को प्रतियोगिता का समापन होगा। महिला कबड्डी में पलामू, देवघर, लोहरदगा, धनबाद, गिरिडीह, रांची, हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, गढ़वा, लातेहार, बोकारो, साहेबगंज, जामताड़ा से खिलाड़ी मेदिनीनगर पहुंच प्रतियोगिता का हिस्सा बनी। अध्यक्ष पंडित प्रदीप नारायण की



प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

अध्यक्षता में प्रतियोगिता हो रही है। महिला कबड्डी प्रतियोगिता के संरक्षक- सोनू नामधारी, ब्रजेश शुक्ला, अध्यक्ष- पंडित प्रदीप नारायण, सचिव उपेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष कर्नल रंजीत किशोर, सत्यनारायण शर्मा, निधि उपाध्याय, अजय कुमार, धीरज मेहता, सचिव नवदीप सिंह , संयुक्त सचिव - त्रिपुरारी प्रजापति, अनूप दूबे, सुनील यादव, कोषाध्यक्ष - सिकंदर कुमार कबड्डी एसोसिएशन के राज्य पदाधिकारी विपिन सिंह प्रदेश अधक्ष्य, तेजनारायण माधव चयन समिति के अध्यक्ष, जगदीश कुमार रेफरी बोर्ड के अधक्ष्य एवं अन्य ऑफिशियल शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य आईपीएस दिव्यांश शुक्ला, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, राजीव रंजन डाई एसपी, विमल चंद्रवंशी सार्जेंट, सुरेश राम इंस्पेक्टर शहर थाना, सेवा राम साहू कल्याण पदाधिकारी, सुशील सिन्हा पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष, लालेश्वर राम, उप महा मंत्री पुलिस मेंस एसोसिएशन, नागेंद्र चौधरी प्रशिक्षक पुलिस विभाग आदि लगे हुए हैं।

### होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से 125 का इलाज



**विश्रामपुर (पलामू)।** नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल ने केतात कला पंचायत सचिवालय में चिकित्सा शिविर लगाया। जिसमें होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से 125 लोगों का मुफ्त उपचार किया गया। मरीजों को दवा भी नि:शुल्क दिया गया। शिविर में डॉ रमेश चंद्र सिंह, डॉ कौशलेंद्र कुमार व डॉ संदेश कुमार ने जांचोपरांत उपचार किया। शिविर के सफल आयोजन में नर्सिंग स्टाफ रतनबाला चौबे, दवा वितरक अंकिता कुमारी, नीतू कुमारी, आर्यांशी कुमारी, चांदनी कुमारी, अभय कुमार अनिल कुमार का अहम योगदान रहा। मौके पर मुखिया सहित कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

### यातायात नियमों के प्रति नावा बाजार पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नावाबाजार पलामू।** नागरिकों में यातायात नियमों की जानकारी व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के नेतृत्व में बुधवार को नावां बाजार परिसर में यातायात नियमों की जागरूकता को लेकर नेक नागरिक सम्मान कार्यक्रम चलाया गया। जहां नावाबाजार थाना के द्वारा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता के प्रति जानकारी दी गई। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि बिना हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन व बिना सीट बेल्ट लगाये चार पहिया वाहन नही चलाना चहिए, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के कोई भी वाहन नहीं चलाने, वाहन के समस्त वैध दस्तावेज साथ रखना, हमेशा सड़क के बाएं ओर वाहन चलाना, आगे के वाहन को हमेशा दायीं ओर से ओव्हर टेक करना, नियमित गति से वाहन चलाना आदि नियमों की जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार की गुड सेमेरिटन योजना की भी जानकारी दी।

# एसडीओ ने बैठक कर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** प्रशिक्षु आईएएस सह छतरपुर एसडीओ आशिष गंगवार ने बुधवार को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत हरिहरगंज प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान उन्होंने नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी 40 संकेतकों से संबंधित अधिकारियों से बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट लिया। साथ ही अधिकारियों को ससमय लक्ष्य पूरा करने के साथ सरकार के पोर्टल पर अपडेट करने को कहा। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई योजना धरातल पर क्रियान्वयन किये गये हैं। किंतु वेब पोर्टल पर अपडेटेड नहीं किये गये हैं। इस पर उन्होंने अपेक्षित सुधार करने तथा इ विद्या वाहिनी पोर्टल पर विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या के अंतर को समाप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद, आकांक्षी ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रणव कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार भी थे।

### इंक्रेडिबल नेशनल स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



**पाटन पलामू।** इंक्रेडिबल नेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मना। इसे सफल बनाने में शिक्षकों और छात्रों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्कूल की प्राचार्या अंकिता और उपनिदेशक प्रतिमा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम बेहद प्रभावशाली और यादगार रहा। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत और भाषण जैसी प्रस्तुतियों ने सबका मन मोहा। बच्चों ने अपनी प्रतिभा और देशभक्ति के जोश से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए एक सीखने का अवसर था, बल्कि यह सभी के लिए गर्व का क्षण भी रहा।

### हरिहरगंज में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

■ शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष स्नेहलता देवी ने किया। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि आज ही के दिन हिंदुस्तान को संविधान प्राप्त हुआ था। जिसके माध्यम से देशवासियों को उनका हक अधिकार प्राप्त हुआ है। देश का संविधान हमारी शान है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत, देश भक्ति गीत व नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विपुल रंजन ने किया। मौके पर राकेश कुमार, विनय कुमार रवि, अर्चना कुमारी, पंकज कुमार, नवीन कुमार, अब्दुल कलाम आजाद भी थे।

# महाकुंभ : भगदड़ में राजहरा की एक महिला की मौत, घायल बहन गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रयागराज महाकुंभ में मंगलवार की रात मची भगदड़ में नावा बाजार प्रखंड के राजहरा गांव की एक महिला की मौत हो गयी। इस घटना में उसके कुछ परिजन भी घायल हैं जिसमें उसकी बहन की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार सेवानिवृत सैन्यकर्मी अमरेश पांडेय पत्नी गायत्री देवी (60) व बड़े बेटे सहित दर्जन भर रिश्तेदारों के साथ सोमवार को

■ मृतका अपने पति, बेटे सहित दर्जन भर रिश्तेदारों के साथ संगम स्नान के लिए सोमवार को गयी थी प्रयागराज



प्रयागराज महाकुंभ गये थे। मंगलवार की दोपहर मेला पहुंच भी गये थे। मौनी अमावस्या को प्रातः स्नान स्नान के लिए सभी वहीं रुक गये। रात नौ बजे संगम तट किनारे सभी चादर बिछाकर सो गये। इसी बीच रात करीब दो बजे बैरिकेटिंग टूटने के बाद भगदड़ मची। तट पर सोये लोग अनियंत्रित भीड़ की चपेट में आ गये। इसमें गायत्री की मौत हो गयी। उनकी बड़ी बहन तेतरी देवी (62) गंभीर रूप से घायल है। भाई राम कृपाल तिवारी व जीजा कयास दुबे भी घायल हैं। कयास झुरा (गढ़वा) के हैं। मृतका का मायका तोलरा जबकि ससुराल राजहरा गांव में है। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार होगा।

### पीएम श्री लालगढ़ मवि में सामूहिक भोज संपन्न



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के पीएम श्री लालगढ़ मध्य विद्यालय में विशेष भोज का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक, अभिभावक व छात्रों ने सामूहिक रूप से भोजन किया। इस विशेष भोज का आयोजन वरीय शिक्षक हरिशंकर मिश्र द्वारा किया गया था। यहां बताते चलें कि श्री मिश्रा फरवरी माह में सेवानिवृत हो रहे हैं। मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि शिक्षक हरीशंकर मिश्र ने शिक्षकों के साथ समन्वय को लेकर जो आदर्श स्थापित किया है। हरीशंकर मिश्र ने कहा कि यह आयोजन अपने सहयोगियों के प्रति उनका एक अनुराग है। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व व वर्तमान अध्यक्ष, रसोइया, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, बीपीओ मणिकांत पांडेय, बीपीएम सतीश तिवारी, बीआरपी मनोज पाठक व बीआरसी किशोर दुबे ने सम्मानित किया।

आइआइटी (आइएसएम) एवं एनएचएआई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

# सुरंगों की डिजाइन में आइएसएम की भूमिका अहम

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** देश में पहाड़ों के बीच सुरंगों और उनकी सहायक संरचनाओं की डिजाइन और चित्रों की समीक्षा में सहयोग के लिए नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया एवं आईआईटी (आईएसएम) ने एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किया है। केंद्रीय सरकार के सड़क परिवाहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इस महत्तम कार्य के लिए आईएसएम के साथ ओएमयू को धनबाद के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस समझौते के तहत, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की विशेषज्ञता का उपयोग सुरंगों के तकनीकी डिजाइन और संरचनात्मक चित्रों की समीक्षा, आवश्यक सुधारों की पहचान और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए करेगा।

आईएसएम के खनन विभाग के प्रो. भंवर सिंह चौधरी ने इस सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे सड़क परिवहन मंत्रालय




को आईआईटी (आईएसएम) की गहन जानकारी और उन्नत तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा, जिससे सुरंग डिजाइन का मूल्यांकन कर संरचनात्मक सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए जा सकेंगे। यह साझेदारी भारत में सड़क अवसंरचना के विकास और रखरखाव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सुरंग निर्माण परियोजनाओं के लिए नवीन इंजीनियरिंग समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार एमओयू के वक्त आईआईटी के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्र, प्रो. सागर पाल, डीन (अनुसंधान और विकास), प्रो. भंवर सिंह चौधरी, डी. सारंगी, महानिदेशक (सड़क विकास) और विशेष सचिव, (ऑनलाइन उपस्थिति), श्री राहुल गुप्ता, मुख्य अभियंता, रामशीद पदूषा, अधीक्षण अभियंता, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (ऑनलाइन उपस्थिति) उपस्थित थे। समझौते के तहत, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की विशेषज्ञता का उपयोग सुरंगों की तकनीकी डिजाइन और संरचनात्मक चित्रों की समीक्षा, आवश्यक सुधारों की पहचान और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए करेगा।

### झामुमो के स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

**कतरास।** बुधवार को यहां झामुमो के कार्यकर्ताओं की बैठक में चार फरवरी को पार्टी के स्थापना दिवस पर धनबाद में आयोजित कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की समीक्षा की गयी। जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मनु आलम भी मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे झामुमो के वरीय नेता रतिलाल टुडू ने कहा कि बाघमारा क्षेत्र के विभिन्न भागों से हजारों की तादाद में लोग कार्यक्रम में भाग लेने जाएंगे। शक्ति चौक पर सभी लोग पहुंचेंगे और वहां से गोल्फ ग्राउंड जायेंगे। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में कई मंत्री, सांसद व विधायक और वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे।

## स्पीड न्यूज

### मौनी अमावस्या पर दामोदर-भैरवी नदी में श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी



रजरप्पा। मौनी अमावस्या के मौके पर सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर के दामोदर भैरवी संगम में सुबह से ही आस्था की डुबकी लगाने वालों का तांता लगा रहा। शुभ मुहूर्त के कारण छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना करने वालों की अच्छी खासी भीड़ रही। अहले सुबह से ही दामोदर और भैरवी नदी के घाटों पर स्नान करने वालों की भीड़ लगने लगी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध ढंग से छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना की। छिन्नमस्तिका मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ होने के कारण भीड़ को नियंत्रण करने के लिए मंदिर न्यास समिति एवं पुलिस के जवान जगह जगह तैनात दिखे। इस दौरान श्रद्धालु घंटों लाइन में खड़े होकर माता के दर्शन पाने को बेचैन रहे। वहीं राकेश पंडा ने कहा कि माघ मास की अमावस्या या मौनी अमावस्या पाप धोने और मोक्ष पाने का दिन है। इस दिन लोग स्नान, दान और अपने पितरों का तर्पण करते हैं। कहते हैं कि इस दिन पवित्र संगम में देवताओं का निवास होता है, इसलिए इस दिन कई लोग महाकुम्भ में अमृत स्नान के लिए जाते हैं। **पंचवटी में भंडारे** छिन्नमस्तिका मंदिर न्यास समिति की ओर से पंचवटी में भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें पूजा अर्चना के लिए आए हजारों श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर असीम पंडा, सुभाशिष पंडा, लोकेश पंडा, छोटू पंडा, सुबोध पंडा, सोनू पंडा, सेट्ठी पंडा आदि मौजूद थे।

### एचएम व सीआरपीएस के लिए प्रशिक्षण



भुरकुंडा (रामगढ़)। पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में पतरातु प्रखंड के वर्किंग हॉल में बुधवार को 25 स्कूल के एचएम और सीआरपीएस का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में कक्षा 2 से 5 तक में एफएलएन की स्थिति, स्कूल में बच्चों की सीखने की पद्धति में सुधार, बच्चों का प्राथमिक से उच्च प्राथमिक या मध्य विद्यालय में स्थानांतरण, ड्रॉप आउट की स्थिति, पंचायत में मोहल्ला कक्षाएं शुरू करवाने, छात्रों में पढ़ने की आदत का अभ्यास, एसएमसी को और मजबूत करने ताकि स्कूल पर अधिक ध्यान दिया जाए सके आदि बिंदुओं के बारे में एचएम और सीआरपीएस से चर्चा की गई। इस दौरान मुखियाओं से बेसलाइन एसेसमेंट पंचायत लेड एसेसमेंट के परिणामों को संबंधित एचएम से साझा किया गया। साथ ही एसएलओ (स्कूल लर्निंग आउटकम) को कैसे बढ़ाया जा सकता है इस पर भी विचार-विमर्श कर सभी एचएम और सीआरपीएस को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन पीरामल फाउंडेशन के तन्मय सेन, निशा वर्मा, अनिकेत दीवे, अनुराग सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

### भुरकुंडा पंचायत में मोतियाबिंद शिविर



भुरकुंडा (रामगढ़)। गरीब समाज सेवा संघ के तत्वावधान में बुधवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगा। शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों ने 120 लोगों के आंखों की जांच कर परामर्श दिया। 30 लोग मोतियाबिंद पाये गये। इन सभी का 30 जनवरी को डिवाइन ओंकार मिशन के सौजन्य से रामगढ़ में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। मरीजों को ले जाने के लिए गरीब समाज सेवा संघ की ओर से गाड़ी का व्यवस्था की गई है। डॉ. मोहंती और डॉ. इफ्तिखार मरीजों के आंखों का ऑपरेशन करेंगे। शिविर में उदय स्वर्णकार, पप्पू सिंह, डॉ. केसी दास, मो. इफ्तेखार, अशोक चौहान, सुनील सोनी, सुनील कुमार सिंह, सुभाष करमाली, विजय पासवान, दिनकर सिंह, रोशन कुमार पासवान, विनोद साव, पिंकी, सागर, रोहिणी कुमारी, रेणुका दास, सविता देवी, सुधा तिवारी, विजयलक्ष्मी शर्मा, लीला सागर, तीज राम आदि मौजूद थे।

### सुकरीगढ़ा में खेलकूद प्रतियोगिता



रजरप्पा। समावेशी शिक्षा के तहत प्रखंड स्तर पर दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिता आवासीय विकलांग विद्यालय सुकरीगढ़ा में संपन्न हुआ। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुलोचन कुमारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है इनके अंदर बहुत सारी प्रतिभा छुपी हुई होती है आज उनके द्वारा जलेबी रेस, क्रिकेट टूर्नामेंट, बैलून गेम एवं 500 मीटर दौड़ में उनकी भागीदारी देखकर कहीं से भी ऐसा नहीं लगता है सामान्य बच्चों से किसी प्रकार उनकी प्रतिभा काम है विभाग दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट पेंटिंग एवं खेलकूद का आयोजन निरंतर करवाते रहती है। मौके पर रिसोर्स शिक्षक पावेल कुमार, राजेंद्र प्रसाद, शारीरिक शिक्षक रोशन करमाली, विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार, सतीश कुमार, मदन कुमार, सहायक शिक्षक नवरत्न राम, आवासीय दिव्यांग विद्यालय के प्राचार्य तिलमोहन महतो विशेष रूप से उपस्थित थे।

### ज्योत रथ का कुज में भव्य स्वागत



कुज। खाटू श्याम (राजस्थान) से चले ज्योत रथ कुज में मारवाड़ी व केशरी समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। कुज चौक, शिव मंदिर प्रांगण, धनहारा मोड़, भरेचनगर सांडी, बजरंग बली मंदिर के निकट धर्म प्रेमियों ने खाटूश्यामजी की जयकार लगाकर, रथ पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रथ के स्वागत करने वालों में गोपाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, कमल अग्रवाल, डब्बू अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, बिनू अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, विभा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, रिंकी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, सिद्धि मित्तल, विदिशा मित्तल, दिव्यांश प्रियांश, माधव सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

## हजारीबाग क्षेत्र में आधारभूत संरचना होगी मजबूत : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता




हजारीबाग। हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड के डांटोखुर्द पंचायत अंतर्गत डांटो बाजार से आराभुसाई तक जाने वाली मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। 1 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 66,06,559 रुपये की लागत से किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और विकास को गति मिलेगी।

**ग्रामवासियों में उत्साह :** शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्थानीय निवासियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने झारखंडी पारंपरिक संस्कृति के तहत ढोल-नगाड़ों और नृत्य के साथ विधायक का स्वागत किया। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी ने विधायक को माल्यार्पण और जयघोष के साथ सम्मानित किया।

**ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत :** ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण कार्य को बहुप्रतीक्षित सौगात बताते हुए खुशी जताई। स्थानीय निवासियों का कहना था कि वर्षों से सड़क खराब होने के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था, विशेषकर बरसात के मौसम में। खराब रास्तों के चलते बच्चों का स्कूल जाना, मरीजों का अस्पताल पहुंचना और गांव से बाहर आवागमन बहुत कठिन हो जाता था। अब इस सड़क से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। विधायक ने जनता और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संकल्प है कि हजारीबाग क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जाए। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। इस सड़क के बनने से गांवों का संपर्क बेहतर होगा और विकास के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य किया जा रहा है और इसी दिशा में हजारीबाग को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास जारी हैं। गांव के एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि यह सड़क हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं। वर्षों से हम खराब रास्तों के कारण परेशान थे। विधायक जी ने हमारी समस्या को समझा और समाधान की पहल की, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। वहीं, महिला समिति की सदस्य ने कहा कि इस सड़क से न केवल हमारा गांव मुख्य मार्ग से जुड़ेगा, बल्कि हमारे बच्चों को स्कूल जाने में भी आसानी होगी। बरसात के दिनों में स्कूल पहुंचना बहुत मुश्किल हो जाता था, अब हमें राहत मिलेगी।

**गुणवत्तापूर्ण कार्य का आश्वासन :** विधायक प्रदीप प्रसाद ने आश्वासन दिया निर्माण कार्य निर्धारित समय में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अन्य अधूरे पड़े विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए सरकार से हर संभव सहयोग लिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में कई प्रमुख नेता, पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें कटकमसांडी पश्चिमी प्रखंड अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव, मुखिया नारायण साव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जीवन कुमार मेहता, पूर्व मुखिया अशोक राणा, सुंदर मुंडा, दिलीप रविदास, प्रखंड उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता, सुमन राय, मंत्री रामू राम, दीपक यादव, कृपाल सिंह, अनिल कुशवाहा, गंगाधर पांडे, मनीष चौधरी, राजेश ठाकुर, सरजू सिंह, रंजीत अग्रवाल, संदीप मुंडा, तुलेश्वर यादव, पप्पू यादव, लेखराज यादव और मिथलेश राणा शामिल रहे। शिलान्यास समारोह सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यह सड़क निर्माण ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाएगा और क्षेत्र के विकास में अहम योगदान देगा। विधायक ने जनता को आश्वस्त किया कि सरकार क्षेत्र में हर नागरिक की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अगले कुछ वर्षों में हजारीबाग को आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में लगातार कार्य किए जाएंगे।

# छात्रों को समय पर मिले यूनिफॉर्म व मध्यान भोजन

## रामगढ़ के उपायुक्त ने शिक्षा विभाग की समीक्षा, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। समाहरणालय सभा कक्ष में बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संचालित मध्यान भोजन व यूनिफॉर्म डिस्ट्रीब्यूशन के संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड प्रसार पदाधिकारियों को विद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए साथ ही सभी प्रखंड प्रचार पदाधिकारी को यू डेस ईडी में ससमय डाटा भरने हेतु निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जीनमे किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने एवं उन्हें आयरन की गोली खिलाने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 50 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन देने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री रोजगार योजना का लाभ उचित लाभुकों को मिले : डीसी

रामगढ़। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ उचित लाभुकों को ही मिलना चाहिए। जितने भी लोगों ने आवेदन दिया है उनके दस्तावेज की बारीकी से जांच की जानी चाहिए। यह निर्देश बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान दिया। जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2024 -25 में योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी दी। अब तक दिए गए लाभुकों के लाभ के संबंध में भी जानकारी दी। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का दस्तावेज को अच्छे से जांच के बाद ही योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लाभुकों का ऋण स्वीकृत हो चुकी है, उन्हें अभिलंब लाभ दें। जो लाभुक स्वीकृति के बाद भी लाभ नहीं ले रहे हैं उन सभी को नोटिस करें। उपायुक्त ने अब तक जितने भी लाभुक लाभ ले चुके हैं, उन सभी की जानकारी ली। बैठक में डीडीसी रोबिन टोप्पो, डीटीओ मनीषा वत्स, एलडीएम दिलीप महली सहित अन्य उपस्थित थे।

## दुर्घटना रोकने के लिए डीटीओ ने किया चुट्टूपालू घाटी व टोल प्लाजा का निरीक्षण



रामगढ़। चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। चुट्टूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा हेतिकोण से बालू के बैग्स रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीटीओ ने टोल एवं एनएचएआई के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

उन्होंने उपायुक्त द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में सीसीटीवी कैमरा, साइन बोर्ड, स्पीड गति बोर्ड, लाइट आदि का निरीक्षण किया गया इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चंदन कुमार वत्स, यातायात पुलिस कर्मी, टोल प्लाजा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

### महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की कार ने ट्रेलर में मारी टक्कर, दो घायल

चौपारण। दनुआ घाटी में मंगलवार को श्रद्धालुओं से भरी एक वाहन ने ट्रेलर में टक्कर मार दी। हादसे में दो व्यक्ति घायल हुए जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल चौपारण लाया गया। पुरुलिया, बंगाल से एक स्कॉर्पियो पर सवार होकर छः लोग महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे। दनुआ घाटी में आगे चल रहे ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दी और पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। तक्कर में स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा ट्रेलर में घुस गया। हालांकि दुर्घटना में कोई बड़ा हताहत नहीं हुई। हादसे के बाद पीछे से आ रहे साथी श्रद्धालुओं ने घायल को इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया।

**सरिया लदा ट्रेलर पलटा, चालक घायल :** दनुआ घाटी स्थित जोडराही पुल में मंगलवार को एक सरिया लदा ट्रेलर 30 फिट गहरी खाई में पलट गई। घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल चौपारण में भर्ती कराया जहां बेहतर इलाज के लिए, हजारीबाग रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर पर जमशेदपुर से सरिया लादकर चौपारण के रास्ते यूपी जा रहा था। दनुआ घाटी में चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खोया और ट्रेलर असंतुलित होकर सामने की खाई में जा गिरा। दुर्घटना में सरिया लदे ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए।

# ओड़िशा में 70,000 करोड़ निवेश करेगा जेएसपी

## क्योंझर जिले में स्टील प्लांट की संभावना तलाशेगा जेएसपी



भुरकुंडा (रामगढ़)। जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने ओडिशा में विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर 70,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है। यह घोषणा ओड़िशा में सतत औद्योगिक विकास और सामुदायिक उत्थान के प्रति जेएसपी की प्रतिबद्धता की परिचायक है।

जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने तीन दिवसीय उत्कर्ष ओडिशा 2025 कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। भुवनेश्वर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी उपस्थित थे। यह आयोजन भारत के औद्योगिक विकास में ओडिशा की महत्वपूर्ण भूमिका और राज्य के विश्व स्तरीय विकास केंद्र के रूप में उभरने का शुभ संकेत दे रहा था। इस अवसर नवीन जिन्दल ने कहा कि हमारा लक्ष्य ओडिशा को अग्रणी अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक केंद्र बनाना है और यहां के लोगों के जीवन स्तर में सतत सुधार लाना है। हम 70,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेंगे, जिससे न केवल औद्योगिक विकास होगा, बल्कि ओडिशा के हजारों परिवारों के जीवन में भी बदलाव आएगा। इसके साथ ही हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के दृष्टिकोण के अनुरूप क्योंझर जिले में एक स्टील प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं का भी अध्ययन कर रहे हैं। उत्कर्ष ओडिशा 2025 कार्यक्रम ने भारत की आर्थिक प्रगति में ओडिशा के महत्व को रेखांकित किया और सतत विकास के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग पर जोर दिया। जेएसपी पहले से ही ओडिशा के अंगुल में देश के पहले कोल गैसीफिकेशन प्लांट के माध्यम से स्टील उत्पादन कर रहा है, जो हरित प्रथाओं को अपनाने और आयातित कोकिंग कोयले पर निर्भरता को कम करने में सहायक है। अंगुल स्टील प्लांट की वर्तमान क्षमता 6 एमटीपीए से बढ़कर इस वर्ष 12 एमटीपीए हो जाएगी और 2030 तक 25.2 एमटीपीए तक पहुंच जाएगी। इसे दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पर्यावरण-अनुकूल स्टील प्लांट बनाने के साथ-साथ हाइड्रोजन आधारित ग्रीन स्टील उत्पादन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। जेएसपी ने ओडिशा के सामुदायिक विकास में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। पिछले एक दशक में कंपनी ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आजीविका, खेल, कला और संस्कृति पर केंद्रित स्थायी सामाजिक पहलों में 900 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे राज्य भर में अनगिनत लोगों के जीवन में बदलाव आया है।

## एक नजर में

### सीमा सुरक्षा बल व ग्रामवासियों के बीच बैठक



दारू। प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप के वरिष्ठ अधिकारियों और सीतागढ़ ग्रामवासियों के बीच एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य फायरिंग अभ्यास के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर चर्चा करना और ग्रामीणों की चिंताओं का समाधान ढूंढना था। बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा और कल्याण बल की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि फायरिंग अभ्यास के समय का निर्धारण इस तरह किया गया है कि ग्रामीणों के दैनिक कार्यों में कोई बाधा न आए। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया कि फायरिंग अभ्यास के दौरान सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाती हैं और ग्रामीणों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जाता है। सीमा सुरक्षा बल के जनसंपर्क अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बल हमेशा सामंजस्यपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए कार्यरत है और आगे भी इसी तरह सहयोग करता रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बल के जवानों द्वारा ग्रामीणों के खेती-किसानी के काम या आने-जाने पर कोई अनावश्यक रोक-टोक नहीं लगाई जाती है इस बैठक में दोनों पक्षों के बीच रचनात्मक संवाद हुआ और आपसी सहयोग की भावना मजबूत हुई। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने ग्रामवासियों द्वारा दिए जा रहे निरंतर सहयोग के लिए आभार प्रकट किया और भरोसा दिलाया कि बल हमेशा जनहित में कार्य करता रहेगा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सीमा सुरक्षा बल और ग्रामीणों के बीच आपसी समझ और सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया और स्थानीय समुदाय के साथ अपने सकारात्मक संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### कटकमदाग में 43 लाख का नकली शराब बरामद



हजारीबाग। कटकमदाग थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात भारी मात्रा में शराब बरामद की है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन मामले की जानकारी दी। पंकज कुमार ने बताया कि हुरूदाग गांव में एक व्यक्ति के जरिये नकली शराब बनाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस के जरिये एक टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इसी दौरान एक व्यक्ति को भी पुलिस पकड़ने में सफलता पाई। और दो फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम क्रिस्टोपाल हंस (22) बताया गया है। इसके पास से एक मोटरसाइकिल, मोबाईल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि शराब की कीमत 43 लाख रुपये है। इसके अलावा कांच का खाली बोतल जिसमे नकली शराब भरकर बेचने का काम करते थे वह भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपित को बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

### हजारीबाग डीसी ने लगाया जनता दरबार


हजारीबाग। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने के लिए अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मोसमात नगीया मोसफिल, थाना, गुलाम सरवर कटकमसांडी क्षेत्र के निवासी ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और बरही के रहने वाले भगत कुमार सिंह ने सर्वे के रास्ते में बनी हुई नाली को मिट्टी तथा पत्थर भर दिए जाने के संबंध में निवेदन किया। राजेश्वर महतो विष्णुगढ़ ने, धान अधिप्राप्ति केंद्र में धन जमा नहीं लेने के संबंध में, मालती कुमारी ओकनी ने अपनी जमीन का बंदोबस्ती किए जाने के संबंध में निवेदन किया। विनोद कुमार सिंदूर हजारीबाग ने दाखिल खारिज को रोके जाने के संबंध में, भातु महतो बरकट्ठा एनएच 2 में अधिकृत भूमि का मुआवजा भुगतान देने के संबंध में, मो. कौशिक आलम हरहद से अपनी जमीन को दूसरे लोगों के द्वारा गलत तरीके से बेचे जाने के संबंध में उपायुक्त से गुहार लगाया। इसके अलावे आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

स्पीड न्यूज

## अफगानिस्तान में आठ महिलाओं समेत 10 लोगों की हत्या

खोस्त । अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत खोस्त में मंगलवार रात अज्ञात हथियारबंद लोगों ने 10 नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुस्तगफर गरबाज ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह भीषण घटना मंगलवार देर रात अली शिर जिले में हुई, जब हथियारबंद लोगों ने एक घर में घुसकर गोलीबारी की, जिसमें आठ महिलाओं और बच्चों सहित 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## फिल्म तेरे इश्क में का नया टीजर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री कीर्ति सेनन की आने वाली फिल्म तेरे इश्क में' का नया टीजर रिलीज हो गया है। जाने माने फिल्मकार आनंद एल राय सुपरहिट फिल्म रांझणा की सफलता के बाद एक बार फिर से धनुष के साथ फिल्म तेरे इश्क में साथ काम करने के लिए तैयार हैं।इस फिल्म में धनुष के साथ कीर्ति सेनन की मुख्य भूमिका होगी। कृति ने इंस्टाग्राम पर फिल्म तेरे इश्क में का टीजर शेयर किया और लिखा कि कुछ लव स्टोरीज आग की लपटों से उभरने के लिए होती हैं। इसका सबूत हैं शंकर और मुक्ति...तेरे इश्क में। फिल्म 28 नवंबर को रिलीज होगी।

## लेबनान में इजरायल का हमला, 18 घायल

**बेरूत/यरुशलम।** दक्षिणी लेबनान में अलग-अलग इजरायली हमलों में मंगलवार को 18 लोग घायल हो गए। लेबनानी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। लेबनानी सेना के मार्गदर्शन निदेशालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में यारून-मरून अल-रास सड़क पर सेना के जवानों और नागरिकों पर गोलीबारी की। इस हमले में तीन नागरिक और एक सैनिक घायल हुए हैं। सैनिक उन निवासियों के साथ था, जो दक्षिणी सीमा के कस्बों में लौट रहे थे।

## रूस ने 104 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने कुर्स्क, ब्रांस्क, स्मोलेंस्क, ट्वेर, बेलगोरोड, निजनी नोवगोरोड, कलुगा, रोस्तोव और लेनिनग्राद क्षेत्रों में बीती रात को 104 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार रात के दौरान, वायु रक्षा प्रणालियों ने 104 यूक्रेनी मानव रहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया, कुर्स्क क्षेत्र में 47, ब्रांस्क क्षेत्र में 27, स्मोलेंस्क क्षेत्र में 11, ट्वेर क्षेत्र में सात, बेलगोरोड क्षेत्र में चार, निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में तीन, कलुगा क्षेत्र में तीन, रोस्तोव क्षेत्र में एक और लेनिनग्राद क्षेत्र में एक ड्रोन नष्ट किया गया।

## उत्तरकाशी में फिर भूकंप के झटके

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में बुधवार को अपराह्न 3:28 बजे एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी से उत्तर दिशा में 10 किलोमीटर दूर बताया जा रहा है। उत्तरकाशी में बीते दिनों से लगातार भूकंप के झके महसूस किए जा रहे हैं। बीते कुछ दिनों में यह भूकंप का सातवां झटका था। भूकंप से कोई जान–माल का नुकसान नहीं हुआ है। लगातार भूकंप के झटके महसूस होने से लोगों में डर का माहौल है।

# इसरो ने लगाया शतक

## नेविगेशन उपग्रह को सफलतापूर्वक किया प्रक्षेपण

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को अपने ऐतिहासिक 100वें मिशन के तहत एक उन्नत नेविगेशन उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। बुधवार तड़के किया गया यह प्रक्षेपण इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन है। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। इसके अलावा यह 2025 में इसरो का पहला मिशन है।

इससे पहले, इसरो ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया था। इस प्रयोग के तहत 30 दिसंबर, 2024 को

**इसरो चीफ नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन है नेविगेशन**

प्रक्षेपण किया गया था जो अंतरिक्ष एजेंसी का 99वां मिशन था। नारायणन ने कहा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि 2025 में इसरो का पहला प्रयास सफल रहा। उन्होंने सफल प्रक्षेपण के बाद कहा कि उपग्रह को आवश्यक (जीटीओ) कक्षा में सटीकता से स्थापित किया गया। यह मिशन 100वां प्रक्षेपण है जो एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी रॉकेट के जरिए नेविगेशन उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए 27.30 घंटे की उल्टी गिनती



मंगलवार को शुरू हुई थी। उल्टी गिनती समाप्त होने के बाद स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ भू-समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 को लेकर यहां दूसरे लॉन्च पैड से तड़के छह बजकर 23 मिनट पर प्रक्षेपित हुआ। यान ने लगभग 19 मिनट की यात्रा के बाद अपने पेलोड- एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को वांछित भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। यह नेविगेशन उपग्रह नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (नाविक) श्रृंखला का दूसरा उपग्रह है, जिसका उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे के क्षेत्रों में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति, गति और समय की जानकारी प्रदान करना है। इससे पहले, 29 मई, 2023 को जीएसएलवी-एफ12 मिशन के तहत दूसरी पीढ़ी के पहले नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-01 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया था।




### हवाई और समुद्री नेविगेशन व कृषि संबंधी सटीक जानकारी मिलेगी

इसरो ने कहा कि एनवीएस-02 उपग्रह स्थलीय, हवाई और समुद्री नेविगेशन, कृषि संबंधी सटीक जानकारी देने, बेड़ा प्रबंधन, मोबाइल उपकरणों में स्थान आधारित सेवाएं देने, उपग्रहों के लिए कक्षा निर्धारण, इंटरनेट-ऑफ-थिंग्स आधारित ऐप्लीकेशन और आपातकालीन सेवाओं में सहयोग करेगा। इंटरनेट ऑफ थिंग्स का तात्पर्य आपस में जुड़े उपकरणों के सामूहिक नेटवर्क और उपकरणों एवं क्लाउड के बीच संचार की सुविधा प्रदान करने वाली तकनीक से है। नाविक में दूसरी पीढ़ी के पांच उपग्रह शामिल हैं- एनवीएस-01, एनवीएस 02, एनवीएस 03, एनवीएस 04 और एनवीएस 05। एनवीएस-2 को बेंगलुरू स्थित यू आर राव उपग्रह केंद्र ने डिजाइन और विकसित किया है। इसका वजन लगभग 2,250 किलोग्राम है। इसमें एल1, एल5 और एस बैंड में नेविगेशन पेलोड है और इसमें ट्राई-बैंड एंटीना लगा है।

# मेडिकल दाखिले में डोमिसाइल आधारित आरक्षण असंवैधानिक

## हम सभी भारत के निवासी, प्रांतीय डोमिसाइल कुछ नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मेडिकल दाखिले में डोमिसाइल आधारित आरक्षण को असंवैधानिक करार दिया है। जस्टिस ह्षिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि मेडिकल दाखिले में डोमिसाइल आधारित आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि हम सभी भारत के निवासी हैं। यहां राज्य या प्रांतीय डोमिसाइल जैसा कुछ नहीं है। केवल एक डोमिसाइल है कि हम सभी भारत के निवासी हैं। हम देश में कहीं भी रहने और कहीं भी व्यापार और पेशा करने का अधिकार है। भारत का । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी विशेष राज्य में रहने वाले छात्रों के लिए एमबीबीएस कोर्स में एक निश्चित डिग्री तक आरक्षण की अनुमति हो सकती है लेकिन पीजी मेडिकल

**▸▸ पूरे देश में शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला देने का अधिकार भी देता है संविधान : अदालत**



कोर्सेस में यह पूरे तरीके से अस्वीकार्य है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट चंडीगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पीजी मेडिकल में दाखिले को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ अपील पर सुनवाई के बाद ये फैसला दिया है।

### घरेलू नौकरों की सुरक्षा को कानून बनाये केंद्र

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू काम काज करने वालों के शोषण को रोकने का कानून बनाने के लिए केंद्र सरकार को छह महीने में एक पैनल गठित कर कानून की रूपरेखा तय करने का आदेश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि घरेलू कामगार देश के कार्यबल (वर्कफोर्स) का अहम हिस्सा हैं, लेकिन न तो उन्हें श्रम कानूनों के दायरे में रखा गया है और न ही कोई अन्य कानून उनके हितों की रक्षा के लिए बना है। कोर्ट ने श्रम मंत्रालय, महिला एवं बाल कल्याण, सामाजिक न्याय और अधिकारिता और विधि मंत्रालय को निर्देश दिया कि वे आपस में विचार विमर्श कर कामगारों के लिए कानून की रूपरेखा सुझाने के लिए विशेषज्ञ कमेटी का गठन करें।

## बिहार में 1583 ग्राम सचिवों और 2436 न्यायमित्रों की होगी भर्ती

पटना। पंचायती राज विभाग ग्राम कचहरियों के सुचारू संचालन को लेकर सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। पहली फरवरी से 2436 ग्राम कचहरियों में न्याय मित्रों की नियुक्ति को लेकर ऑनलाइन आवेदन पत्रों की मांग की गई है। अभ्यर्थियों को विभाग के आधिकारिक वेबसाइट पर अपना आवेदन करना है। दोनों पदों के लिए नियोजन इकाई का गठन किया गया है। ग्राम कचहरी सचिव की शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण या उसके समकक्ष रखा गया है। नियुक्ति संविदा के आधार पर की जाएगी। मानदेय के रूप में छह हजार प्रतिमाह कचहरी सचिव को दिया जाएगा।

ग्राम कचहरी सचिव के नियोजन के लिए ग्राम कचहरी सचिव नियोजन समिति का गठन किया गया है। इस समिति का अध्यक्ष ग्राम कचहरी के सरपंच को बनया गया है जबकि सदस्य के रूप में ग्राम कचहरी के उप सरपंच और सदस्य सचिव के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी या उनके द्वारा नामित पदाधिकारी होंगे।

इसी प्रकार से ग्राम कचहरी न्याय मित्र विधि स्नातक को बनाया जाना है। इनकी नियोजन के लिए पैनल का अनुमोदन के लिए सरकार द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा। इस पैनल में ग्राम कचहरी सरपंच को अध्यक्ष, ग्राम कचहरी के अन्य सभी पंचों को सदस्य और ग्राम कचहरी के सचिव को सदस्य सचिव के रूप में सम्मिलित किया गया है। ग्राम कचहरी न्यायमित्र और ग्राम कचहरी सचिव की नियुक्ति विभाग द्वारा तैयार नियमावली के आधार पर की जाएगी।

# राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को केंद्रीय मंत्रीमंडल ने दी मंजूरी

एजेंसी

**▸▸ सात वर्षों में 34,300 करोड़ होगा खर्च**
**▸▸ इथेनॉल 57.97 रुपये प्रति लीटर मिलेगा**

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने हरित प्रौद्योगिकियों से जुड़े महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीली मूल्य श्रृंखला बनाने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दी है। इसपर सात वर्षों में 34,300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के व्यय और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि द्वारा 18 हजार करोड़ रुपये के अपेक्षित निवेश के साथ महत्वपूर्ण खनिज मिशन के शुभारंभ को मंजूरी दे दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस मिशन का उद्देश्य भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र की कंपनियों को विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने और संसाधन संपन्न देशों के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसमें देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार के विकास का भी प्रस्ताव है। इस मिशन में खनिज प्रसंस्करण पार्कों की स्थापना और महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण का समर्थन करने के प्रावधान शामिल हैं। यह महत्वपूर्ण खनिज प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान को भी बढ़ावा देगा और महत्वपूर्ण खनिजों पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में और उच्च तकनीक वाले उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा में महत्वपूर्ण खनिजों की अपरिहार्य भूमिका को पहचानते हुए पिछले दो साल में भारत सरकार ने कई पहल की हैं। महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप वित्त मंत्री ने बजट में मिशन की स्थापना की घोषणा की थी। केन्द्र सरकार ने इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए अपनी योजना के तहत सी हैवी मोलासेस से प्राप्त इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की है। प्रधानमंत्री नरेनअद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को मंजूरी दी। इथेनॉल आपूर्ति 2024-25 के लिए सी हैवी मोलासेस से प्राप्त ईबीपी कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 56.58 रुपये प्रति लीटर से 57.97 रुपये लीटर तय की गई है।



**हरिद्वार में 6.50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया स्नान**

**हरिद्वार। तीर्थ नगरी हरिद्वार में मौनी अमावस्या पर कई राज्यों से आये साढ़े छह लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र स्नान किया। हरकी पैड़ी सहित तमाम घाटों पर दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। ब्रह्म मुर्हूत में शुरू हुआ गंगा स्नान का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।**

# संगम की अब हेलीकॉप्टर से निगरानी

**लखनऊ।** प्रयागजरा में महाकुंभ में भगदड़ के बाद अब हेलीकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ में हर हरकतों पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन हाई अलर्ट पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह विभाग के प्रमुख सचिव तथा अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हाईलेवल बैठक की। अफसरों को कई निर्देश दिए गए। आगे स्नान सुचारू रूप से होता रहे। हर किसी संभव सहायता मिले।अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए

**▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय की बैठक दिये कई निर्देश**
**▸▸ अफवाह पर न दें ध्यान संयम से काम लें भक्त**

प्रशासन मुस्तैद है। प्रशासन पूरी तत्परता से श्रद्धालुओं की मदद करे। सभी श्रद्धालुओं से भी अपील है कि वे अफवाह पर ध्यान ना दें। संयम से काम लें। यह आयोजन सभी लोगों का है। प्रशासन उनकी सेवा के लिए पूरी तत्परता से लगा हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार पूरी मजबूती के साथ वहां पर हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। बता दें कि महाकुंभ मेले में बुधवार तड़के मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के उमड़ने के बाद भगदड़ जैसी स्थिति बन गई है। आधी रात के बाद लगभग 2 बजे, कुंभ मेला क्षेत्र में लाउडस्पीकरों से गूंजते मंत्रों और श्लोकों के निरंतर उच्चारण के बीच संगम की ओर दौड़ती एम्बुलेंसों और पुलिस वाहनों के तेज सायरन की आवाजें गूंज उठीं। घायलों को मेला क्षेत्र में बने केंद्रीय अस्पताल में ले जाया गया। कई घायलों के रिश्तेदार भी वहां पहुंचे, साथ ही कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी वहां पहुंचे। इस घटना के बाद इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कुंभ मेले की स्थिति को लेकर बात की।




# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी जारी

## सेंसेक्स 632 और निफ्टी ने लगायी 206 अंक की छलांग

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 631.55 अंक या 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,532.96 और निफ्टी 205.85 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,163.10 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बड़ी खरीदारी देखने को मिली, जो निवेशकों के तेजी के रुझान को दिखाता है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,189.40 अंक या 2.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,718.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 532.05 या 3.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,540 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंसियल सर्विसेज और फार्मा समेत सभी इंडेक्सों में खरीदारी देखी गई। केवल एफएमसीजी इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ। यापक बाजार में तेजी का रुझान था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,979 शेयर हरे निशान में और 1,009 शेयर लाल निशान में और 94 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। शेयर बाजार में तेजी के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप करीब 10 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 416 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### ये हैं टॉप गेनर्स व लूजर्स

सेंसेक्स पैक में जोमैटो, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स थे। भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एक्सिस बैंक और एचयूएल टॉप लूजर्स थे। चॉइस ब्रोकिंग के मुताबिक, निफ्टी ने 22,800 के अपने सपोर्ट जोन से मजबूत रिकवरी दिखाई है और 23,100 के ऊपर बंद होने में कामयाब रहा, जो कि मजबूती का संकेत है। अगर आने वाले सत्र में अगर निफ्टी 23,300 के ऊपर बंद होता है, तो 23,650 और 23,800 के भी स्तर देखने को मिल सकते हैं। सोमवार को बाजार लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद तेजी के साथ बंद हुए थे। इस दौरान सेंसेक्स 535 अंक या 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,901 और निफ्टी 128 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,957 पर बंद हुआ।




## छत्तीसगढ़ में 7 महिला समेत 29 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** नारायणपुर जिले में सक्रिय सात महिलाओं सहित 29 नक्सलियों ने बुधवार को पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 2 नाबालिग भी हैं। ये सभी नक्सली कुतुल एरिया कमेटी के सदस्य थे। आत्मसमर्पण करने नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया है। एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगातार चलाये जा रहे पुलिस के नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सलियों पर दबाव बना है।

साथ ही नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर 29 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें सात महिला नक्सली शामिल है। यह सभी नक्सली माड़ डिवीजन के कुतुल एरिया कमेटी के अन्तर्गत सक्रिय रहे हैं।



# युवा लायंस फोर्स ने सिटी पार्क में की बैठक, इस्पात मंत्री के दौरे से हैं आशान्वित

केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कुमारस्वामी के बोकारो आने से विस्थापितों मजदूरों एवं पूरे बोकारो वासियों में एक नई उम्मीद की किरण जगी है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** नगर के स्थानीय सिटी पार्क में रंजीत महतो की अध्यक्षता और संजय रजवार के संचालन में विस्थापित युवा लायंस फोर्स की संपन्न बैठक में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। शर्मा ने कहा कि केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के बोकारो आने से विस्थापितों मजदूरों एवं पूरे बोकारो वासियों में एक नई उम्मीद की किरण जगी है। उन्होंने कहा कि बीएसएल प्रबंधन को विस्थापितों ने अपनी सारी जमीन इसी उम्मीद से दी थी कि बीएसएल 10 मिलियन टन का स्टील प्लांट बने जिससे उनके परिवार को स्थाई नियोजन शिक्षा चिकित्सा आवास आदि की सुविधा मिलेगी तथा संविदा आदि में भी प्राथमिकता मिलेगी। लेकिन अफसोस है कि बीएसएल प्रबंधन आज तक ऐसा नहीं कर सका है। श्री शर्मा ने इस्पात मंत्री से अनुरोध करते हुए कहा है कि वह बोकारो प्लांट का विस्तारीकरण कर 10 मिलियन टन तक पहुंचाएं अन्यथा विस्थापितों की खाली पड़ी जमीन वापस दिलाएं। उन्होंने स्थानीय मजदूरों को सीधी बहाली एवं जिन विस्थापितों को नियोजन नहीं मिला है या जो रिटायर कर गए हैं- उनके बच्चों को शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताएं बहाल करने तथा बीएसएल के बंद स्कूलों को पुनः चालू करने तथा 10 हजार विस्थापितों को सीधा नियोजन देने की मांग की है।

# संस्कार भारती बोकारो ने किया भारतमाता पूजनोत्सव का आयोजन

राजराजेश्वरी नृत्य पाठशाला एंड आर्ट्स की छात्राओं ने नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन जीत लिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** संस्कार भारती बोकारो के तत्वावधान में भारत माता पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। चीरा चास के वास्तु विहार फेज 4 में आरआर नृत्यशाला एंड आर्ट्स परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती के प्रांतीय चित्रकला सह प्रमुख सरोज मिश्रा संस्कार भारती बोकारो के अध्यक्ष अमरजी सिन्हा मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय साहित्य प्रमुख अरुण पाठक नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी चित्रकला प्रमुख नागेन्द्र सिंह रुपक पांडेय ने भारत माता की तस्वीर पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

अमरजी सिन्हा ने संस्कार भारती के ध्येय गीत व देशभक्ति गीत की सुमधुर प्रस्तुति की। अरुण पाठक ने देशभक्ति गीत रुपक पांडेय राज कुमारी मिश्रा समृद्धि व अन्य कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। तबले पर शुभम कुमार व रेवंत जयेन्द्र पाढ़ी हारमोनियम पर सुभाष राय ने संगत की। इस अवसर पर राजराजेश्वरी नृत्य पाठशाला एंड आर्ट्स की छात्राओं ने नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन रजनी पाढ़ी व धन्यवाद ज्ञापन स्वरूप शेखर पांडेय ने किया।



## एक नजर में

### अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद झारखंड के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद महुआ माजी को दिया निमंत्रण

बेरमो। अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद झारखंड के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को राज्यसभा सांसद महुआ माजी से मुलाकात की और उन्हें 16 फरवरी को पुरानी विधानसभा, रांची में आयोजित सेमिनार में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। सांसद महुआ माजी ने सेमिनार में भाग लेने का आश्वासन देते हुए अंजुमन के कार्यों की सराहना की और कहा कि उर्दू भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय प्रतिनिधि एम जेड खान, रांची जिला सचिव मो शकील अहमद, सदस्य मोहसिन सईद और अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद जिला बोकारो के अध्यक्ष अफजल अनीस शामिल थे। यह सेमिनार उर्दू भाषा, साहित्य और उसकी समकालीन चुनौतियों पर केंद्रित होगा, जिसमें कई विद्वानों, साहित्यकारों और गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है।

### दुमका : एसकेएमयू के पीजी सेमेस्टर थ्री में नामांकन 30 जनवरी से

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय पीजी सेमेस्टर–3, सत्र–2023–25 में नामांकन 30 जनवरी से 7 फरवरी तक होगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने बुधवार को सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों एवं विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों को एक पत्र भेजा है। उक्त पत्र के माध्यम से सभी विभागाध्यक्षों एवं प्राचार्यों को 7 फरवरी तक विभाग स्तर पर नामांकन करा लेने का निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र यादव ने बताया कि छात्रों को पीजी सेमस्टर–3 में नामांकन ऑफलाइन लेना होगा। नामांकन के लिए छात्रों को सबसे पहल निर्धारित नामांकन शुल्क बैंक में चालान के माध्यम से ऑनलाइन या ऑनलाइन जमा करना होगा। इसके बाद उन्हें विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध नामांकन फॉर्म को भरकर सभी आवश्यक कागजात के साथ संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि नामांकन फॉर्म समेत सभी आवश्यक जानकारी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट कर दी गई है। छात्र इसे विवि की वेबसाइट के नोटिससेक्शन से डाउनलोड कर सकते हैं।

### जवाहर नवोदय विधालय में प्रशासन एंव पत्रकार एकादश क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट में बुधवार 29 जनवरी को प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच में प्रशासन एकादश ने पत्रकार एकादश को रोमांचक मैच में हराया। खेले गए प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश मैच में खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़कर प्रदर्शन किया। जिसे देखकर दर्शक काफी आनंद अनुभव किए। उक्त बातें पुरस्कार वितरण के समय बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कही।

## स्पीड न्यूज

### कथारा: कोयला व्यापारी मो शकील का निधन



बेरमो/कथारा। ऑफिस कॉलोनी कथारा निवासी मो शकील का लम्बी बीमारी के बाद बीते देर रात को निधन हो गया, वे लगभग 56 वर्ष के थे। कोयला व्यापारी व समाजसेवी मो शकील बीते छः वर्षों से असाध्य रोग कैंसर से ग्रसित थे। उनका इलाज मुंबई के टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल से चल रहा था। 26 जनवरी की संध्या शकील की बिगड़ती हालत की खबर पाकर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उनके आवास पर पहुंच कर उनसे भेंट कर जल्द स्वस्थ होने की कामना की थी। 28 जनवरी की संध्या अचानक उनकी हालत ज्यादा खराब हो गई, उन्हें बचाया नहीं जा सका। ज्ञात हो कि दिवंगत की धर्म पत्नी फिरदौस आरा बेड़िया दक्षिणी पंचायत की पूर्व पंचायत समिति सदस्य रह चुकी हैं, इसलिए भी क्षेत्र में उनका विशेष सम्मान है। उनके निधन की सूचना पाकर क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य राजनीतिक दल व सामाजिक कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंच कर दिवंगत आत्मा के शांति की प्रार्थना की।

### मानव देह व्यापार के मामले में एक गया जेल

दुमका। मानव देह व्यवपार के आरोपी को महिला थाना पुलिस गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपी साहिबगंज जिला के बरहेट थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी सुखीलाल हेम्ब्रम हे। जानकारी के अनुसार आरोपी को पुसिल देह व्यापार कराने के आरोप में गिरफ्तार की है।जानकारी के अनुसार आरोपी साहिबंगंज बरहेट थाना कांड संख्या–05 20 कर आरोपी है। पुलिस मामले में भादवी की धारा 370,371,372 2?34 के मामले में प्राथमिकी दर्ज करवायी थीं। पीड़िता ने वर्षो से बहला–फुसला कर देह व्यापार का आरोप लगायी थी।

### फुसरो नप से अध्यक्ष पद के लिये शक्ति सिंह लड़ेंगे चुनाव



बेरमो। फुसरो नगर परिषद से अध्यक्ष और वार्ड पार्षद से चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशियों ने रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। बुधवार को समाजसेवी सह केडीएस कंपनी के डायरेक्टर शक्ति सिंह ने जवाहर नगर स्थित आवासीय कार्यालय मे प्रेस को बताया कि इस बार फुसरो नगर परिषद क्षेत्र से अध्यक्ष पद से चुनाव लडना तय है। फुसरो नप क्षेत्र के अध्यक्ष पद के बेहतर प्रत्याशी शक्ति सिंह ने अपनी ईमानदारी, सक्रियता और जनता से जुड़े रहने के अंदाज के कारण क्षेत्र मे काफी लोकप्रियता हासिल किया है। अध्यक्ष पद के बेहतर प्रत्याशी शक्ति सिंह ने कहा कि नप क्षेत्र में बस स्टैंड, सब्जी मार्केट और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। कहा कि चुनाव जीतने के बाद सभी के सहयोग से समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कहा कि मैं यहां सिर्फ वादे करने नहीं, बल्कि समाधान की ठोस योजना के साथ आया हूं। कहा कि नप क्षेत्र का विकास करना मेरा पहली प्राथमिकता होगा।

# सेवा और सम्मान संगठन की पहचान : अनुपमा सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति विचार मंच कथारा की ओर से सेवा और सम्मान के तहत कथारा चार नंबर दुर्गा मंडप के प्रांगण में गरीबों के बीच ठंड को देखते हुए कंबल वितरण का कार्यक्रम करते हुए सैकड़ो लोगों को राहत प्रदान करने का कार्य हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन की प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की केंद्रीय उपाध्यक्ष सह बेरमो विधायक की धर्मपत्नी अनुपमा सिंह थी। अनुपमा सिंह ने कहा कि सेवा और सम्मान संगठन की पहचान है। मेरे पूज्य पिता स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह मजदूरों के जनकल्याण हेतु अपनी सेवा प्रदान की उनके किए गए कार्य से बेरमो झारखंड गौरवान्वित है। अपने स्वर्गीय पिता और अपने पति के के पद चिन्ह पर चलकर जनकल्याण का कार्य क्षेत्र का विकास प्राथमिकता है। बेरमो की जनता की आभारी हूं बेरमो की जनता ने विकास के नाम पर अपना मोहर लगाकर एक लंबी लकीर खींचने का कार्य किया है। जिससे विरोधी परस्त है। मेरे यूनियन के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा मेरे पूज्य पिता स्वरूप मजदूर मसीहा राजेंद्र बाबू का मूर्ति का अनावरण किए जाने का उनकी कीर्ति समाज में तो अमर थीं। लेकिन आने वाले पीडियो के लिए भी प्रेरणा स्रोत के रूप में दिशा प्रदान करेगी। स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति विचार मंच कथारा के लोगों को मैं धन्यवाद देना चाहूंगी की जीवन में सबसे बड़ी सेवा गरीबों की सेवा है। ठंड को देखते हुए मंच द्वारा जो गरीबों को राहत प्रदान करने का कार्य किया गया है वह सुखद छण की अनुभूति प्रदान करता है। इस अवसर पर मंच के अजय कुमार सिंह सुनीता सिंह पम्मी सिंह देवाशीष आश विजय यादव सुजीत मिश्रा संतोष सिंन्हा बिंदु चंद हेंब्रम पिंटू राय राजू वर्मा रवि कुमार शशि अमन आकाश कुंवर प्रताप सिंह विक्की श्रीकांत मेहता सहित अन्य शामिल थे।

# दुमका डीडीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी। डीडीसी ने इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 43 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा दर्जनों मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण सामान्य शाखा भूमि पर कब्जा आपूर्ति विभाग मत्स्य विभाग सहकारिता विभाग शिक्षा विभाग राजस्व संबंधित विवाद जिला भू-अर्जन विभाग सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# सीबीएसइ साइंस चैलेंज में डीपीएस बोकारो का आरुष झारखंड में अव्वल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सीबीएसई की ओर से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जागरूकता एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने के निमित्त आयोजित सीबीएसई साइंस चैलेंज 2024-25 में डीपीएस बोकारो की दसवीं कक्षा के छात्र आरुष रंजन ने पूरे झारखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी विषयवस्तु पर आधारित इस चैलेंज में देश के अलग-अलग प्रांतों से सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें आरुष ने उच्चस्तरीय प्रदर्शन के साथ सफलता पाकर अपने विद्यालय व शहर के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने आरुष की कामयाबी को विद्यालय के साथ-साथ पूरे राज्य के लिए उपलब्धि बताते हुए उसे बधाई दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय में आयोजित एक विशेष प्रार्थना सभा में आरुष को सम्मानित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि उसकी यह गौरवपूर्ण सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। उल्लेखनीय है कि आरुष ने हाल ही में विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन में भी पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है।

# केबी कॉलेज बेरमो में सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** प्रभारी प्राचार्य प्रो गोपाल प्रजापति की अध्यक्षता एवं नोडल पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके तहत कॉलेज प्रांगण में प्राचार्य ने शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र छात्राओं, एन एस एस के स्वयं सेवकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता की शपथ व संकल्प दिलवाया गया जिनमें दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, गति नियंत्रित रखने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने, गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग न करने आदि से बचाव रखने की शपथ ली गई। प्रभारी प्राचार्य प्रो गोपाल प्रजापति ने शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के मंत्र को आत्मसात करने की सलाह दी। सड़क सुरक्षा माह के नोडल पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार बताया सड़क सुरक्षा माह के तहत 01 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है जिसके तहत अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा जिम्मेदारी हमारी है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना व वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना इस आयोजन का उद्देश्य है। कॉलेज प्रांगण में शपथ का आयोजन किया गया। वहीं कॉलेज गेट पर बिना हेलमेट पहने और बिना सीट बेल्ट लगाए वाहनों चालकों को फूल माला पहनाकर उन्हें सुरक्षित होने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने बताया सड़क सुरक्षा का अनुपालन करना सभी के लिए अत्यंत जरूरी है। यातायात के नियमों का पालन न केवल हमारी सुरक्षा के लिए बल्कि हमारे परिवार व समाज के लिए भी जरूरी है। एन एस एस के स्वयं सेवकों ने पोस्टर स्लोगन भाषण निबंध के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। जिनमें कुमकुम कुमारी, आंचल कुमारी, रिचा प्रजापति, तस्लीम अख्तर, मो दिलबर, तनीषा प्रवीण, पीयूष मंडल, रुकसार परवीन, सुधांशु कुमार, मोहिनी कुमारी, कोमल कुमारी, हरिशचंद्र सिंह आदि रहे। मौके पर डॉ साजन भारती, डॉ शशि कुमार, डॉ विश्वनाथ प्रसाद, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधु, मो साजिद, दीपक कुमार राय, बालेश्वर यादव, शिव चन्द्र झा, कॉलेज के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# बेरमो अनुमंडल एसडीओ व बेरमो डीएसपी ने तेनुघाट छठ घाट दामोदर नदी पर वनभोज का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मुछवा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से तेनुघाट छठ घाट दामोदर नदी के तट पर सम्मान समारोह सह वानभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुमंडल अंतर्गत सातों प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ तथा सभी सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी सहित अनुमंडल कार्यालय में कार्य कर रहे लिपिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर तथा उपस्थित पत्रकारों को सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह सह वानभोज में डीएसपी एवं एसडीपीओ ने बताया कि बीते 2024 के चुनाव में सभी अधिकारी के सामूहिक सार्थक प्रयास से बिल्कुल शांति पूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न होने के बाद से मन में यह बात आई थी कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं पत्रकारों की मदद से अच्छे तरीके से चुनाव संपन्न हो पाया है। सभी अधिकारी, कर्मचारियों और प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं पत्रकार गण को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर पेटरवार बीडीओ संतोष कुमार महतो, सीओ अशोक राम, गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम, जरीडीह बीडीओ सीमा कुमारी, सीओ प्रणव ऋतुराज, बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत कुमार सिंह, चंद्रपुरा बीडीओ ईश्वर दयाल महतो, सीओ नरेश कुमार वर्मा, नावाडीह प्रखंड प्रशांत हेंब्रम, सीओ अभिषेक कुमार, गोमिया पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह, पेटरवार थाना प्रभारी राजुमुंडा, राजेश कुमार, अजीत कुमार सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

# यूजी सेमेस्टर-6 का रिजल्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विवि ने बुधवार को यूजी सेमेस्टर-6 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। उक्त परीक्षा में कुल 25131 परीक्षार्थी शामिल हुये थे, जिसमें से कुल 95.58 फीसदी छात्र सफल हुए। आर्ट्स ऑनर्स विषयों में कुल 96.71 प्रतिशत, वाणिज्य ऑनर्स में 86.83 प्रतिशत तथा विज्ञान ऑनर्स में 90.58 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए वहीं कला और वाणिज्य के पास कोर्स में क्रमशः 71.01 और 85.71 फीसदी छात्र सफल हुए। उक्त परिणाम गुरुवार से विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। परीक्षा परिणाम जारी करते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह ने कहा कि विवि में तालाबंदी तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि यूजी सेमेस्टर-6 का परिणाम प्रकाशित किया जा सका। मालूम हो कि विवि में चल रही हड़ताल व तालाबंदी के कारण कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने छात्रहित को ध्यान में रखते हुए यूजी सेमेस्टर-6 की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन दुमका के महरो स्थित संत जेवियर्स कॉलेज में केंद्र बनाकर कराया था तथा उक्त सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा संबद्ध कॉलेज में ली गई थी। उसी का नतीजा है कि बुधवार को यूजी सेमेस्टर-6 का रिजल्ट प्रकाशित हो सका, अन्यथा माना जा रहा था कि रिजल्ट प्रकाशित होने में कम से कम एक माह और लग जाता। विवि के परीक्षा ओएसडी डॉ इंद्रनील मंडल ने बताया कि सभी लंबित परीक्षाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए परीक्षा विभाग तेजी से काम कर रहा है।

## पेज एक का शेष

### भगदड़, 30 की...

मेला मार्ग पर भीड़ बेकाबू हो गयी : वैभव कृष्ण ने बताया कि ब्रह्म मुहुर्त से पूर्व प्रातः एक से दो बजे के बीच मेला क्षत्र में अखाडा मार्ग पर भारी भीड़ का दवाब बन गया। दूसरे शाही स्नान के लिए काफी संख्या में लोग संगम नोज पर मौजूद थे। भीड़ के इस दवाब में दूसरी ओर के बेरीकेड टूट गये और लोग बेरीकेड फांद कर दूसरी ओर आ गये। वहां श्रद्धालु ब्रह्म मुहुर्त का इंतजार कर रहे थे। भीड़ ने उन्हें नहीं देखा लोग उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गये। इससे हालात बिगड़ गये। मेलाधिकारी विजय किरन ने बताया कि अफवाह के कारण भगदड़ मची। प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करते हुए भीड़ को काबू में किया। एबुंलेंस से 90 घायलों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन इसमें 30 श्रद्धालु की मौत हो गयी।

### अखाड़ों का अमृत स्नान शांतिपूर्ण

उन्होने बताया कि स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी पूज्य संतो, महामंडलेश्वरों से आग्रह किया गया है कि वे इस अमृत स्नानों के भागीदार बने। श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए अखाड़ों ने अमृत स्नान किया जो सकुशल संपन्न हो गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया है।

**तीनों शंकराचार्यो ने एक साथ किया स्नान :**तीनों शंकराचार्य द्वारका पीठ के स्वामी सदानंद सरस्वती, ज्योतिषपीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और श्रृंगेरी मठ के विधु शेखर भारती ने एक साथ संगम में स्नान किया। निरंजन और आनंद अखाड़ा के साधु संत अमृत स्नान के लिए पहुंचे हैं. जिसमें महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि भी रथ पर सवार होकर पहुंचे। त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रहे साधु-संतों पर पुष्प वर्षा की गयी।

**राष्ट्रपति ने कहा घटना अत्यंत दुखद :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी महाकुंभ हादसे पर दुख जताया। उन्होंने ट्वीट में कहा, महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं। ईश्वर से प्रार्थना है सभी घायल शीघ्र ही स्वस्थ हों।

### उच्च शिक्षा में बेहतर ...

हर वर्ष कम से कम तीन शिक्षक-छात्रों व संस्थानों को यह पुरस्कार दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त सभी पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा स्मारिका दिया जायेगा। खोज समिति इसके लिये अनुशंसा करेगी। पुरस्कार के लिए विभिन्न विषयों में संस्थानों की भागीदारी रहेगी। अर्थशास्त्र में नेशनल इंसटीच्यूट ऑफ पब्लिक फाइनांस एंड पॉलिसी, नई दिल्ली सोशल साइंस में जेएनयू दिल्ली व अप्लॉयड सांइस में आइआइटी भुवनेश्वर, ट्राइबल भाषा के लियेमदयाल मुंडा ट्राइबल वेलफेयर रिसर्च संस्थान रांची, नॉन ट्राइबल में जेएनयू दिल्ल्, गणित व सांख्यिकी में इंडियन सांख्यिकी संस्थान कोलकाता जैसे संस्थान होंगे। शिक्षकों के लिए पुरस्कार के लिए न्यूनतम अवधि छह वर्ष व आवेदन करने की अधिकतम अवधि 70 वर्ष होनी चाहिये।

### जमीन के पेपर...

सीएम ने इन दोनों स्टार हॉकी खिलाड़ियों को हरमू आवासीय कॉलोनी के प्लॉट नंबर 10 बी तथा 10 ए में 3750-3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन की हस्तगत प्रतियां आवास निर्माण के सौंपी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ी बेटियों का सम्मानित किया जा रहा है। हमारी बेटियों ने अपने हुनर और काबिलियत से सिर्फ राज्य का ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। अपने प्रदर्शन की बदौलत कई बार हमारी बेटियों ने लोगों को आश्चर्यचकित किया है । झारखंड जैसे पिछड़े और आदिवासी बहुत क्षेत्र में इतनी बड़ी सफलता हासिल की। दोनों स्टारों को रांची में भूखंड देने का निर्णय हमारी सरकार का ही था। आज ये वादा हम पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले झारखंड सिर्फ खनिज संपदाओं के लिए ही पहचाना जाता था। हमारा मानना है कि हमारी पहचान सिर्फ खनिज संपदायें नहीं बल्कि एक बेहतर मानव संसाधन एवं स्टार खिलाड़ियों के रूप में भी हो। हमारी सरकार ने राज्य में एक बेहतर खेल पॉलिसी बनाकर खिलाड़ियों को हर संभव मदद और प्रोत्साहित कर रही है।

**सीएम के प्रति जताया आभार :** इस मौके पर सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों ने कहा कि आज बहुत अच्छा लग रहा है। मुख्यमंत्री ने जो वादा किया था, उन्होंने पूरा किया। इस अवसर पर पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक राजेश कच्छप, भूषण बाड़ा, मुख्य सचिव अलका तिवारी, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, पर्यटनए कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### चाईबासा में मुठभेड़ ...

अनल की सुरक्षा के लिए वह हाथों में इंसास राइफल लेकर घुमा करती थी। हेमंती का पूरा नाम हेमंती मझियां है। वह बोकारो जिला की रहने वाली थी। **नक्सलियों का जल्द होगा सफाया : डीजीपी :** सुरक्षा बलों की सफलता पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नक्सलियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये नक्सली नहीं गुडे हैं। यदि नक्सली सरकार की अपील पर मुख्यधारा में नहीं लौटते हैं, तो सुरक्षाबलों के जवान उन्हें शीघ्र ठिकाने लगा देंगे।